राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com




# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 100, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली गुरुवार 26 अक्टूबर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

## मुख्य अपडेट

खुद का जानना और खुद में आनंदित रहना ही जीवन जीने का आसान उपाय : एमके सेठ

.... पेज 03

लिव-इन में रह रही प्रेमिका ने प्रेमी संग सुसाइड किया, लड़की मुस्लिम, लड़का हिंदू, एक ही

.... पेज 05

गोबिंद सागर झील वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों के लिए नोटिफाई : सीएम सुक्खू

.... पेज 07

## मुंबई-दिल्ली में बढ़ा वायु प्रदूषण

नई दिल्ली। शरीर को स्वस्थ बनाये रखने के लिए लोग खुली हवा में सांस लेने के लिए बाहर निकलते हैं, लेकिन फिलहाल राजधानी दिल्ली की सड़कें हों या फिर मुंबई की इनपर निकलना आम जनता के लिए किसी बीमारी को दावत देने से काम नहीं है। राजधानी दिल्ली के कई इलाकों में एक्यूआई 300 के पर चला गया है। एक्यूआई यानी समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक आज सुबह 303 तक पहुंच गया। जोकि बहुत खराब श्रेणी में है। बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण दिल्ली में रह रहे लोगों को कई स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सर्दियां शुरु होने से पहले ही राजधानी दिल्ली की हवा में प्रदूषण और धुंध की चादर बिछने लगी है। इसके अलावा मुंबई शहर के कई इलाकों में धुंध की मोटी परत अभी से दिखाई देने लगी है। मुंबई में 24 अक्टूबर को एयर क्वालिटी का आंकड़ा 163 एक्यूआई तक पहुंच गया है. काफी ज्यादा संख्या में लोगों के बीच से खांसी और वायरल इंफेक्शन की शिकायतें आ रही हैं.नगर निगम मुंबई में अलग-अलग जगहों पर एंटी स्मॉग गन और वॉटर स्प्रिंकर्ल से धूल -मिट्टी कम करने की कोशिश कर रहा है. इसको लेकर बीएमसी द्वारा गाइडलाइन भी जारी की गई है। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 के बीच को संतोषजनक, 101 से 200 को मध्यम, 201 से 300 को खराब, 301 से 400 को बहुत खराब और 401 से 500 के बीच एक्यूआई को गंभीर माना जाता है।

# एनसीईआरटी की किताबों में इंडिया को भारत करने की सिफारिश

## हिंदू योद्धाओं की जीत की कहानियां शामिल करने का भी सुझाव दिया

नई दिल्ली। नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग की किताबों में जल्द ही इंडिया की जगह भारत लिखा नजर आ सकता है। दरअसल, एनसीईआरटी अपने सिलेबस में नई शिक्षा नीति के तहत बदलाव कर रहा है। इसके लिए 19 सदस्यों की एक कमेटी बनाई गई थी। इस कमेटी ने ही देश का नाम इंडिया के बजाय भारत लिखने का सुझाव दिया है। साथ ही सिलेबस से प्राचीन इतिहास को हटाकर क्लासिकल हिस्ट्री को और हिंदू योद्धाओं की जीत की



कहानियों को शामिल करने की सिफारिश की है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कमेटी के अध्यक्ष सीआई आईजैक ने 25 अक्टूबर को बताया कि भारत का जिक्र विष्णु पुराण जैसे ग्रंथों में है, जो 7 हजार साल पुराने हैं। इंडिया नाम आमतौर पर ईस्ट इंडिया कंपनी और 1757 के प्लासी के युद्ध के बाद इस्तेमाल होना शुरू हुआ। ऐसे में देश के लिए भारत नाम का ही इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

### सिलेबस में क्लासिकल हिस्ट्री शामिल करने के पीछे तर्क

आईजैक ने एनसीईआरटी के सिलेबस में क्लासिकल हिस्ट्री शामिल करने के पीछे तर्क दिया- अंग्रेजों ने भारतीय इतिहास को प्राचीन, मध्यकालीन और आधुनिक में बांट दिया। प्राचीन इतिहास बताता है कि देश अंधेरे में था, उसमें वैज्ञानिक जागरूकता नहीं थी। हमारा सुझाव है कि बच्चों को मध्यकाल और आधुनिक इतिहास के साथ-साथ क्लासिकल हिस्ट्री भी पढ़ाई जानी चाहिए।

### मनोज झा बोले- संस्थानों का चरित्र देखकर हैरान हूं

राज्यसभा सांसद मनोज झा ने कहा कि मैं सरकार के अंतर्गत आने वाले संस्थानों का चरित्र देखकर हैरान हूं। जब से इंडिया गठबंधन बना हूं, तब से पीएम से लेकर मंत्रियों तक के अजीब रिएक्शन आ रहे हैं। वे तय ही नहीं कर पा रहे हैं कि इंडिया गठबंधन का मुकाबला कैसे करेंगे। अब एनसीईआरटी किताबों में इंडिया को बदलकर भारत करने की बात कर रही है, लेकिन आप अनुच्छेद 1 का क्या करेंगे जो कहता है कि इंडिया दैट इज भारत। मुझे समझ नहीं आ रहा है कि इसका क्या अर्थ है। अगर इंडिया गठबंधन अपना नाम बदलकर भारत कर लेता है तो वे क्या करेंगे।

# उत्तराखंड : वाहन खाई में गिरने से छह लोगों की मौत

## मरने वालों में एक ड्राइवर था, जबकि बाकी लोग आदि कैलास दर्शन करने आए थे

पिथौरागढ़/नैनीताल। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में बुधवार को एक पर्यटक वाहन के खाई में गिर जाने से चार पर्यटकों समेत कुल छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। शवों को बाहर निकालने के प्रयास किये जा रहे हैं।

पिथौरागढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह एक वाहन कुछ पर्यटकों को लेकर के उच्च हिमालयी क्षेत्र गुंजी से धारचूला आ रहा था। इसी दौरान चंपा मंदिर के पास खाई में गिर गया। इस दुर्घटना में चार पर्यटकों समेत कुल 06 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है।

सूचना मिलते ही धारचूला, पांगला थाना पुलिस के साथ ही हाईवे पेट्रोल यूनिट, राज्य आपदा प्रबंधन बल (एसडीआरएफ) एवं भारत तिब्बत




सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की टीम को मौके के लिए रवाना कर दिया गया है।

राहत और बचाव कार्य चलाया जा रहा है। मृतकों में चार पर्यटक बेंगलुरु के रहने वाले हैं जबकि दो स्थानीय व्यक्ति बताये जा रहे हैं। मृतकों में सत्यब्रदा पारैदा (59), नीलाला पन्नोल (58), मनीष मिश्रा (48), प्रज्ञा (52), हिमांशु कुमार (24) और विरेन्द्र कुमार (39) शामिल हैं।

### धारचूला से 23 किलोमीटर दूर हुआ हादसा

जिले की धारचूला तहसील में पांगला तंपा मंदिर के पास नेशनल हाइवे पर ये हादसा हुआ. गाड़ी में सवार सभी श्रद्धालु वापस गुंजी से धारचूला लौट रहे थे. बोलेरो केंपर में छह लोग सवार बताए जा रहे हैं. खबर की सूचना के बाद प्रशासन ने रेस्क्यू अभियान चलाने के लिए एसडीआरएफ एवं अन्य एजेंसियों को मौके पर रवाना किया. बरसात और मौसम खराब होने के चलते रेस्क्यू कार्य में परेशानी हुई. बुधवार को भी रेस्क्यू किया गया. जानकारी के मुताबिक सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई है. मरने वालों में एक ड्राइवर था, जबकि बाकी लोग आदि कैलास दर्शन करने आए थे.

उत्तराखंड पुलिस और एसडीआरएफ की टीमें हादसे के बाद देर रात तक टैक्सी में सवार लोगों की घने जंगल में तलाश करते रहे. हादसा इतना भयानक था कि टैक्सी में सवार सभी छह लोगों की मौत हो जाने की संभावना जताई जा रही है. हालांकि पुलिस ने देर रात तक भी इसे लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है. बुधवार सुबह भी घाटी में शवों की तलाश में टीम भेजने की संभावना है. ये हादसे कैसे हुआ ? इस बारे में अभी तक पुलिस की तरफ से बयान नहीं आया है. फिलहाल मौके पर पुलिस के साथ ग्रामीण भी रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे हुए हैं. इस हादसे पर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने दुख जताया है।

## मोदी आज महाराष्ट्र और गोवा के दौरे पर

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरूवार को महाराष्ट्र और गोवा का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री दोपहर महाराष्ट्र में अहमदनगर जिले के शिरडी पहुंचेंगे, जहां वह श्री साईंबाबा समाधि मंदिर में पूजा और दर्शन करेंगे। वह मंदिर में नए दर्शन परिसर का भी उद्घाटन करेंगे। बाद में प्रधानमंत्री निलवंडे बांध का जल पूजन करेंगे और बांध के एक नहर नेटवर्क को राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

**विधानसभा चुनाव**



झुंझुनू जिले में आगामी राज्य विधानसभा चुनाव से पहले एक सार्वजनिक बैठक के दौरान राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कांग्रेस नेताओं प्रियंका गांधी वाद्रा, सचिन पायलट, सुखजिंदर सिंह रंधावा और अन्य के साथ।

# राजस्थान में युवक की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या

## युवक को 8 बार पहिए से रौंदा, लोग बचाने की जगह वीडियो बनाते रहे

**बयाना ( भरतपुर )।** राजस्थान के भरतपुर जिले में बयाना के अड्डा गांव में रास्ते के मामूली विवाद पर एक युवक की ट्रैक्टर से कुचल कर हत्या कर दी गई। आरोपी ने युवक पर 8 बार ट्रैक्टर का पहिया चढ़ाया। इस दौरान वहां मौजूद लोग इस पूरे वाकये का वीडियो बनाते रहे। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति है। उधर,जिला कलेक्टर लोकबंधु ने घटनास्थल का दौरा कर ग्रामीणों से जानकारी ली है।



भरतपुर एसपी मृदुल कच्छावा ने रात 9 बजे प्रेस नोट जारी कर बताया- 35 साल के निरपत गुर्जर (मृतक) के भाई दामोदर गुर्जर (20) ने ही ट्रैक्टर चढ़ाकर हत्या की है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में दामोदर गुर्जर ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। दोनों पक्षों के बीच स्कूल की तरफ जाने वाले आम रास्ते से निकलने को लेकर विवाद चल रहा था। आज सुबह भी दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ। बहादुर और जनक पक्ष के लोगों ने निरपत गुर्जर पक्ष के घर आकर मारपीट की इसी झगड़े के तुरंत बाद निरपत पक्ष के लोगों ने अपने मुकदमे को मजबूत बनाने और दूसरे पक्ष को हत्या के मुकदमे में फंसाने के उद्देश्य से दामो उर्फ दामोदर गुर्जर ने अपने सगे भाई निरपत पर बार-बार ट्रैक्टर चढ़ाकर हत्या कर दी।

सदर थाना के एसएचओ जयप्रकाश परमार ने बताया- अड्डा गांव के बहादुर गुर्जर और अतर सिंह गुर्जर गुटों के बीच पिछले लंबे समय से रास्ते को लेकर विवाद चल रहा है। बुधवार सुबह करीब 8 बजे दोनों पक्ष फिर से आमने-सामने हो गए।

# आगरा में चलती पातालकोट एक्सप्रेस में आग

## 3 कोच पूरी तरह जले, 13 लोग अस्पताल में भर्ती; यात्रियों ने कूदकर बचाई जान

आगरा। आगरा में बुधवार को पातालकोट एक्सप्रेस के 3 जनरल कोच पूरी तरह जल गए। इसमें कुल 13 लोग घायल हुए हैं। इनमें से 7 लोग स्न्ह मेडिकल कॉलेज में, जबकि 6 यात्री सोलंकी हॉस्पिटल में भर्ती हैं। आग लगने के बाद कई यात्रियों ने ट्रेन से कूदकर जान बचाई। हादसा रेल मंडल में भांडई रेलवे स्टेशन के पास शाम 3.45 बजे हुआ। उस समय ट्रेन की स्पीड 70 से 80 किमी के बीच थी।

मौके पर रेलवे के अधिकारी और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंच गईं। गांववालों की मदद से आग पर काबू पाया गया। इसके बाद तीनों कोच को ट्रेन से अलग कर दिया गया। हालांकि, आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। स्न्ह मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. प्रशांत गुप्ता ने बताया कि ऐसे में भर्ती सभी 7 मरीजों की हालत नॉर्मल है। ये लोग 10 से 15



फीसदी झुलसे हैं।

### साढ़े तीन घंटे बाधित रहा ट्रैक

हादसे के बाद आगरा-भोपाल अप-डाउन ट्रैक बाधित हो गया। जाजऊ से मनिया सेक्शन की OHE लाइन बंद कर दी गई। इस कारण ट्रेनों का संचालन बंद हो गया। करीब साढ़े तीन घंटे बाद शाम साढ़े सात बजे ट्रैक को फिर से शुरू किया गया। इसके बाद ट्रेनों को गुजारा गया। अप और डाउन में वंदे भारत सहित करीब 20 ट्रेनें प्रभावित हुईं। वंदे भारत करीब दो घंटे तक आगरा कैंट स्टेशन पर खड़ी रही। बताया जा रहा है कि पहले तीसरी जनरल बोगी में आग लगी। इसके बाद यह दूसरे और फिर पहले नंबर की बोगी तक पहुंच गई। वहीं, रेलवे की PRO प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि सबसे पहले गार्ड ने धुआं उठता देखा। इसके बाद उसने डाइवर को इस बात की सूचना दी।

# भारत ने कनाडा के लिए फिर शुरू की वीजा सर्विस

## आज से सिर्फ 4 कैटेगरीज में अप्लाई कर सकेंगे

ओटावा। कनाडा के लोगों के लिए भारत सरकार ने एक बार फिर से वीजा सर्विस शुरू करने का फैसला लिया है। इंडियन हाई कमीशन ने बुधवार को ओटावा में कहा कि भारत 26 अक्टूबर से कनाडा में वीजा सर्विस को आंशिक रूप से शुरू करेगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल सिर्फ चार कैटेगरीज- एंट्री, बिजनेस, मेडिकल और कॉन्फ्रेंस में वीजा के लिए अप्लाई कर सकेंगे।

दरअसल, खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मुद्दे पर भारत और कनाडा के बीच बढ़े तनाव के बाद भारत ने 21 सितंबर को वीजा सर्विस सस्पेंड कर दी थीं।

### भारतीय डिप्लोमैटिक यूनिट को मिल रही धमकियों के बाद बंद हुई थी सर्विस

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता



अरिंदम बागची ने 21 सितंबर को कहा था कि कनाडा में हमारे डिप्लोमैटिक यूनिट को धमकियां मिल रही हैं। वे अपना काम नहीं कर पा रहे हैं। यही वजह है कि वीजा सर्विसेज सस्पेंड की गई हैं।

उन्होंने कहा था कि कनाडा आतंकियों को रहने और उनके मंसूबों को अंजाम देने की जगह दे रहा है।

## न्यूजक्लिक केस, प्रबीर की कस्टडी 2 नवंबर तक बढ़ी

**एजेंसी**

नई दिल्ली। विदेशी फंडिंग केस में न्यूज वेबसाइट न्यूजक्लिक के एडिटर-इन-चीफ प्रबीर पुरकायस्थ और ॥क्र प्रमुख अमित चक्रवर्ती की कस्टडी और 9 दिनों के लिए बढ़ गई है। दोनों को 2 नवंबर तक पुलिस हिरासत में भेजा गया है।

आज न्यायिक हिरासत खत्म होने के बाद दोनों को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया था। जहां दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने इनकी कस्टोडियल रिमांड की मांग की।

चीन से जुड़ी कंपनियों और संगठनों से फंडिंग लेकर चाइनीज प्रोपेगैंडा फैलाने के आरोप में प्रबीर पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती को 3 अक्टूबर को अरेस्ट किया गया था। दोनों सात दिनों तक पुलिस हिरासत में रहे।

फिर दिल्ली हाईकोर्ट ने 10 अक्टूबर को इन्हें 10 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इसके बाद पटियाला हाउस कोर्ट ने 20 अक्टूबर को दोनों की न्यायिक हिरासत की अवधि पांच दिनों के लिए बढ़ा दी थी।

## हाईटेक राइफल्स और चीनी ग्रेनेड बरामद

इंफाल। मणिपुर के वांगू लाइफाम इलाके में मंगलवार शाम 3: 30 बजे से 7: 30 बजे के बीच काकचिंग पुलिस ने सर्च आपरेशन चलाया। इस दौरान घरों और पहाड़ी से बड़ी संख्या में हाईटेक हथियार और चीनी ग्रेनेड बरामद किए गए। अधिकारियों ने आज सर्च ऑपरेशन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक ऐके 47, एक इंसास राइफल, 5 एसएलआर राइफल, एक .303 राइफल (मोडिफाइड), तीन .303 राइफल, दो एसबीबीएल, 11 HE ग्रेनेड, एक चीनी हैंड ग्रेनेड, एके-47 और इंसास राइफल की 1-1 खाली मैगजीन, स्क्रराइफल की 5 खाली मैगजीन, 6 डेटोनेटर, एक लोकल पाइप बम सहित कई हथियार मिले हैं। सर्च ऑपरेशन के दौरान वांगू लाइफाम चिंग्या के कई घरों को खंगाला। सुरक्षाबलों की टीम ने पहाड़ी पर जाकर भी तलाशी ली।

**चुनाव**

### राज्य आप प्रमुख 68.93 करोड़ रुपये की संपति के साथ सबसे अमीर

# मिजोरम चुनाव : 174 में से 112 उम्मीदवार करोड़पति

आइजोल। मिजोरम विधानसभा चुनाव के लिए मैदान में उतरे 174 उम्मीदवारों में से कुल मिलाकर 112 उम्मीदवार करोड़पति हैं, जिनमें आम आदमी पार्टी (आप) के प्रदेश अध्यक्ष एंड्रयू लालरेमकिमा पचुआउ लगभग 69 करोड़ रुपये की घोषित संपत्ति के साथ सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

एजेंसी को मिले उम्मीदवारों के हलफनामों के मुताबिक, 64.4 फीसदी उम्मीदवारों ने एक करोड़ रुपये या उससे अधिक की संपत्ति घोषित की है।

68.93 करोड़ रुपये की घोषित संपत्ति के साथ आप के मिजोरम अध्यक्ष एंड्रयू लालरेमकिमा पचुआउ




सबसे अमीर हैं। वह आइजोल उत्तर-3 निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं।

पचुआउ के बाद 55.6 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ कांग्रेस के आर वनलालट्लुआंगा (सेरछिप सीट) हैं, जबकि जोरम पीपुल्स मूवमेंट के एच गिन्जालाला (चम्फाई नॉर्थ) 36.9 करोड़ रुपये की घोषित संपत्ति के साथ तीसरे स्थान पर हैं। उनके हलफनामे के अनुसार उनकी आय का स्रोत व्यवसाय है। सेरछिप सीट से निर्दलीय उम्मीदवार रामह्लुन-एडेना सबसे गरीब हैं। उनके पास 1500 रुपये की चल संपत्ति है।

### भाजपा उम्मीदवार ने गलती से घोषित की 90 करोड़ की संपत्ति

चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किए गए अपने हलफनामे में, लॉन्टलाई पश्चिम से भाजपा उम्मीदवार जेबी रुआलछिंगा ने गलती से अपनी संपत्ति 90.32 करोड़ रुपये घोषित कर दी है। पार्टी ने निर्वाचन विभाग से इसमें सुधार की मांग की है।

2018 के विधानसभा चुनावों में, एमएनएफ के उम्मीदवार लालरिनेंगा सेलो (हाचेक) 100 करोड़ रुपये की घोषित संपत्ति के साथ सबसे अमीर थे, इसके बाद पार्टी के सहयोगी रॉबर्ट रोमाविया रॉयटे (आइजोल पूर्व-द्वितीय) थे, जिनके पास 44 करोड़ रुपये की संपत्ति थी।

हालांकि, इस बार सेलो की संपत्ति काफी कम होकर 26.24 करोड़ रुपये और रॉयटे की 32.24 करोड़ रुपये रह गई है।

16 महिला उम्मीदवारों में से, कांग्रेस उम्मीदवार मरियम एल. ह्मांगचल (लुंगलेई दक्षिण) 18.63 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ सबसे अमीर हैं।

# मोदी सरकार ने किसानों को दी बड़ी राहत

## उर्वरक पर मिलेगी 22 हजार करोड़ की सब्सिडी



नई दिल्ली। केंद्रीय कैबिनेट ने रबी सीजन के लिए फॉस्फेटयुक्त और पोटाशयुक्त उर्वरकों के लिए 22,303 करोड़ रुपये की सब्सिडी को मंजूरी दी है।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कैबिनेट मीटिंग के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि दुनिया में डीएपी की कीमतें बढ़ी हैं, लेकिन हमारी सरकार पहले की तरह ही किसानों को 1,350 रुपये प्रति बोरी की दर से डीएपी देना जारी रखेगी।

### रबी सीजन के लिए यह है कीमतें

अनुराग ठाकुर ने बताया कि आगामी रबी सीजन में नाइट्रोजन के लिए 47.2 रुपए प्रति किलो, फॉस्फोरस के लिए 20.42 रुपए प्रति किलो, पोटाश के लिए 2.38 रुपए प्रति किलो और सल्फर के लिए 1.89 रुपए प्रति किलो सब्सिडी प्रदान की जाएगी। इसके लिए कुल 22 हजार 303 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी गई है। उन्होंने कहा कि डाई-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) पुरानी दर के अनुसार 1350 रुपये प्रति बोरी ही मिलेगी। इसके अलावा नाइट्रोजन फास्फोरस और पोटेशियम (एनपीके) 1470 रुपये प्रति बोरी की कीमत पर मिलेगी।

### किसानों के हित में सरकार का फैसला- अनुराग ठाकुर

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुई कैबिनेट की बैठक में सरकार ने किसानों के हित में निर्णय लिया है।

किसान हितैषी सरकार ने फैसला किया है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ती हुई खादों की कीमतों का प्रभाव हम भारत के किसानों पर नहीं पड़ने देंगे।

नई दिल्ली
गुरुवार 26 अक्टूबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### निर्माण कार्यों को निर्धारित समय में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश



**गौतमबुद्धनगर।** डीएम मनीष कुमार वर्मा ने विकास कार्य को गति प्रदान करने के उद्देश्य से बोड़ाकी रेलवे स्टेशन व दादरी पहुंचकर डीएफसीसी, डीएमआईसी तथा सेतु निगम के प्रोजेक्ट का बहुत ही गहनता के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने दादरी के ग्राम पाली, चिटहैरा, कटहैरा आदि गांवों में डीएफसीसी, डीएमआईसी तथा सेतु निगम प्रोजेक्ट के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए की उक्त प्रोजेक्टों के लिए भूमि का अर्जन करते हुए सभी निर्माण कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि उक्त सभी प्रोजेक्टों को तय समय में पूरा किया जा सके। जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी भू0/अ0 बलराम सिंह, उप जिलाधिकारी दादरी आलोक गुप्ता, नगर मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र सिंह तथा संबंधित प्राधिकरण के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

### श्रीनगर में बहु-एजेंसी संयुक्त सुरक्षा बैठक में विभिन्न परिदृश्यों पर हुई चर्चा

श्रीनगर। इजरायल-फिलिस्तीन के बीच चल रहे संघर्ष के बीच बुधवार को सेना के श्रीनगर स्थित 15 मुख्यालय में एक उच्च स्तरीय बहु-एजेंसी संयुक्त सुरक्षा समीक्षा बैठक आयोजित की गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बैठक की सह-अध्यक्षता जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल के सलाहकार आर आर भटनागर और सेना के उत्तरी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने की। बैठक में राज्य के पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह, सेना के श्रीनगर स्थित 15 कोर कमांडर और खुफिया एजेंसियों के प्रमुख और केंद्र शासित प्रदेश के सुरक्षा बलों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। श्रीनगर स्थित रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल एमके साहू ने कहा कि बैठक मध्य पूर्व संकट की पृष्ठभूमि में केंद्र शासित प्रदेश में सुरक्षा के समन्वय और रणनीति बनाने के लिए आयोजित की गई थी। प्रवक्ता ने कहा, मध्य पूर्व की स्थिति पर विचार-विमर्श किया गया और विभिन्न आकस्मिक परिदृश्यों पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि सर्दियों के मौसम की शुरुआत के संबंध में क्षेत्र में सुरक्षा की बारीकियों पर भी चर्चा हुई। बैठक में आने वाली सर्दियों में घुसपैठ रोधी (सीआइ) और आतंकवाद रोधी (सीटी) को बढ़ाने की कार्रवाइयों पर चर्चा की गई।

### ओडिशा में ओरल कैंसर स्क्रीनिंग किट व्यावसायिक उत्पादन के लिए तैयार

भुवनेश्वर। ओडिशा के भुवनेश्वर में शिक्षा ओ अनुसंधान डीम्ड यूनिवर्सिटी (एसओए) के एक संकाय द्वारा पेटेंट कराया गया एक ओरल कैंसर स्क्रीनिंग किट अब व्यावसायिक उत्पादन के लिए तैयार है। इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज (आईडीएस), एसओए के दंत विज्ञान संकाय में ओरल पैथोलॉजी और माइक्रोबायोलॉजी विभाग में प्रोफेसर डॉ. स्वागतिका पांडा, जिन्होंने अत्याधुनिक ओरल कैंसर स्क्रीनिंग किट विकसित की थी और इसका पेटेंट कराया था, ने इसे उत्पादन और विपणन के लिए मुंबई स्थित एक दवा कंपनी को स्थानांतरित कर दिया है। सहयोग को टीबीआई में प्रौद्योगिकी हस्तांतरण अधिकारी डॉ. अमरेश पांडा द्वारा सुगम बनाया गया था। मौखिक कैंसर स्क्रीनिंग किट, जिसने अत्यधिक ध्यान आकर्षित किया है, डीबीटी के तत्वावधान में जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद (बीआईआरएसी) द्वारा प्रदान किए गए जैव प्रौद्योगिकी इग्निशन ग्रांट (बीआईजी) के समर्थन से विकसित किया गया था। आईडीएस में ओरल सर्जरी विभाग, ओरल मेडिसिन और रेडियोलॉजी विभाग और ओरल पैथोलॉजी विभाग में किए गए अवलोकन अध्ययनों के माध्यम से नवाचार की नैदानिक प्रभावशीलता का कठोरता से प्रदर्शन किया गया था।

### जालंधर की अनाज मंडियों में 3.51 टन से अधिक धान की आमद, 680 करोड़ का किया भुगतान

जालंधर। पंजाब में जिला जालंधर सभी 81 अनाज मंडियों में मंगलवार तक कुल 3,51,488 टन धान की आमद हुई है, जिसमें से 3,44,271 टन फसल की खरीद विभिन्न खरीद एजेंसियों द्वारा की जा चुकी है। जिला उपायुक्त विशेष सारंगल ने बुधवार को बताया कि पनग्रेन द्वारा 1,28,179 टन, मार्कफेड द्वारा 84,164 टन, पनसप द्वारा 95,579 टन, पंजाब स्टेट वेयरहाउस कॉरपोरेशन द्वारा 35,583 टन और निजी व्यापारियों द्वारा 767 टन धान खरीदा गया है। उन्होंने कहा कि मंडियों में धान की खरीद के साथ किसानों को 72 घंटे के निर्धारित समय के भीतर भुगतान किया जा रहा है ताकि किसानों को कोई असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि अब तक 2,26,412 टन फसल की उठान निर्धारित समय के अंदर की जा चुकी है। इसके अलावा किसानों को खरीदी गई फसल के लिए 680 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन धान की सुचारु एवं व्यवस्थित ढंग से उठान एवं ख़रीद संचालित करने के लिए वचनबद्ध है।

### राष्ट्रीय दृष्टिहीन संघ का प्रदर्शन, मांगे नहीं मानी तो सचिवालय का करेंगे घेराव

शिमला। राष्ट्रीय दृष्टिहीन संघ ने अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संघ ने मांगों को लेकर उपायुक्त कार्यालय के बाहर धरना दिया। उन्होंने कहा कि अगर उनकी मांगे नहीं मानी तो यह धरना अनिश्चितकालीन रूप ले लेगा। राष्ट्रीय दृष्टिहीन संघ के हिमाचल प्रदेश के महासचिव देवाचंद्र नेगी ने कहा कि सरकार ने बैकलॉग से भर्तियों का फैसला लिया है, लेकिन यह त्रुटिपूर्ण है। सरकार को रोजगार मेला लगाकर सभी को रोजगार देना चाहिए। जिनकी आयु 35 वर्ष हो गई है व गरीब असहाय की आयु में रिलेक्सेशन की अधिसूचना जारी कर दी गई है, लेकिन इसे लागू नहीं किया गया है। सरकार को चाहिए की इसे जल्द लागू करें। उन्होंने कहा कि सेवानिवृति की उम्र पूर्व भाजपा सरकार ने 60 से 58 कर दी थी, जबकि पूर्व वीरभद्र सरकार में इसे बढ़ाया गया था। अब सरकार से मांग है कि इसे फिर से 60 वर्ष किया जाए। सरकार अगर उनकी मांगे नहीं मानती है तो सचिवालय का घेराव करेंगे और उनका धरना भी जारी रहेगा।

### मुख्य सचिव पर सरकार के प्रतिनिधि के तौर पर कार्य करने का आरोप

जयपुर। राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्य की मुख्य सचिव उषा शर्मा पर प्रदेश में आचार संहिता लागू होने के बाद भी सरकार के प्रतिनिधि के तौर पर कार्य करने का आरोप लगाते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा है। नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को यहां मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता को ज्ञापन सौंपा है। प्रतिनिधिमंडल में श्री राठौड के साथ चुनाव प्रबन्धन समिति के संयोजक नारायण पंचारिया, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रवण सिंह बगडी, चुनाव प्रबन्धन समिति के सह संयोजक राजेन्द्र सिंह शेखावत तथा प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज शामिल रहे। राठौड ने प्रेसवार्ता कर इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि चुनाव आयोग की ओर से समय समय पर जारी किए परिपत्रों में निर्देशित किया गया है कि जिन अधिकारियों का सेवाकाल बढाया गया है वे चुनाव संबंधित किसी भी कार्य से जुड़े नहीं रह सकते। राजस्थान में चुनाव के समय आचार संहिता की पालना में मुख्य सचिव की मुख्य भूमिका रहती है। चुनाव आयोग की ओर से जो स्क्रिनिंग कमेटी बनाई गई है उसमें पूरा नियंत्रण चैयरमेन के तौर पर मुख्य सचिव के पास ही रखा गया है। इस कमेटी में विभिन्न विभागों के अधिकारी भी शामिल हैं।

# निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में बैठक संपन्न

## जिला मजिस्ट्रेट व जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक



**गौतमबुद्धनगर।** भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप अर्हता तिथि 01.01.2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर आज जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभागार में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि एकीकृत मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन 27 अक्टूबर 2023 को, दावे एवं आपत्ति प्राप्त करने की तिथि 27 अक्टूबर से 9 दिसंबर 2023 तक तथा विशेष अभियान 04.11.2023, 05-11-2023, 25.11.2023, 26.11.2023, 02.12.2023 एवं 03.12.2023 को चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण 26 दिसंबर 2023 को व निर्वाचन नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 5 जनवरी 2024 को किया जाएगा। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने के लिए फॉर्म 6, मतदाता सूची में विद्यमान निर्वाचन के अपमार्जन के लिए व मतदाता सूची में नाम हटाने के लिए फॉर्म 7 तथा संशोधन के लिए फॉर्म 8 भरते हुए संबंधित बीएलओ/निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि राजनैतिक दलों की सहभागिता बढ़ाने तथा पुनरीक्षण के कार्य में उनका सक्रिय सहयोग प्राप्त करने के लिए आयोग द्वारा बूथ लेवल एजेन्ट्स की व्यवस्था बनायी गयी है तकि उन्हें जनता तथा बी.एल.ओ. को सहयोग करने का पूरा मौका मिल सके।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बूथ लेवल एजेन्ट्स द्वारा एक बार में 10 दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि में कुल 30 फार्म आवश्यक घोषणा पत्र के साथ जमा कराये जा सकते हैं। निर्वाचक नामावलियों के उक्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के महत्व को दृष्टिगत रखते हुए प्रत्येक बूथ पर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से अपने दल के बूथ लेवल एजेन्ट्स की नियुक्त निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराते हुए उक्त कार्यक्रम में सहयोग अपेक्षित है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं के लिए आनलाइन पोर्टल https://voters eci.gov.in एवं मोबाइल एप Voter Helpline App की व्यवस्था की गयी है, जिस पर सम्बन्धित व्यक्ति आनलाइन अपना फार्म भर सकते हैं। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगणों का आह्वान करते हुए यह भी कहा कि अपने स्तर से भी जनता को आनलाइन पोर्टल एवं मोबाइल एप द्वारा फार्म भरे जाने के लिए प्रोत्साहित करें।

## युवाओं को नौकरी व महिलाओं को 1500 की गारंटी में से कुछ नही हुआ



शिमला। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा की हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस नेताओं प्रियंका गांधी वाड्रा व अलका लांबा की ओर से युवाओं को लेकर जो सबसे बड़ी घोषणा की गई थी कि कांग्रेस के सत्ता में आते ही पांच लाख युवाओं को रोजगार और ये पहली कैबिनेट बैठक में करने की घोषणा थी, कई बैठक हो गई फिर भी अबतक कुछ नहीं हुआ।

पात्रा ने कहा कि प्रियंका वाड्रा जी द्वारा घोषणा की गई थी कि 22 लाख महिलाओं को 1500 रुपए मुआवजा देंगे, पर कुछ नहीं हुआ। बल्कि 1150 रुपए और 1350 रुपए हिमाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की जयराम ठाकुर सरकार जो महिलाओं को पेंशन दे रही थी उसे बढ़ाकर 1500 कर दिया। कांग्रेस ने कहा था कि आतिरिक 22 लाख महिलाओं को भी भुगतान किया जाएगा, मगर अब तक कुछ नहीं हुआ। कांग्रेस ने कहा कि 300 यूनिट बिजली फ्री देंगे पर कुछ नहीं हुआ, उल्टा जो मुफ्त 125 यूनिट जयराम ठाकुर की सरकार हिमाचल प्रदेश में दे रही थी उसे भी रोक दिया गया। युवाओं के लिए 680 करोड़ रुपए का स्टार्टअप फंड शुरू करने की घोषणा भी की गई थी, मगर उसका अंजाम भी कुछ नहीं हुआ।

पात्रा ने कहा की प्रियंका और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था कि हिमाचल प्रदेश में मोबाईल क्लीनिक से हर गाँव में हम मुफ्त इलाज पहुंचाएंगे मगर अंजाम कुछ नहीं हुआ। पशुपालकों से हर दिन 10 लीटर दूध खरीदेंगे यह हिमाचल प्रदेश में काँग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में कहा था, परंतु कुछ नहीं हुआ। युवाओं ने अनुरोध किया, ट्विटर पर हैशटैग चलाये मगर कुछ नहीं हुआ। कांग्रेस ने वादा किया कि दो रुपए किलो गोबर खरीदा जायेगा, ये जो लोग गोवंश के खिलाफ थे दबाव में आकर बोले थे दूध खरीदेंगे गोबर खरीदेंगे उसका भी कुछ नहीं हुआ।

## तमिलनाडु सरकार के कर्मचारियों के डीए में की चार फीसदी की वृद्धि



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन ने बुधवार को राज्य सरकार के कर्मचारियों और शिक्षकों में मिलने वाले महंगाई भत्ता में चार फीसदी की वृद्धि करने की घोषणा की। इसके बाद सरकारी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 42 प्रतिशत की बजाय 46 प्रतिशत मिलेगा और यह एक जुलाई से प्रभावी होगा। यहां एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि बढ़ोतरी कुछ दिन पहले केंद्र सरकार द्वारा की गई घोषणा के अनुरूप है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि राज्य सरकार गंभीर वित्तीय संकट का सामना करने के बावजूद कर्मचारियों के अनुरोधों पर विचार कर रही है और जब-जब केंद्र सरकार की ओर से कर्मचारियों का डीए बढ़ाया गया, तब-तब तमिलनाडु सरकार ने भी अपने कर्मचारियों के डीए में बढ़ोतरी की है।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि केंद्र सरकार की हालिया बढ़ोतरी के बाद तमिलनाडु सरकार ने भी अपने कर्मचारियों और शिक्षकों को मिलने वाले डीए को 42 से बढ़ाकर 46 प्रतिशत कर दिया है। श्री स्टालिन की घोषणा से लगभग राज्य सरकार के 16 लाख कर्मचारियों, शिक्षकों, पेंशनभोगियों और पारिवारिक पेंशनभोगियों को लाभ होगा। विज्ञप्ति में कहा गया है कि सरकार इस संबंध में 2,546.16 करोड़ रुपये का अतिरिक्त व्यय करेगी और अपने कर्मचारियों तथा शिक्षकों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त धन आवंटित करेगी।

## घायल दो और बच्चों ने तोड़ा दम; मरने वालों का आंकड़ा हुआ सात

### यमुना एक्सप्रेसवे पर हुआ था हादसा



ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार रात को हुए भीषण हादसे में ईको सवार घायल तीन बच्चों में से दो की मौत हो गई है। इससे मरने वालों की संख्या सात हो गई है, जबकि एक घायल सफदरजंग अस्पताल में जीवन के लिए संघर्ष कर रहा है।

सोमवार देर रात दिल्ली के अस्पताल में बिजेंद्र के बेटे आर्यन (10) व मंगलवार दोपहर बिजेंद्र के भतीजे सूरज (16) ने दम तोड़ दिया। पुलिस का कहना है कि जिस बड़े वाहन से 119 किमी की रफ्तार से चल रही ईको टकराई थी वह वाहन या तो खड़ा था या धीमी गति से चल रहा था, लेकिन अब तक आरोपी चालक व वाहन का पुलिस सुराग नहीं लगा पाई है।

पुलिस के अनुसार, दिल्ली निवासी बिजेंद्र रिश्तेदार की मौत की खबर सुनकर झारखंड जा रहा था। यमुना एक्सप्रेसवे पर रबूपुरा क्षेत्र में फलैदा कट के पास कार किसी अज्ञात वाहन से टकरा गई थी।

हादसे में ईको में सवार दंपती बिजेंद्र बैठा (36), पत्नी कांति देवी (30), बेटी ज्योति (12), बड़े भाई रामप्रीत (38), दोस्त सुरेश (45) की मौत हो गई। जबकि बिजेंद्र के बेटे आयुष (8), आर्यन (10) और उपेंद्र के बेटे सूरज (16) को जेवर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

सोमवार शाम तीनों को हालत में सुधार नहीं होने पर सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया था। बिजेंद्र के रिश्तेदार बब्बन ने बताया कि आर्यन और सूरज की भी मौत हो गई है। हादसे में घायल बिजेंद्र के बेटे आयुष की हालत भी चिंताजनक बनी हुई है।

#### गिरफ्तारी तो दूर आरोपी की पहचान न होने से उठ रहे सवाल

पुलिस यमुना एक्सप्रेसवे की सुरक्षा चाक चौबंद होने का दावा करती रही है। फलैदा कट के पास पुलिस गश्त का भी दावा किया जाता है। ईको की रफ्तार हादसे से कुछ देर पहले 119 किमी थी। ऐसे में पूरा अंदेशा है कि जिस वाहन से ईको टकराई वह पीछे से क्षतिग्रस्त हुआ होगा। वह ओवरलोड भारी वाहन होगा अन्यथा उसकी हालत भी कार जैसी होती।

पुलिस का कहना है कि हादसा डिवाइडर के पास हुआ। अगर भारी वाहन धीमी या अपनी रफ्तार से चल रहा होता तो वह डिवाइडर या ओवरटेकिंग लाइन में नहीं होता। जेवर के सीसीटीवी की जांच में पीछे से क्षतिग्रस्त वाहन नहीं मिला है। ऐसे सवाल यह उठता है कि क्या वाहन फलैदा या साबोता कट से रबूपुरा क्षेत्र में ही गया है। अगर ऐसा हुआ है तो फलैदा कट के पास सक्रिय रहने वाली और रबूपुरा पुलिस अब तक आरोपी की पहचान क्यों नहीं कर पाई।

## 16 हजार परिवारों को बसाने का दायित्व बखूबी निभा रही सरकार



बिलासपुर। हिमाचल के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार 16 हजार परिवारों को फिर से बसाने का दायित्व बखूबी निभा रही है। उन्होंने कहा कि भारी बारिश एवं भूस्खलन से आई आपदा से प्रभावित जिला बिलासपुर के 1162 परिवारों को 8.97 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि वितरित की।

सुक्खू ने जिला बिलासपुर में आपदा के दौरान जिन 94 प्रभावित परिवारों के घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें पहली किश्त के रूप में 3-3 लाख रुपये प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने बिलासपुर सदर विकास खंड के अंतर्गत 404 परिवारों को 3.93 करोड़, घुमारवीं विकास खंड के अंतर्गत 532 आपदा प्रभावित परिवारों को 4.55 करोड़ रुपये, झंडूता विकास खंड के तहत 198 आपदा प्रभावित परिवारों को 1.21 करोड़ रुपये तथा स्वारघाट विकास खंड के अंतर्गत 28 आपदा प्रभावित परिवारों को 19.10 लाख रुपये जारी किए। आपदा के तीन महीने के भीतर राहत राशि बांटने की शुरूआत की गई है, जो लोगों के कल्याण के प्रति राज्य सरकार की भावना को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अभी राज्य की वित्तीय स्थिति पटरी पर लाने का प्रयास कर ही रही थी कि प्रदेश में भारी बारिश से भीषण आपदा की स्थिति पैदा हो गई। आपदा में उन्होंने स्वयं और मंत्रिमंडल के अन्य सदस्यों ने मोर्चा संभालते हुए राहत कार्यों का संचालन किया। उन्होंने कहा 48 घंटे में बिजली, पानी और मोबाइल सेवाओं को अस्थाई रूप से बहाल किया तथा 75 हजार पर्यटकों, 15 हजार गाड़ियों को सुरक्षित निकाला गया। रास्ते में फंसे हुए पर्यटकों के लिए फ्री खाने-पीने की सुविधा दी गई। उन्होंने कहा कि किसानों और बागबानों की फसल को मंडियों तक पहुंचाने के लिए सरकार के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दिन-रात प्रयास किए जो राज्य सरकार की कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बांध से अचानक पानी छोड़े जाने के कारण जिला कांगड़ा के फतेहपुर और इंदौरा में फंसे हुए 3000 लोगों को सुरक्षित निकाला गया।

उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान जब विशेष राहत पैकेज देने पर चर्चा शुरू हुई तो उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 16 हजार परिवारों को फिर से बसाने का दायित्व राज्य सरकार का है। इसी के दृष्टिगत आपदा प्रभावितों को राहत प्रदान करने के लिए राज्य सरकार ने 4500 करोड़ रुपये का विशेष पैकेज जारी किया है, जिसमें घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होने पर मिलने वाले मुआवजे को एक लाख 30 हजार से बढ़ाकर सात लाख रूपये किया गया है। इसके साथ ही बिजली व पानी के कनेक्शन फ्री प्रदान किए जा रहे हैं और घर बनाने के लिए सीमेंट प्रति बोरी 280 रुपये की दरों पर उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आपदा प्रभावित परिवारों को नि:शुल्क टीडी उपलब्ध करवाने पर भी विचार कर रही है।

## बब्बर ने 31 अक्टूबर को जंतर मंतर पर प्रदर्शन करने का किया एलान



जालंधर। ऑल इंडिया सिख कांफ्रेंस के अध्यक्ष गुरचरण सिंह बब्बर ने 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय राजधानी के जंतर मंतर पर प्रदर्शन करने का एलान किया है।

ऑल इंडिया सिख कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष बब्बर ने बुधवार को यहां जारी बयान में कहा कि प्रदर्शन दौरान नवंबर 1984 के सिख हत्याकांड पर बनी सभी जांच रिपोर्ट और कमीशन की रिपोर्ट को जलाया जाएगा, क्योंकि यह सब रिपोर्ट सिख कौम के साथ एक बहुत बड़ा धोखा था और किसी भी जांच रिपोर्ट ने सिखों को न्याय नहीं दिया।

बब्बर ने कहा है कि नवंबर 1984 कत्लेआम में शामिल सभी दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के नाम की सूची जलाई जाएगी और इसके लिए जिम्मेवार सभी कांग्रेस नेताओं की तस्वीरों को भी जलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस ने दंगों में मारे गए सिखों के शवों को बिना किसी संस्कार के दिल्ली के आसपास अरावली की पहाड़ियों में ले जाकर पेट्रोल डालकर फूंक दिया था। उन सभी दोषियों के खिलाफ अभी तक कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है।

## पर्यटकों की आमद बढ़ाने के लिए रेल कनेक्टिविटी जरूरी

शिमला। हिमाचल में पर्यटकों की आमद बढ़ाने के लिए मुंबई, चेन्नई और बेंगलुरु से चंडीगढ़ या फिर कालका तक रेल कनेक्टिविटी जरूरी है। महाराष्ट्र और गुजरात से बड़ी संख्या में पर्यटक हिमाचल आते हैं।

दक्षिण भारत पर्यटन की दृष्टि से एक और अच्छा बाजार है। कम रेल कनेक्टिविटी के कारण हिमाचल दक्षिण से पर्यटकों की आमद का दोहन नहीं कर सका। अहमदाबाद, मुंबई और बेंगलुरु, चेन्नई से रेल कनेक्टिविटी बढ़ाने की आवश्यकता है। वर्तमान में उपरोक्त शहरों से केवल एक ट्रेन चंडीगढ़ आती है।

साबरमती एक्सप्रेस अहमदाबाद से आती है और पश्चिम एक्सप्रेस मुंबई से सप्ताह में सातों दिन आती है, लेकिन दक्षिण से बेंगलुरु से सप्ताह में केवल एक बार और चेन्नई से सप्ताह में दो बार एक ट्रेन आती है। जबकि जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड में बहुत अच्छी रेल कनेक्टिविटी है। मुंबई, चेन्नई, हावड़ा, अहमदाबाद और बेंगलुरु आदि से। उपरोक्त शहरों से चंडीगढ़ के लिए दैनिक ट्रेन सेवा हिमाचल के पर्यटन के लिए एक बड़ा उछाल ला सकती है। हमारा सुझाव है कि मुंबई और चंडीगढ़ के बीच वंदे भारत ट्रेन शुरू करना समय की मांग है. इससे गुजरात से कनेक्टिविटी भी बढ़ेगी क्योंकि मुंबई चंडीगढ़ मार्ग सूरत और अहमदाबाद को कवर करता है।

दक्षिण भारत से हिमाचल में पर्यटकों को आकर्षित करने की काफी गुंजाइश है जिसके लिए चेन्नई और बेंगलुरु से ट्रेन सेवा को सप्ताह में सातों दिन संचालित करने की आवश्यकता है। पर्यटकों की आमद को प्रति वर्ष पांच करोड़ तक बढ़ाने का सरकार का लक्ष्य तभी साकार हो सकता है जब हवाई और रेल दोनों कनेक्टिविटी में सुधार किया जाए।

हम माननीय मुख्यमंत्री से वंदे भारत ट्रेन शुरू करने के लिए केंद्र के साथ मामला उठाने का आग्रह करते हैं। मुंबई से चंडीगढ़ और सप्ताह में सातों दिन चेन्नई और बेंगलुरु से ट्रेन चलाकर दक्षिण से ट्रेन कनेक्टिविटी को मजबूत करना।

### सहायक सब इंस्पेक्टर रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब में अजनाला के पुलिस उपाधीक्षक के रीडर के तौर पर तैनात सहायक उपनिरीक्षक राज कुमार को सतर्कता विभाग ने 17 हजार रुपए रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। राज्य सतर्कता ब्यूरो के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि उक्त एएसआई को अमृतसर जिले के अजनाला कस्बे के निवासी मोहन सिंह की शिकायत पर गिरफ़्तार किया है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने सतर्कता ब्यूरो को बताया कि एएसआई कुमार ने उसको अपने कार्यालय में बुला कर कहा कि उसके ख़िलाफ़ चोरी हुई सोने की वाली खरीदने की शिकायत मिली है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उक्त एएसआई ने पुलिस मुकदमे से बचने के लिए 50 हजार रुपए रिश्वत के तौर पर देने के लिए कहा परन्तु सौदा 35 हजार रुपए में तय हो गया। धमकियों से डरते शिकायतकर्ता इस मामले को सुलझाने के लिए रिश्वत देने के लिए सहमत हो गया परन्तु विजीलैंस ब्यूरो के पास भी शिकायत कर दी।

## राजस्थान की महिलाओं को सम्मान का पात्र नहीं समझती प्रियंका : राठौड़



जयपुर। राजस्थान में आगामी 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में जयपुर के झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से प्रत्याशी एवं सांसद तथा पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी पर महिला उत्पीड़न के मामलों में गिद्ध राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि वह प्रदेश की महिलाओं को सम्मान का पात्र नहीं समझती।

राठौड़ ने बुधवार को यहां प्रेसवार्ता के दौरान यह आरोप लगाते हुए झुंझुनूं दौरे पर आई श्रीमती प्रियंका गांधी से जनता की ओर से कई सवाल किए। उन्होंने दुष्कर्म, महिला उत्पीड़न, किसान आत्महत्या, दलित उत्पीड़न, किसानों की जमीन नीलामी, पेपर लीक, भ्रष्टाचार, बेराजगारी और प्रदेश में व्याप्त कांग्रेस की लूट को लेकर प्रियंका- राहुल पर इन सवालों के जरिये हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का संचालन करने वाले मुख्य परिवार की हस्ती प्रियंका वाड्रा आज राजनीतिक पर्यटन डिविजन पर राजस्थान के झुंझुनूं आई हैं। महिला सुरक्षा के अंदर ये लोग गिद्ध राजनीति करते हैं, राजस्थान के बाहर जब कोई महिला अपराध होता है तब ये लोग जमकर मीडिया में बयान बाजी करते हैं लेकिन जैसे ही राजस्थान का बॉर्डर आता है इनकी जबान पर ताला लग जाता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 35 हजार से ज्यादा दुष्कर्म की घटनाएं हुई लेकिन कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा ने यहां की महिलाओं की सुरक्षा को लेकर एक बयान तक दिया। क्या राजस्थान की महिलाएं प्रियंका वाड्रा और कांग्रेस के लिए सम्मान की पात्र नहीं है । इन लोगों की कथनी और करनी में मोटा फर्क सामने आता है।

उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जहां महिला सुरक्षा संरक्षण और उत्थान की दिशा में काम कर रहे हैं वहीं प्रियंका वाड्रा का लड़की हूं लड़ सकती हूं का नारा राजस्थान में आकर सिमट कर रह जाता है। प्रदेश में करीब दो लाख महिला उत्पीड़न की रजिस्टर्ड घटनाएं दर्ज होने के बावजूद प्रियंका वाड्रा राजस्थान क्यों नहीं आई। प्रदेश में 7700 निर्दोष नागरिकों की हत्या होती है लेकिन कांग्रेस की तरफ से किसी नेता ने संवदेना तक प्रकट क्यों नहीं की। श्री राहुल गांधी पिछले चुनावों में दस दिन में कर्जमाफी का वादा करके गायब हो गए और अब 1700 दिन बीत जाने पर प्रदेश की जनता उनसे सवाल पूंछती है कि कर्जमाफी क्यों नहीं हुई। कर्ज से तंग आकर प्रदेश में करीब 350 किसानों ने आत्महत्या कर ली लेकिन कांग्रेस सरकार मृतकों को किसान मानने से ही मना कर रही है।

## शार्ट न्यूज

### वायु प्रदुषण को लेकर गंभीर नहीं केंद्र



**नई दिल्ली ।** दिल्ली सरकार का आरोप है कि केंद्र सरकार राजधानी में वायु प्रदूषण को लेकर गंभीर नहीं है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली सरकार की कैबिनेट ने फैसला लिया कि वायु प्रदुषण को रोकने के लिए रियल टाइम सोर्स अपोर्शनमेंट स्टडी' की जरुरत है, इसके लिए आईआईटी कानपुर से स्टडी कराई गई, लेकिन अब डीपीसीसी ने ये स्टडी बंद करा दी गई है। दिसंबर में डीपीसीसी के चेयरमैन अश्वनी कुमार बनाये गए। पहले पर्यावरण विभाग का सचिव डीपीसीसी का चेयरमैन होता था। आप मंत्री आतिश ने बताया कि रियल टाइम सोर्सस अपोर्शनमेट स्टडी जिससे वायु प्रदूषण के स्त्रोतों को रियल टाइम में ट्रैक किया जा रहा था। स्त्रोत का पता लगने पर रियल टाइम में ही उचित कार्रवाई करने से प्रदूषण को फैलने से रोकने में मदद मिलती है। डीपीसीसी के चेयरमैन को बर्खास्त किया जाए इसके लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है।

### खुद का जानना और खुद में आनंदित रहना ही जीवन जीने का आसान उपाय : एमके सेठ



**गाजियाबाद।** दूरसंचार निगम के मुख्य महाप्रबंधक एवं मोटीवेशनल गुरु एमके सेठ ने कहा कि खुद को जानना और उसी में आनंदित रहना ही जीवन का असीम आनंद पाने का आसान उपाय है। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के विवेकानंद सभागार में लॉ के विद्यार्थियों को उन्होंने यह बात कही। वह 'असीम आनंद पाने का आसान उपाय' विषय पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। बतौर अतिथि वक्ता उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपने लक्ष्य को निर्धारित करके ही अपना मार्ग चुनें। सफलता तभी मिलेगी। सफलता पाने के लिए सुस्ती का त्याग करना होगा। रोजाना व्यायाम करें, स्वस्थ रहें और अपने गुरु एवं शिक्षकों की बताई बातों पर अमल करें। उन्होंने कहा कि जीवन में किसी से द्वेषभावना न रखें। सभी को एक समान समझें। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशक डॉ. अलका अग्रवाल ने एमके सेठ को संस्थान की ओर से स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। संचालन अमित पाराशर ने किया।

### मोदी नगर में 2 पागल कुत्तों का तांडव

मोदीनगर। मोदी नगर की गोविन्दुपरी कॉलोनी में दो पागल कुत्तों ने जमकर तांडव मचाया। कुत्तों ने 20 से अधिक लोगों को काटकर घायल कर दिया डर के कारण लोग अपने अपने घरों से नहीं निकल रहे है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में रैबिज का इजेक्शन लगाने के लिए पहुंचे। बताया जा रहा है कि दोनों कुत्ते पागल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि बुधवार सुबह दो कुत्तों ने अचानक लोगों ने हमला करना शुरू कर दिया। गोविन्दपुरी कॉलोनी में हनुमान चौक के पास जो भी व्यक्ति गुजर कुत्तों ने उन पर हमला कर घायल कर दिया। इतना ही नहीं कुत्तों ने 20 से अधिक लोगों को काटकर घायल कर दिया है। कुत्तों के काटने से मुकेश ,मोनू ,अनिल ,रजनी ,सतबीर ,रीना,अशोक ,अंकुश ,विपिन ,शिवा ,आकाश ,शिवदेव ,कोमल ,पप्पु सहित कई लोग घायल हुए है। नगर पालिका परिषद अभी तक कुत्तों को पकड़ा नहीं पाई है। डर के कारण लोगों अपने अपने घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे है। पालिका के अधिशासी अधिकारी ने बताया कि कुत्तों को पकड़ने के लिए टीम भेजी गई है। घायल लोगों ने सामुदायिक केन्द्र में रैबिज का इंजेक्शन लगवाने के लिए पहुंचे।

### क्यूआर कोड स्कैन कर करवा सकेंगे इलाज

**बुलंदशहर।** देश में ई-हॉस्पिटल सिस्टम के तहत कहीं भी इलाज कराने की सुविधा जल्द मिलने वाली है। इसके लिए जिले में जिला अस्पताल प्रशासन ने पहल शुरू कर दी है। अस्पताल प्रशासन ने पंजीकरण काउंटर पर आभा एप का क्यूआर कोड चस्पा कर दिया है। जिसे स्कैनकर मरीज अपना पंजीकरण स्वयं कर सकते हैं। इसके लिए एक काउंटर बनाया गया है। जिला अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन 1500 से 2000 मरीज प्राथमिक उपचार के लिए आते हैं। इन्हें पंजीकरण कराने के लिए लंबी लाइन में लगकर इंतजार करना पड़ता है। वहीं, काफी मरीज ऐसे भी होते हैं, जिनका उपचार लंबा चलता है। ऐसे में संबंधित मरीज पंजीकरण पर्चे का खो देता है तो उसे दोबारा बनवाना पड़ता है। इस परेशानी से बचने के लिए मरीज का पूर्ण ब्योरा अब आभा एप पर दर्ज होगा। इसके लिए जिला अस्पताल प्रशासन ने पहल शुरू कर दी है। मरीज अपने एंड्रायड या स्मार्ट फोन पर आभा एप डाउनलोड करके आधार नंबर से जैसे ही पंजीकरण करेंगे, उनकी ई-हेल्थ फाइल तैयार हो जाएगी। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन योजना के तहत आभा एप को यूजर इंटरफेस (यूआई) करते हुए अपग्रेड किया गया है।

### ठेकेदार ने कंपनी से सोना चुराया

नोएडा। सेक्टर-86 स्थित आभूषणों की कंपनी से 200 ग्राम सोना चोरी कर ठेकेदार फरार हो गया। आरोपी न तो कंपनी प्रबंधन की कॉल रिसीव कर रहा है न ही अन्य माध्यमों से उससे संपर्क हो पा रहा है। संबंधित कंपनी के पदाधिकारी की शिकायत पर फेज दो थाने की पुलिस ने आरोपी ठेकेदार के खिलाफ चोरी की धारा में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।शिकायत में मनोज कुमार ने बताया कि उसकी गोल्ड क्रप्ट इंटरनेशनल कंपनी में सोने के आभूषणों को बनाने का काम होता है। कंपनी में पश्चिम बंगाल का अभिजीत भोवभमि ठेकेदारी पर काम करता है। कंपनी उसको तोल और रसीद के साथ सोना देती और लेती थी। ऑर्डर के अनुसार वह सोना लेता और देता था। आरोप है कि 17 अक्टूबर को वह प्रबंधन से झूठ बोलकर गया कि वह अपनी पत्नी को रेलवे स्टेशन छोड़ने जा रहा है और दो घंटे में वापस आ जाएगा। दो घंटे बाद प्रबंधन के द्वारा जब अभिजीत को कॉल की गई तो उसने खुद का करोलबाग में शराब में धुत होना बताया और अगले दिन कंपनी आने की बात कही। अगले दिन जब दोपहर एक बजे तक वह नहीं आया तो कंपनी प्रबंधन को उस पर संदेह हुआ। वीडियो कॉल करने पर उसने बताया कि वह कलकत्ता से नोएडा वापस आ रहा है।

### डेंगू के 18 नए मरीज

नोएडा। स्वास्थ्य विभाग ने बुधवार को जिले में डेंगू के 18 नए मरीजों की पुष्टि की। इनमें से नौ का इलाज अस्पताल में चल रहा है। इनके घर और आसपास दवाओं का छिड़काव करा दिया गया है। जिले में अब मरीजों की कुल संख्या 924 हो गई है। ये अब तक एक साल में मिले सबसे ज्यादा मरीज हैं।मलेरिया विभाग ने मच्छर पनपने के स्थान मिलने पर इस सीजन में 143 नोटिस जारी किए हैं, जबकि 65,500 का जुर्माना ठोका है। इससे पहले सबसे ज्यादा डेंगू के मरीज 2021 में 637 मिले थे। जिले में अब तक डेंगू से एक डॉक्टर की मौत हुई है। वहीं, बाल चिकित्सालय में गाजियाबाद निवासी एक बच्चे की भी मौत हुई थी। जिला मलेरिया अधिकारी श्रुति कीर्ति वर्मा ने बताया कि डेंगू के मरीज लगातार मिल रहे हैं। ठंड बढ़ने के बाद मरीजों की संख्या में कमी आने की उम्मीद है। नए मरीजों की निगरानी की जा रही है।



केजरीवाल ने पूरा किया वादा

# 5000 सफाईकर्मी होंगे नियमित

नई दिल्ली। दिवाली से पहले पांच हजार सफाई कर्मचारी नियमित किए जाएंगे। एमसीडी सदन की शुक्रवार को होने वाली बैठक में सफाई कर्मचारियों को पक्का करने का प्रस्ताव पेश किया जाएगा। प्रस्ताव के मुताबिक, पूर्ववर्ती ईडीएमसी ने 18 अप्रैल 2013 को सदन में 5000 सफाई कर्मचारियों के पदों के सृजन का प्रस्ताव पास किया था और एक अप्रैल 1996 से 31 मार्च 1998 के दौरान भर्ती सफाई कर्मचारियों को एक अप्रैल 2013 से नियमित करने की अनुमति दी गई थी। बाद में ईडीएमसी ने 13 दिसंबर 2014 को एक और प्रस्ताव पारित किया, जिसमें कहा गया कि सफाई कर्मचारियों के नियमितीकरण की



तारीख एक अप्रैल 2013 की जगह एक अप्रैल 2004 कर दी गई है, लेकिन निगम की वित्तीय स्थिति लगातार खराब होने के कारण कर्मियों को नियमित नहीं किया गया। ये सफाई कर्मचारी पक्की नौकरी के लिए आए दिन निगम से मांग करते हैं।

फिलहाल, एमसीडी के एकीकरण और इसके चुनाव को करीब दस महीने बीत गए। मेयर का चुनाव होने के बाद भी एमसीडी की स्टैंडिंग कमेटी अब तक नहीं बनी। दिल्ली में निगम से जुड़े विकास से संबंधित आर्थिक व कानूनी फैसले नहीं हो पा रहे। अब सदन की बैठक में सफाईकर्मियों के हक में फैसला लिए जाने की खबर है। 583.10 करोड़ नियमितीकरण बकाया है।

प्रस्ताव में निगम के पुराने फैसलों से जुड़े तथ्य हैं, जिसके मुताबिक पांच हजार सफाई कर्मचारियों के नियमितीकरण के प्रस्ताव के पास होने की तारीख से अब तक 583.10 करोड़ रुपये निगम पर बकाया हैं। सफाई कर्मियों के बढ़े वेतन, सेवानिवृत्ति लाभ के लंबित बकाए का भुगतान एमसीडी ने नहीं किया है।

#### अब मिल सकती है पक्की नौकरी

सफाई कर्मचारियों को नियमितीकरण का बकाया मिलेगा या नहीं मिलेगा इसका फैसला निगम अपनी नीतियों से तय करेगा। पूर्ववर्ती निगमों ने जिन सफाई कर्मचारियों को पक्का करने का निर्णय लिया है, उन्हें पक्की नौकरी मिलने की अब संभावना बनी है। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने सफाई कर्मचारियों को पक्का करने के संकेत दिए हैं, जबकि सीएम अरविंद केजरीवाल ने हाल ही में कहा है कि निगम कर्मियों को हम जल्द पक्का करेंगे।

## 17 साल के किशोर की चाकू से हत्या, तीन हिरासत में

**नई दिल्ली ।** उत्तरी दिल्ली के तिमारपुर इलाके में महज लड़की से बात करने पर 17 साल के किशोर की चाकू से कई वार कर हत्या कर दी गई। मृतक की शिनाख्त आर्यन (17) के रूप में हुई है।

वारदात को दशहरा मेले के दौरान अंजाम दिया गया। हमले के दौरान मौके पर भगदड़ मच गई। शुरुआत में लोगों ने बीच-बचाव का प्रयास नहीं किया। लेकिन जब तक लोगों ने पीड़ित को आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया तब तक काफी देर हो चुकी थी।

आर्यन को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना के बाद नाराज लोगों की भीड़ तिमारपुर थाने पहुंच गई। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने समझा-बुझाकर लोगों को वापस भेजा। आर्यन के पिता ने 10 दिन पूर्व भी आरोपियों द्वारा धमकाने का आरोप लगाया है। पुलिस परिजनों के आरोपों की जांच कर रही है।

फिलहाल, तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त मनोज कुमार मीना ने बताया कि पुराने झगड़े का बदला लेने के लिए नाबालिग को मारा गया। मामले की जांच जारी है।

आर्यन के पिता ललित कुमार ने बताया कि मंगलवार रात करीब 8.15 बजे उनका बेटा दोस्तों के साथ घर के पास ही लगने वाले दशहरा मेले में गया था। इस बीच पड़ोस में रहने वाले छह-सात लड़कों ने उनके बेटे पर चाकू से हमला कर दिया। उसके सीने, पेट और सिर में आधा दर्जन से ज्यादा चाकू लगे।

## रेरा की कंसिलिएशन फोरम ने आवंटी को दिलाया कब्जा

**2014 में बिल्डर को दिए थे 41.92 लाख, भरपाई के लिए मिले 8.72 लाख**

नोएडा। उप्र. रेरा की कंसिलिएशन फोरम ने एक आवंटी की दो इकाइयों पर कब्जा दिलाया साथ ही देरी की भरपाई भी बिल्डर से कराई। दरअसल, दीपक भाम्बरी ने यूटीसी साफटेक प्रालि की गौतमबुद्ध नगर स्थित परियोजना यूटीसी साफटेक में अप्रैल 2014 में दो इकाई बुक कराई। एग्रीमेंट फॉर सेल के अनुसार बिल्डर को जुलाई 2017 में आवंटी को कब्जा देना था। इसके लिए आवंटी ने बिल्डर को 41 लाख 92 हजार रुपए लगभग 100 त्न भुगतान कर दिया। लेकिन आवंटी को तय समय पर इकाइयों पर कब्जा नहीं दिया गया।

आवंटी ने 2022 में उप्र रेरा में शिकायत (NCR144 /06/ 95385/2022) दर्ज की। सुनवाई के दौरान रेरा ने आवंटी के पक्ष में फैसला सुनाया। दोनों पक्षों के मध्य हुए समझौता हुआ। इसके बाद भी बिल्डर





ने रेरा के आदेश नहीं माना। आवंटी ने आदेश का कार्यान्वन सुनिश्चित करवाने के लिए पोर्टल पर ऑनलाइन आदेश का अनुपालन कराने का अनुरोध दर्ज किया था। कंसिलिएशन फोरम ने अग्रिम सुनवाई करते हुए प्राधिकरण को अवगत हुआ कि प्रमोटर को उक्त टावर का ओसी प्राप्त हो चुका है।

आवंटी को कब्जा देने का प्रस्ताव भी दिया था लेकिन विलम्ब अवधि के ब्याज की पुन: गणना का अनुरोध किया था। ऐसे में तय समय से छह साल बाद आवंटी को कब्जा मिला। साथ ही आवंटी को कब्जा मिलने में देरी होने पर ब्याज की राशि लगभग रुपए 8 लाख 72 हजार रुपए भी बिल्डर फर्म की ओर से दिए गए।

### दिल्ली की जहरीली हवा में मामूली सुधार

**नई दिल्ली।** दिवाली से पहले दशहरा का त्यौहार पर लोग जमकर खुशियां मनाते हैं। हर तरफ खूब रावण जलाए जाते हैं, आतिशबाजी की जाती है। इस बीच दिल्ली-एनसीआर में रहने वालों को प्रदूषण का डर सताने लगता है। लेकिन इस दशहरा रावण जलाने और पटाखे फोड़ने के बाद भी दिल्ली की एयर क्वालिटी पर कुछ खास असर दिखाई नहीं दिया। मंगलवार के मुकाबले बुधवार सुबह दिल्ली की एयर क्वालिटी में सुधार देखने को मिला है। सफर इंडिया के मुताबिक दिल्ली में समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 190 है, जो %मध्यम% श्रेणी में है। मंगलवार सुबह को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 303 दर्ज किया गया था। वहीं, नोएडा में समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 218 पर है, जो %खराब% श्रेणी में है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक, गाजियाबाद के इंदिरापुर में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 158 दर्ज किया गया। वहीं, गुरुग्राम सेक्टर 51 में एक्यूआई 268 दर्ज किया गया है। फरीदाबाद सेक्टर 11 में एक्यूआई 320 दर्ज किया गया है।

## रामलीला मैदान में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को नहीं मिली अनुमति

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने 29 अक्तूबर को रामलीला मैदान में होने वाली सार्वजनिक बैठक को अनुमति देने से इनकार कर दिया। इस बैठक में कार्यक्रम में करीब दस हजार लोग शामिल होने वाले थे। कोर्ट ने कहा कि पोस्टर से संकेत मिल रहा है कि कार्यक्रम सांप्रदायिक रंग ले सकता है और इसके परिणाम भी सांप्रदायिक हो सकत हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि त्योहारी सीजन खत्म होने के बाद याचिकाकर्ता संगठन वक्ताओं की एक सूची देकर और अधिकारियों को आश्वासन देकर नई अनुमति मांगने के लिए अधिकारियों से संपर्क कर सकता है। कार्यक्रम के परिणामस्वरूप तनाव नहीं होगा। यदि आवेदन प्राप्त होता है तो अधिकारियों द्वारा उसकी योग्यता के आधार पर विचार किया जाएगा।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा प्रतिवादी नंबर 2 (दिल्ली पुलिस) द्वारा कार्यक्रम आयोजित करने के लिए दिए गए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) को वापस लेने वाले 16 अक्तूबर के पत्र में किसी हस्तक्षेप की आवश्यकता





नहीं है। उच्च न्यायालय ने यह आदेश मिशन सेव कॉन्स्टिट्यूशन द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि जो जनता के बीच उनके संवैधानिक अधिकारों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए काम करने का दावा करता है।

याचिकाकर्ता ने कहा कि दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के साथ कई बैठकों और कई मंजूरी लेने के बाद 29 अक्तूबर को बैठक की अनुमति दी गई।

बाद में मध्य दिल्ली जिले के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) ने एकतरफा मनमाने तरीके से कार्यक्रम को सांप्रदायिक बताते हुए अनुमति रद्द कर दी। याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता अल्पसंख्यक समुदायों से शुरू होकर एससी, एसटी, ओबीसी जैसे अन्य समुदायों के साथ शुरू होने वाले सभी कमजोर वर्गों को मजबूत करने के लिए कार्यक्रमों की एक श्रृंखला शुरू करना चाहता है और बैठकों व पंचायत में सभी उत्पीड़ितों की आवाज उठाई जाएगी। इस सीरीज की शुरुआत 29 अक्तूबर को एक इवेंट से होनी है।

अदालत ने कहा कि जमीनी हकीकत से वाकिफ इलाके के एसएचओ द्वारा जताई गई आशंका को महज काल्पनिक नहीं कहा जा सकता है। हालांकि संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (ए) और 19 (1) (बी) के तहत किसी को अपनी आवाज उठाने की आजादी है। लेकिन साथ ही कानून और व्यवस्था की स्थिति पैदा होने की संभावना है, जिससे जान-माल का नुकसान हो सकता है।

कोर्ट ने कहा कि यह अच्छी तरह से स्थापित है कि निर्णय लेते समय अधिकारियों को कुछ छूट दी जानी चाहिए और न्यायिक समीक्षा का दायरा सीमित है।

## क्रॉसिंग रामलीला में दशहरा के दिन रावण वध का मंचन

### बुराई पर अच्छाई की जीत के जश्न में शरीक हुए केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल वी के सिंह

**गाजियाबाद।** क्रॉसिंग रिपब्लिक सांस्कृतिक कला संगम समिति के तत्वावधान में आयोजित रामलीला के दसवें दिन विजया दशमी पर क्रॉसिंगवासियों ने बुराई के प्रतीक लंकाधिपति रावण का वध एवं रावण का पुतला दहन देखा। क्रॉसिंग रिपब्लिक में मनाई जा रहे बुराई पर अच्छाई की जीत के इस जश्न में भारत सरकार के माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल वी के सिंह बतौर मुख्य अतिथि शरीक हुए। जनरल वी के सिंह के साथ सांस्कृतिक कला संगम समिति के पदाधिकारीगण क्षितिज सिंघल, तरुण भरत चौहान, आशुतोष चंदन, दुर्गेश सिंह, बी पी एस भाटिया, नीरज जागेटिया, रूपेश त्यागी, रोहित चौधरी, विजय गोयल, आशीष प्रकाश, मुकेश श्रीवास्तव, रवि गुप्ता, संजय अग्निहोत्री, एस के गुप्ता, अशोक शर्मा,



डा मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव शिखर आदि ने मंच साझा की।

रावण अहिरावण संवाद, अहिरावण द्वारा राम लखन का हरण, हनुमान मकरध्वज युद्ध, अहिरावण वध, राम रावण महा संग्राम एवं रावण वध का मंचन देखा। क्रॉसिंग के स्थानीय कलाकारों द्वारा उक्त मंचन किया गया। उक्त रामलीला मंचन में श्री राम की भूमिका श्रेयस अग्निहोत्री ने, लक्ष्मण की बंटी ने, सुग्रीव की गगन ने, हनुमान की वंश ने, जामवंत की निखिल ने, अंगद की सचिन ने, रावण की पार्थ ने, विभीषण की बृजदीप ने, अहिरावण की आर्यन ने, मकरध्वज की अजीत ने, काली माता की सुमीता वर्मा ने अभिनय करके क्रॉसिंगवासियों को मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के सूत्रधार की भूमिका प्रतिदिन की भांति साहित्यकार आशीष प्रकाश सक्सेना ने बखूबी निभाई। रामलीला से पूर्व स्थानीय बच्चों के 12 ग्रुप द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम समूह नृत्य एवं गीत का आयोजन किया गया, जिसमें से सेवियर ग्रुप प्रथम तथा बिट फ्लिक्स अकादमी के बच्चे द्वितीय स्थान पर रहे। इन दोनों ग्रुप को परफॉर्मेंस ऑफ द डे का अवार्ड मिला। कार्यक्रम का संचालन दीपशिखा माहेश्वरी एवं साहित्यकार आशीष प्रकाश ने की। कार्यक्रम का संयोजन में प्रदीप अश्वनी विवेक शर्मा, नीरज मिश्रा, अविनाश वर्मा आदि का विशेष योगदान रहा। शुभ दिन इन्फ्रा की ओर से सोमा जी ने महिला कार्यकर्ताओं दीपशिखा माहेश्वरी, अर्चना अग्निहोत्री, सुमीता वर्मा, अंजली, मेघना, संजू यादव के लिए पुरस्कार की घोषणा की जिसे सहायक पुलिस आयुक्त गाजियाबाद, सलोनी अग्रवाल, आईपीएस के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया।

## बच्ची से छेड़खानी मामले में गार्ड गिरफ्तार

एजेंसी

**नोएडा।** पाश सोसाइटी में बच्ची से छेड़छाड़ के आरोपी गार्ड को पुलिस ने बुधवार को आरोपी सिक्योरिटी गार्ड प्रयागराज निवासी अनूप दीक्षित को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सोसाइटी निवासियों ने आरोपी को पुलिस को सौंपा था। लोगों के अनुसार बच्ची किसी काम से सिक्योरिटी रूम में गई थी। इसी दौरान सिक्योरिटी गार्ड ने उसके साथ छेड़खानी की थी। यह घटना सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई थी। घटना के बाद से ही बच्ची सहमी हुई है।

दरअसल 25 अक्टूबर को सेक्टर-78 स्थित सोसाइटी में सिक्योरिटी रूम के अंदर वहां के गार्ड ने आठ वर्षीय मासूम के साथ छेड़खानी कर धमकाकर भगा दिया था । बच्ची जब वापस घर आई तो उसने घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। नाराज परिजनों ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज निकलाई तो उन्हें गार्ड की हरकत की जानकारी हुई।

डीसीपी महिला सुरक्षा प्रीति यादव ने बताया कि शनिवार शाम को छह बजे के करीब सोसाइटी में रहने वाली आठ वर्षीय बच्ची सिक्योरिटी रूम में गई थी। यहां उसने इंटरकाम से किसी का नंबर मिलाया। नंबर नहीं लगने पर वह वहीं खड़ी हो गई। आरोप है कि यहीं पर प्रयागराज निवासी सिक्योरिटी गार्ड अनूप दीक्षित ने उसके साथ छेड़खानी की। गार्ड द्वारा बच्ची के साथ छेड़खानी की घटना जब सोसाइटी के ग्रुप पर वायरल हुई तो मामले ने तूल पकड़ लिया।

## मसालों ट्रेडिंग में मुनाफा का झांसा देकर आठ लाख ठगे

**नोएडा।** मसालों की ट्रेडिंग में लाखों रुपये का मुनाफे का झांसा देकर कथित रूप से सिंगापुर निवासी जालसाज ने एक व्यक्ति के साथ सात लाख 85 हजार रुपये ठग लिए। साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।शिकायत में सेक्टर-144 निवासी श्रीवत्स गोस्वामी ने बताया कि कुछ समय पहले अनजान नंबर से एक व्यक्ति ने उनसे संपर्क किया और खुद को सिंगापुर निवासी हयांग-सू बताया। हयांग ने बताया कि वह सिंगापुर की फाइनेंशियल इंवेस्टमेंट कंपनी जीआईसी में टेक्निकल एनालिस्ट है। श्रीवत्स ने जांच की तो कंपनी में बारे में दी गई जानकारी सही निकली।हयांग ने श्रीवत्स को मसालों की ट्रेडिंग में निवेश करने के लिए प्रेरित किया। उसने पीड़ित के पास एक लिंक भेजा। लिंक डाउनलोड होने के बाद काटिमो एप्लीकेशन ओपन हुई, जिस पर मसालों को खरीदने और बेचने के





सुझाव दिए गए। शिकायतकर्ता ने पहली बार में दस हजार रुपये का निवेश किया। इस पर उन्हें करीब चार हजार रुपये का मुनाफा मिला। यह रकम कुछ ही समय बाद ही उनके खाते में भेज दी गई।

इसके बाद जालसाज ने श्रीवत्स से सात लाख 85 हजार रुपये का निवेश कराया। इसके बाद जब और पैसे निवेश करने का दबाव बनाया गया तो श्रीवत्स ने इनकार कर दिया। इसके बाद जालसाज ने श्रीवत्स के खाते को ब्लॉक कर दिया। शिकायतकर्ता ने लेनदेन से संबंधी सारे दस्तावेज पुलिस को सौंपे हैं।

### प्लास्टिक गुड्स फैक्ट्री में लगी आग

गाजियाबाद। गाजियाबाद के ट्रोनिका सिटी इंडस्ट्रियल एरिया में बुधवार सुबह प्लास्टिक सामान बनाने की फैक्ट्री में भीषण आग लग गई है। बीते चार घंटे से फायर फाइटर्स आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया, ट्रोनिका सिटी के सेक्टर ए-1 में अग्रवाल बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है। यहां प्लास्टिक की टेप सहित स्टेशनरी का अन्य सामान स्टोरेज था। सुबह करीब 9 बजकर 45 मिनट पर इस फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली। फिलहाल छह फायर टेंडर मौके पर हैं और आग बुझाने का प्रयास कर रहे हैं। सीएफओ के मुताबिक, फैक्ट्री का मुख्य गेट एक गली में है। वहां तक फायर गाड़ियां नहीं पहुंच पा रही हैं। इसलिए बुलडोजर लगाकर दो साइड से दीवारों को तोड़ा जा रहा है, ताकि फायर फाइटिंग की जगह बनाई जा सके। ये फैक्ट्री दो मंजिला है। इसमें ऊपरी मंजिल का सामान बचा लिया गया है, जबकि ग्राउंड फ्लोर पर रखा सामान जल गया है।

## नक्षत्र वन के रूप में विकसित होगा नोएडा का थीम

### 8 एकड़ में होगा विकसित 27 नक्षत्र, 12 राशि, नौ ग्रह पर आधारित लगाए जाएंगे पेड़

नोएडा। नोएडा में नक्षत्र वन के रूप में थीम पार्क विकसित किया जा रहा है। इसे आठ एकड़ में बनाया जाएगा। इसमें नक्षत्र, राशि और ग्रह के आधार पर पेड़ों को लगाया जाएगा। लोगों को इन पेड़ों और ग्रहों की स्थिति के बारे में भी इन नक्षत्र से जानकारी मिलेगी। यहां लगे पौधों की जानकारी भी दी जाएगी। साथ ही लोगों के घूमने के लिए पाथ वे भी बनाया जाएगा। इसके अलावा बैठने के लिए बैंच भी लगाई जाएंगी।

दरअसल चंद्रमा और सितारों के समूहों के तालमेल और संयोग को नक्षत्र कहा जाता है। जिन 27 सितारों के समूह के बीच से चंद्रमा गुजरता है वही अलग अलग 27 नक्षत्र के नाम से जाने जाते हैं। यानी हमारा पूरा तारामंडल इन्हीं 27 समूह में बंटा हुआ है और चंद्रमा का हर एक राशि चक्र 27 नक्षत्र में विभाजित है।

किसी भी व्यक्ति के जन्म के समय चंद्रमा जिस नक्षत्र में होगा या सितारों के जिस समूह से होकर गुजर रहा होगा



वही उसका जन्म नक्षत्र माना जाता है। यही आपकी किस्मत की चाभी होती है।

इन्हीं नक्षत्र, राशि, ग्रहों को लेकर नोएडा प्राधिकरण थीम पार्क के जरिए लोगों के समक्ष रखने जा रहा है।

नोएडा प्राधिकरण की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी वंदना त्रिपाठी ने बताया कि सेक्टर-78 में वेदवन पार्क की सफलता से उत्साहित प्राधिकरण अब शहर में नक्षत्र वन के रूप में नया थीम पार्क विकसित करने जा रहा है। यह पार्क सेक्टर-108 में आठ एकड़ जमीन पर विकसित किया जाएगा, जिसमें 27 नक्षत्र, 12 राशि, नौ ग्रह से संबंधित पौधों को लगाया जाएगा, जिसमें लोग सुबह शाम टहलने आ सकेंगे।

यहां पर नक्षत्र, राशि व ग्रहों से संबंधित जानकारी हासिल कर सकेंगे। यह थीम पार्क प्राधिकरण अपनी ग्रीन बेल्ट पर विकसित करने जा रहा है, जिसमें राशि, ग्रह, नक्षत्र से संबंधित पौधों का रोपित किया जाएगा।

# संपादकीय

## प्रदूषण की समस्या को घोषणाओं के जरिए दूर करना संभव नहीं

दिल्ली में वर्षों से प्रदूषण के गहराने से उपजी समस्या का सामना करने के बावजूद इस पर काबू पाने के लिए कोई ठोस योजना नहीं दिखती है।

हर वर्ष इस मौसम में तापमान में गिरावट और जाड़े की आहट के साथ ही दिल्ली की हवा बिगड़नी शुरू हो जाती है।

विडंबना यह है कि बीते कई वर्षों से लगभग एक ही स्वरूप में प्रदूषण के गहराने से उपजी समस्या का सामना करने के बावजूद इस पर काबू पाने के लिए कोई ठोस योजना नहीं दिखती है।

इस वर्ष एक बार फिर नवंबर से पहले ही दिल्ली की हवा में प्रदूषण घुलने का जो स्तर देखा जा रहा है, अगर वह किसी तरह नियंत्रित नहीं हुआ तो आने वाले दिन दिल्ली में रहने वाले लोगों के लिए मुश्किल साबित हो सकते हैं। अभी ही हालत यह है कि दिल्ली की हवा खतरनाक स्तर तक जाने लगी है और यहां कई इलाकों में बुजुर्गों और बच्चों को सांस लेने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

जबकि फिलहाल यह ठंड के मौसम का शुरुआती दौर है। गौरतलब है कि अक्तूबर से ही दिल्ली में हवा का घनीभूत होना शुरू हो जाता है और इसके साथ ही धूल और धुएं की वजह से प्रदूषण की समस्या जटिल होनी शुरू हो जाती है। जाहिर है, इसमें धूल और धुएं के स्रोतों की पहचान और उसे नियंत्रित करना एक तात्कालिक जरूरत होती है।

सोमवार को दिल्ली सहित समूचे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की हवा 'बहुत खराब' श्रेणी में दर्ज की गई। वायु गुणवत्ता और मौसम पूर्वानुमान एवं अनुसंधान प्रणाली यानी 'सफर' के मुताबिक महानगर में इस दिन सुबह एक्यूआइ यानी वायु गुणवत्ता सूचकांक 309 और कुछ इलाकों में 335 तक पहुंच गया था। यह स्थिति तब है जब दिल्ली में पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए भी कुछ कदम उठाए गए थे।

इससे उपजी समस्या का सामना करने के लिए दिल्ली सरकार की ओर से 'ग्रेप-2' की पाबंदियां लागू कर दी गई हैं। इसके तहत डीजल जेनरेटर के इस्तेमाल पर पूरी तरह रोक लगाने के साथ-साथ गाड़ियों की पार्किंग में शुल्क बढ़ा दिए जाते हैं। सीएनजी, इलेक्ट्रिक बसें और मेट्रो सेवाओं की आवृत्ति में बढ़ोतरी कर दी जाती है, ताकि लोग निजी वाहनों का इस्तेमाल कम से कम करें। इसके अलावा कई अन्य उपाय भी किए जाते हैं और सांस या दिल के मरीजों को घर से नहीं निकलने की सलाह दी जाती है।

विचित्र यह है कि वर्षों से प्रदूषण और उसके कारणों के लगभग एक स्वरूप में कायम रहने के बावजूद इससे निपटने के लिए सरकार के पास किसी सुचिंतित योजना का अभाव दिखता है। जब प्रदूषण से उपजी मुश्किलें गहराने लगती हैं और यह सार्वजनिक बहस का मुद्दा बनने लगता है, तब सरकार वाहनों और अन्य स्रोतों से निकलने वाले धुएं की रोकथाम की बात करने लगती है।

मसलन, इसमें सबसे प्राथमिक होता है सड़क पर चल रहे वाहनों की संख्या और उसके प्रकार को नियंत्रित करना। फिर धूल-रोधी यंत्रों के जरिए भी प्रदूषण की लगाम थामने की कोशिश की जाती है। कुछ समय पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री ने प्रदूषण पर काबू पाने के लिए कृत्रिम बारिश कराने की भी बात की थी। मगर केवल घोषणाओं के जरिए किसी भी समस्या से पार पाना संभव नहीं होता है।

यों भी ऐसे उपायों से कुछ समय तक के लिए और एक हद तक तो आबोहवा में कुछ फर्क महसूस हो सकता है, लेकिन जब तक प्रदूषण फैलाने वाले कारकों और उनकी जड़ों की पहचान करके उनसे निपटने के दीर्घकालिक उपाय नहीं किए जाएंगे, तब तक दिल्ली की आबोहवा आम लोगों के स्वास्थ्य और जीवन के लिए जोखिम का जरिया बनी रहेगी।

## चीन का चेहरा उजागर

भारत अक्सर यह आरोप लगाता आया है कि एलएसी पर चीन अवांछित गतिविधियों के जरिए अपने पांव फैलाने की कोशिश कर रहा है।

भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी के पास के हालात पर अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन की रपट ने एक बार फिर दुनिया के सामने चीन के चेहरे से पर्दा हटाया है। कहने को आए दिन चीन भी दूसरे देशों की संप्रभुता का खयाल रखने की बात करता रहा है, लेकिन हकीकत यह है कि जमीन पर उसकी गतिविधियां उसके भीतर मौजूद विस्तारवाद की भूख को ही दर्शाती हैं।

भारत अक्सर यह आरोप लगाता आया है कि एलएसी पर चीन अवांछित गतिविधियों के जरिए अपने पांव फैलाने की कोशिश कर रहा है। सवाल उठाने पर चीन अपनी हरकतों को गलत और सीमा पर अतिक्रमण की बात मानने से इनकार करता रहा है। अतीत में चीन का जैसा रुख दुनिया के सामने रहा।

उसके अलावा पिछले कुछ वर्षों में खासतौर पर भारतीय सीमा के पास कई स्तर के निर्माण कार्यों से लेकर उसकी सैन्य गतिविधियां यह बताने के लिए काफी हैं कि वह भारत के प्रति क्या मंशा रखता है। अब पेंटागन की रपट के जरिए जो बातें सार्वजनिक हुई हैं, उससे भारत के आरोपों की ही पुष्टि होती है और यह समझने में मदद मिलती है कि चीन अपने पड़ोसी देशों के प्रति वास्तव में क्या रुख रखता है।

गौरतलब है कि पेंटागन की 'मिलिट्री एंड सिक्योरिटी डेवलपमेंट्स इन्वाल्विंग द पीपल्स रिपब्लिक आफ चाइना रिपोर्ट, 2023' के अनुसार, मई 2020 के बाद भारत और चीन की सीमा पर तनाव बढ़ा और इस दौरान दोनों पक्ष टकराव और समाधान के जद्दोजहद से जूझ रहे थे। दूसरी ओर, इस विवाद के बीच ही 2022 में चीन ने सुरक्षा बलों की तैनाती में इजाफा कर दिया था और कई स्तर पर बुनियादी ढांचे का निर्माण जारी रखा था।

इसमें डोकलाम के नजदीक भूमिगत भंडारण केंद्र, पैंगोंग झील पर दूसरा पुल, सड़कें, गांव और वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास एक दोहरे उद्देश्य वाले हवाई अड्डा और अनेक हेलीपैड का निर्माण भी शामिल है। रपट में यह भी दावा किया गया है कि चीन के पास फिलहाल पांच सौ परमाणु हथियार हैं और वह इनके भंडार में तेजी से बढ़ोतरी कर रहा है। एक अनुमान के मुताबिक, 2030 तक चीन के पास एक हजार से ज्यादा परमाणु हथियार हो जाएंगे। पेंटागन की इस रपट से यह समझा जा सकता है कि दुनिया के सामने दिखने वाले चेहरे के बरक्स चीन कथनी और करनी के स्तर पर क्या चरित्र रखता है।

यह सही है कि भारत और चीन के बीच सीमा को लेकर कुछ धुंधलके बताए जाते रहे हैं और यही वजह है कि दोनों देशों के बीच विवाद कई बार तीखा स्वरूप ले लेता है। क्या यह कोई ऐसी वजह हो सकती है कि कोई देश अपने पड़ोसी की सीमा में अवैध तरीके से घुसपैठ करे या उस पर कब्जा जमाने का प्रयास करे? स्वाभाविक ही भारत चीन की अवांछित हरकतों का मुंहतोड़ जवाब देता है और इसका मकसद सिर्फ अपनी संप्रभुता का ही सम्मान करना है।

गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों में आमने-सामने की भिड़ंत बीते चार दशकों में एलएसी पर पहली घातक लड़ाई थी। उसके बाद से दोनों पक्षों के बीच सैन्य और राजनयिक स्तर पर कई दौर की बातचीत हो चुकी है। इसके नतीजे में भारत और चीन ने कुछ बिंदुओं पर सैनिकों की वापसी भी की है।

दरअसल, भारत अपने पक्ष की स्पष्टता के साथ जब दबाव बनाता है तब सीमा पर तनाव कम करने के लिए चीन बातचीत की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने पर सहमति जताता है। जबकि एलएसी पर चीन की गतिविधियां उसका असली चेहरा सामने कर देती हैं। पेंटागन की रपट ने चीन के इसी रवैये को उजागर किया है।

# टिकटो पर विरोध से दबाव में भाजपा



रमेश सराफ धमोरा




राजस्थान में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अभी तक दो सूचियों में 124 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की है। भाजपा की पहली सूची में 41 व दूसरी सूची में 83 नाम घोषित किए गए हैं। पहली सूची में जहां भाजपा ने कर्नाटक फार्मूला अपनाते हुए कई दिग्गजों के टिकट काट दिए थे। वैसा कुछ दूसरी सूची में देखने को नहीं मिला। पहली सूची में भाजपा ने छः लोकसभा सदस्य एक राज्यसभा सदस्य व दो पूर्व सांसदों को भी मैदान में उतारा था। मगर दूसरी सूची में किसी भी सांसद को प्रत्याशी नहीं बनाया गया।

राजनीतिक क्षेत्रों में चर्चा है कि भाजपा की पहली सूची जारी होने के साथ ही शुरू हुआ विवाद अभी तक थमने का नाम नहीं ले रहा है। दूसरी सूची में शामिल बहुत से प्रत्याशियों का भी विरोध हो रहा है। पहली सूची में तो जालौर से सांसद देवजी पटेल को सांचैर से प्रत्याशी बनाने का इतना अधिक विरोध हुआ की स्थिति मारपीट तक पहुंच गई। देवजी पटेल की गाड़ी को रास्ते में रोक कर उनके साथ मारपीट तक करने का प्रयास किया गया था। वहां पर पिछली बार दानाराम चौधरी चुनाव में हार गये थे। इस बार जीवाराम चौधरी दावेदारी जता रहे थे। देवजी पटेल को प्रत्याशी बनाने से दोनो नेता मिलकर विरोध कर रहे हैं।

जयपुर के विद्याधर नगर सीट से मौजूदा विधायक नरपत सिंह राजवी का टिकट काट कर राजसमंद से सांसद दिया कुमारी को दिया गया था। उसके बाद से राजवी के समर्थक दीया कुमारी का विरोध कर रहे थे। मगर दूसरी सूची में राजवी को चित्तौड़गढ़ से प्रत्याशी बनाकर उनका विरोध शांत कर दिया गया है। मगर चित्तौड़गढ़ से दो बार के मौजूदा विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या अपनी टिकट कटने से इतने अधिक नाराज है कि आने वाले समय में वह निर्दलीय भी ताल ठोक सकते हैं। आक्या का कहना है कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी से मेरी पुराने समय से राजनीतिक प्रतिद्वंता है। जिस कारण जोशी ने मेरी टिकट काटी है।

राजसमंद से विधायक दीप्ती माहेश्वरी का भी जमकर विरोध हो रहा है। दीप्ती माहेश्वरी अपनी माता किरण माहेश्वरी के निधन के बाद हुए उपचुनाव में जीत कर विधायक बनी थी। अब पार्टी ने उन्हें दूसरी बार प्रत्याशी बनाया है तो स्थानीय लोग उनके खिलाफ मुखर होकर विरोध कर रहे हैं। वहां के अन्य दावेदारों का कहना है कि बाहरी प्रत्याशी को कब तक सहेंगे।

असम का राज्यपाल बनाए जाने से खाली हुई उदयपुर शहर विधानसभा सीट पर पार्टी ने पूर्व जिला अध्यक्ष ताराचन्द जैन को प्रत्याशी बनाया है। वहां से टिकट के दावेदारी कर रहे उदयपुर नगर निगम के उप महापौर पारस सिंघवी ने मोर्चा खोल दिया है। सिंघवी ने आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी की तरफ से उदयपुर में ऐसे व्यक्ति को टिकट दिया गया है जो सनातन विरोधी हैं और पूजा पद्धति में विश्वास नहीं रखता हैं। सिंघवी का कहना है कि असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने मेरी टिकट कटवा कर जैन को प्रत्याशी बनवाया है।

जयपुर की झोटवाड़ा सीट पर पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत का टिकट काटकर पूर्व केंद्रीय मंत्री व जयपुर ग्रामीण सीट से दूसरी बार के सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को मैदान में उतारा गया है। इस सीट पर भी राज्यवर्धन राठौड़ को राजपाल समर्थकों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा द्वारा घोषित 124 प्रत्याशियों में से तीन दर्जन प्रत्याशियों को अपने प्रतिद्वंदियों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ रहा है। कई सीटों पर तो स्थिति इतनी खराब हो रही है कि पार्टी पदाधिकारियों की भी कोई नहीं सुन रहा है।

विधानसभा चुनाव में टिकटों की घोषणा से पूर्व भाजपा द्वारा बार-बार सामूहिक नेतृत्व व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर चुनाव लड़ने की बात कही जा रही थी। भाजपा आलाकमान बार-बार इस बात का संकेत भी दे रहा था कि राजस्थान में पुराने नेताओं के स्थान पर नए लोगों को मौका दिया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी लगातार हासिये पर धकेली जा रही थी। सभी राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना था कि इस बार के चुनाव में भाजपा आलाकमान वसुंधरा राजे व उनके समर्थ को तवज्जो नहीं देगा।

मगर पहली सूची जारी होने के बाद मचे बवाल को शांत करने के लिए दूसरी सूची में वसुंधरा राजे व उनके करीबन दो दर्जन समर्थकों को टिकट दिया गया है। वसुंधरा राजे को भी उनकी परंपरागत झालरापाटन सीट से ही पांचवीं बार प्रत्याशी बनाया गया है। भाजपा की दूसरी सूची को देख कर लगता है कि भाजपा आलाकमान ने अपने रूख में बदलाव कर लिया है। भाजपा ने दूसरी सूची में 51 मौजूदा विधायकों को टिकट दिया है। इसके साथ ही इस सूची में 27 सीटें ऐसी हैं जिन पर 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा हार गई थी। 16 सीटों पर प्रत्याशी बदले गए हैं।

भाजपा ने दूसरी सूची में आठ विधायकों के टिकट काटे है। इसमें सूरसागर से सूर्यकांता व्यास, सांगानेर से अशोक लाहोटी, चित्तौड़गढ़ से चंद्रभान सिंह आक्या, सूरजगढ़ से सुभाष पूनिया, नागौर से मोहन राम चौधरी, मकराना से रूपाराम, बड़ी सादड़ी से ललित कुमार ओस्तवाल, व घाटोल से हरेंद्र नीनामा शामिल हैं। नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ की सीट बदल कर उन्हें चूरू की बजाय तारानगर से टिकट दी गई है। वे पहले भी तारानगर से चुनाव लड़ कर जीत चुके हैं। कुछ दिन पहले ही भाजपा में शामिल हुए उदयपुर राजघराने के सदस्य विश्वराज सिंह मेवाड़ को नाथद्वारा से टिकट दिया गया है। उनका मुकाबला विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी से होगा। दिग्गज जाट नेता रहे नाथूराम मिर्धा की पोती व नागौर से कांग्रेस सांसद रही डा. ज्योति मिर्धा को नागौर सीट से प्रत्याशी बनाया गया है।

भाजपा की अभी तक जारी की गई सूची को देखकर लगता है कि सबसे अधिक टिकट वसुंधरा समर्थ को दी गई है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा सांसद डॉक्टर किरोडीलाल मीणा, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के समर्थकों को भी प्रत्याशी बनाया गया है। भाजपा प्रत्याशियों की सूची पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की छाप भी दिखाई दे रही है। संघ से जुड़े कई लोगों को प्रत्याशी बनाया गया है।

भाजपा की सूची को देखकर लगता है कि भाजपा आलाकमान द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को प्रदेश की राजनीति से दूर करने के प्रयास सफल नहीं हो पाए हैं। वसुंधरा राजे राजस्थान में भाजपा की मजबूरी बन गई है।

वसुंधरा समर्थक उन विधायकों के नाम भी सूची में शामिल हो गए हैं जिन पर गहलोत सरकार पर आये संकट के दौरान पार्टी लाइन से अलग रहने के आरोप लगे थे। हाड़ौती, मेवाड़ क्षेत्र में वसुंधरा राजे ने अपने ज्यादातर समर्थको के टिकट क्लियर करवा कर भाजपा आलाकमान को झुका कर यह दिखा दिया है कि राजस्थान में वसुंधरा है तो भाजपा है। वसुंधरा के बिना राजस्थान में भाजपा की सरकार बनना मुश्किल ही नहीं असंभव है।

## हिंदी है हम वतन है फिर हिंदी राष्ट्रभाषा क्यों नहीं।

हिंदी संवैधानिक रूप से तो भारत की राजभाषा है,पर इसे राष्ट्रभाषा नहीं बनाया गया है विषय चिंतनीय है ।देश में व्यवहारिक रूप से हिंदी को कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक को सर्वोपरि सम्मान नहीं मिल पाया है जिसकी हिंदी भारत में सर्वाधिक हकदार भाषा है। यह अलग बात है कि भारत देश में अलग-अलग प्रांतों में अलग-अलग भाषाएं बोली जाती है और स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार ने 22 भाषाओं को संवैधानिक रूप से मान्यता प्रदान की है, पर हमारी हिंदी सर्वाधिक बोली जाने वाली तथा लिखी जाने वाली भाषा है। देश में हिंदी बोलने तथा पढ़ने वालों की संख्या लगभग 65 से 70 करोड़ है, यह भाषा की बहुलता कथा विविधता ही है जिसके कारण भाषाई विवाद की स्थिति उभरी है, और सर्वाधिक नुकसान हिंदी को उठाना पड़ा है। वर्ष 2008 में विश्व हिंदी सम्मेलन न्यूयॉर्क (अमेरिका) में भारतीय साहित्यकारों, कवियों को चिंतकों ,प्रोफ़ेसर, चिंतकों, पत्रकारों ने बड़े जोर शोर से संयुक्त राष्ट्र संघ की अधिकारिक भाषा बनाने हेतु र मान्यता देने के लिए पुरजोर कोशिश की थी। कोशिश तो हमेशा की जानी चाहिए और यह बड़ी ही सार्थक पहल भी थी, पर इसके पूर्व भारत के हिंदी साहित्य के विद्वानों को हिंदी को पहले अपने देश में राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलवाने के लिए प्रयास किया जाना चाहिए। भारतेंदु हरिश्चंद्र जी ने भी कहा है,

निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति के मूल।

बिनु निज भाषा ज्ञान के मिटत ना हिय को शूल।

देश में भाषाई विविधता के कारण हिंदी को सर्वाधिक नुकसान उठाना पड़ा है ।इसके अलावा कुछ स्वार्थी राजनीतिक के लोग नहीं चाहते कि हिंदी को सर्वोच्च सम्मान मिले और इसके लिए विभिन्न प्रकार के विरोध एवं आंदोलन भी करते रहे हैं, इसके अलावा लोगों को उकसा कर जन आंदोलन का रूप भी देने का प्रयास करते रहे हैं जो अत्यंत निंदनीय है।

देश के स्वतंत्रता आंदोलन में भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में यह महसूस किया था कि हिंदी दक्षिण भारत के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर सबसे ज्यादा लोगों की संपर्क भाषा थी। देश के विभिन्न भाषा भाषी लोग हिंदी भाषा में ही संपर्क कर के अपने संदेश तथा सूचना एक दूसरों को प्रदान किया करते थे,और हिंदी भाषा के संपर्क सूत्रों के चलते ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अथक मेहनत कर हिंदी की सहायता से स्वतंत्रता प्राप्त की थी। हिंदी की सार्वभौमिक स्थिति एवं बड़े समुदाय द्वारा बोले जाने वाली भाषा के रूप में स्थापित होने के बाद इसे राजभाषा का दर्जा देने का निर्णय लिया गया था। हिंदी एक व्यापक भाषा है जिस की लिपि देवनागरी होने के कारण अत्यंत सरल एवं आवश्यकता अनुसार दूसरी भाषाओं को और उनके शब्दों को बड़ी सुगमता से आत्मसात करने की क्षमता तथा विशालता है। हिंदी देशवासियों की भावनात्मक भाषा भी है इसका देश की एकता तथा अखंडता में एक का बड़ा योगदान रहा है। हिंदी एक बड़ी सक्षम तथा विशाल भाषा का दर्जा भी रखती है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने भी कहा कि हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिस जिस ने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द का बहिष्कार नहीं किया। 14 सितंबर 1949 को संविधान की सभा ने एकमत से हिंदी को भारत की राजभाषा बनाए जाने का निर्णय भी लिया इसीलिए भारत में हर वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाने का संकल्प लिया गया।

## आईये हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाएं

हिंदी है हमारी प्यारी भाषा,
हिंदी है एक शक्तिशाली
और विशाल ज्ञान की भाषा,
आओ बनाएं इसे राष्ट्रभाषा।

हिंदी भाषा हमारा मान और अभिमान है, हिंदी राष्ट्र का वैभवशाली गौरव गान है।

हिंदी देश की गंगा -जमुनाई स्वाभिमान है, हिंदी पर न्योछावर हर दिल और जान है।

हिंदी भारत के माथे की चमकती बिंदिया है।
हिंद देश में बहती पवित्र गंगा नदिया है।

हिंदी पर आओ शीश झुकाए,करें नमन, हिंदी ही है लताएं, फूल, बगिया और चमन।

हिंदी से ही बना प्यारा हिंदुस्तान हमारा, हिंदी ने ही किया शीश जग में ऊंचा हमारा।

हिंदी भाषा भोली और इतनी विशाल है, हिंदी भाषा अर्वाचीन और बेमिसाल है।

हिंदी हमारे असंख्य हृदयों पर करती राज, हिंदी से ही अत्यंत सफल है, देश का काम-काज।

हिंदी के प्रयोग की ले विराट शपथ और प्रतिज्ञा हिंदी बन जाए विश्वव्यापी जैसी हो मां भारती की आज्ञा।

आओ मिलकर बनाएं इसे
विश्व ज्ञान की एक बड़ी जिज्ञासा,
और बनाए इसे देश की राष्ट्रभाषा।

## मंसूबा



श्यामल बिहारी महतो

उन दिनों पत्नी के साथ मेरा भारत चीन जैसा ताना तनी चल रही थी । तभी मैंने पाकिस्तान जैसा एक नापाक चाल चली थी । घर में गाय और माय के अभेद्य किले को तोड़ने की चाल... ! गाय का दाम कल शाम को ही तय हो चुका था । दाम दूध-दूधारू और देह देख कर तय हुआ था ।जुमन मियां बूढ़े-बांझ और ऐब वाले मवेशियों को बेचने का धंधा पिछले कई वर्षों से करता चला आ रहा था। इसके पहले उसका बाप इस धंधे में लगा हुआ था ।कहा जाता है एक बार एक बूढ़े बैल ने बौखला कर अपनी दोनों लंबी सींग को जुमन के बाप के पेट में घूसेड दिया था। अस्पताल जाते जाते रास्ते में उसने दम तोड दिया था। इसके बावजूद जुमन ने इसी धंधे को चुना था ।वह सुबह तड़के उठता और गांव गांव में घूमता, चक्कर लगाता रहता-बिना खाये-पिये ! जैसे ही कहीं सौदा पट जाता-वहीं गमछी बिछा देता और अल्ला को याद करने बैठ जाता । मानो अल्ला मियां ने ही यह सौदा तय कराया हो । जुमन मियां पक्का कारोबारी आदमी था । उसके धंधे में आज तक कोई दाग नहीं लगा था । जो बात तय होती-उसे वह खुदा का फरमान समझता था । तय समय पर लोगों को पैसे देकर अपनी ईमानदारी का सिक्का जमा रखा था उसने । यही जान हमने भी उसके साथ उधार ही सौदा तय कर गाय दे देने का मन बना लिया था ।

गाय को छ्म्माह पहले ही खरीदी थी मैंने । काली गाय और खैरा उसका बछड़ा, दोनों ही मेरे मन को भा गया था। तब मन में दूध से ज्यादा गो-सेवा की भावना थी । गाय लेने के वक्त मुझसे कहा गया था कि यह गाय इतनी सुधवा अर्थात अच्छी स्वभाव की है कि इसे औरतें भी बड़ी आसानी से दूध दूह लेती है । औरतें भी से मैने समझा था कि मर्द तो इसका दूध दूहते ही होगें-औरतें भी आसानी से दूध निकाल लेती होंगी ।

आज मुझे गाय के पहले मालिक को बड़ी बड़ी गालियां देने का जी कर रहा था-कमीने ने कमाल का झूठ बोला था और एक ऐब वाली गाय को मेरे गले बांध दिया था । दो दिन पहले अपनी कुछ बातों को मुद्दा बना कर पत्नी ने झगड़ा की और फिर मायके चली गयी । जाने से पहले तंज कसते हुए कहा था- कहते हो यह हमारी खरीदी हुई गाय है- दूध निकाल लेना इसकी थान से तो जानू..तुम्हारी गाय है... !

पत्नी की अहम वाली बात और गाय की लात ने मुझे एकदम से पागल कर दिया था । गाय को गोहाल से बाहर कर देने का जैसे मुझे पर भूत सवार हो गया था । और इसी जुनून ने जुमन मियां से मिला दिया था । इसके पहले जुमन मियां से मै कभी मिला नहीं था। नाम के साथ बुलावा सुनते ही वह दौड़ा चला आया था ।

गाय-गोबर और दूध दूहने के नाम पर हर दिन पत्नी की चख चख से भी मै निजात चाहता था । गो सेवा का भूत भी अब सर से पुरी तरह उत्तर चुका था । दो दिन में ही लगा यह गाय मेरा गृह-मूत करा के छोड़ेगी-इससे छुटकारा अब केवल जुमन मियां ही दिला सकता था । पर कैसे ? अभी तो वह खुद गोहाल के बगल में बनी पक्की नाली में पसरा पड़ा हुआ था । सीधे छाती पर गाय की ऐसी लात पड़ी थी कि जुमन मियां सात जन्मों तक उसे भूला नहीं पायेगा । कहूं तो गाय मरखनी बन चुकी थी । दो दिन में ही उस पर जैसे लात मारने का भूत सवार हो चुका था । उसकी आंखों में अंगारे दहक रहे थे । जो भी उसके सामने जाता-दुश्मन नजर आता, उसमें मैं भी शामिल हो गया था । और उसकी लातों का पहला भुक्त भोगी भी मै ही बना था ।

पत्नी का मायके जाने के बाद गाय की थान से दो दिनों में दो बूंद भी दूध निकाल नहीं पाया था । उल्टे अब तक हम उसकी कई लातें खा चुके थे । गुस्साये-तिलमिलाये गाय की दूध की जगह अपनी छठी की दूध याद कर रहा था । यहां तक तो किसी तरह सह लिया था । बल्कि दिन की लात भी भूला देने का मन बना लिया था और सोचने लगा आखिर हमारे साथ गाय का यह भेद-भाव क्यों ? सुबह कुट्टी के साथ दररा-चारा मिला कर मै इसे खिलाता हूं । गुड-पानी मै पिलाता हूं । फिर दूध देने में इतनी भेद-भाव क्यों ? दूध की जगह हमें लात क्यों खानी पड़ रही है !

उस दिन शाम को भी गाय से दूध नहीं ले सका । खाली लोटा देख मन तो भड़का परन्तु कुछ सोच कर शांत हो गया था ।

दूसरे दिन सुबह तो गजब ही हो गया। सहन शक्ति एक दम से जवाब दे गयी । हुआ यूं कि बछड़े की रस्सी बेटी पिंकी को पकड़ा दी और खुद दूध दूहने बैठ गया। अभी मैने गाय की थान पर अपना हाथ भी नहीं लगाया था-बस हाथ आगे बढ़ा ही रहा था कि जोर की लात सीधे बांयीचूतड पर पड़ी और फिर पड़ी ! यह देख पिंकी डर से चीख पड़ी। तभी बछड़े ने उसे जोर का झटका दिया । वह धम से जमीन पर गिर पड़ी । रस्सी उसके हाथ से छूट गयी । उठने की कोशिश की,वह उठती इसके पहले गाय उधर घूम गयी और कब एक लात उसे भी जमा दी-बप्पागोबप्पाऽ ! वह चिल्ला उठी तो उसे उठाने दौड़ पड़ा । इसके बाद तो मेरा क्रोध जैसे जाग उठा था । बगल कोने में पड़ी डंडा उठायी और तड़तड़ाकर दो-तीन ठंडे गाय पर चला दी । अब गाय रंभाने लगी । पिंकी मुझसे लिपट गई । बोली-छोड़ दो बप्पा... !

अकस्मात मेरी जेहन में पत्नी से पहली मुलाकात-पहली रात और पहला सहवास की तस्वीरें और आज तक की एक उबाऊ भरी जिंदगी का खट्टा मीठा अनुभव मानस पटल पर किसी चलचित्र की भांति घूम गयी थी । उसकी इच्छा की परिधि के भीतर मै आज तक कदम नहीं रख सका था । गोहाल में खड़े खड़े कभी गाय को देखता तो कभी पत्नी के बारे में सोचता । दोनों के स्वभाव में कितनी सामनताऐं थी । धीरे धीरे मेरे अंदर का क्रोध उबले दूध की तरह ठंडा होता चला गया था ।

इधर जुमन मियां फिर उठ खड़ा हुआ था । लेकिन अभी तक वह गाय गोहाल से निकाल नहीं पाया था। परन्तु वह भी जानवरों का पक्का लतखोर और थेथर आदमी था ।सो पुन: आगे बढ़ा था । उस वक्त हमारा गोहाल एक रणक्षेत्र में बदल चुका था । एक छोर में मै था, मेरी बेटी पिंकी थी और अपने अल्ला को याद करता जुमन मियां था । वहीं दूसरी ओर काली गाय और उसका खैरा बछड़ा था । युद्ध शुरू हो चुकी थी। जुमन मियां को बिगड़ैल जानवरों की जानकारी थी ।जिद्दी भी था ।किस जानवर को कैसे काबू में किया जाय,इसकाबपौती हुनर था उसके पास ।

वह आगे बढ़ा था । अपनी सारी शक्तियों को समेट कर । अपने मरहूम बाप और खुदा को याद कर ।पगहा उसके हाथ में था । और गाय ठीक उसके दो हाथ दूर खड़ी थी । जुमन मियां ने एक कदम आगे बढ़ाया । गाय ने जुमन मियां को कसाई की तरह आगे बढ़ते देखा । उसकी क्रोधित आंखें लाल अंगारों की तरह दहक रही थी और रह रह कर उसके आगे के दोनों पैर आगे-पीछे हो रहे थे । मतलब साफ था । वह जुमन मियां के लिए एक ललकार थी । जैसे कह रही थी- आओ.. आज हम जीवन का आखरी दांव लगाते है.. ! इस घर में या तो मैं रहूंगी या फिर तुम जाओगे.. !

और जुमन मियां गाय की गर्दन को लपक लिया था । जिस तेजी से जुमन गाय की गर्दन पर सवार हुआ था । पगहा फंसाता कि अगले ही पल वह दीवार से जा टकराया था । गाय ने दूगूनी ताकत से उसे उछाल दिया था । उसे जोर का चक्कर आया और माथा पकड़ वहीं बैठ गया । उसके सर पर गहरी चोट लगी थी । मेरी आंखों के सामने का यह दृश्य किसी सिनेमायी से कम नहीं था। सोचा कुछ उपचार कर दूं उसका । यह सोच मै घर के अंदर गया । इतने में सतबजियाकमाडर गाड़ी से पत्नी मायके से वापस लौट आयी । आंगन में उसे जुमन मिल गया- तुम मेरे घर में.... ? आवाज रौबदार थी ।

रूई और डिटॉल लिए बाहर निकल- जुमन गायब ! देखा-पत्नी हवलदार की तरह आंगन में हाजिर है अपनी पूरी हसरतों के साथ !

# संस्कारयुक्त शिक्षा से ही सशक्त व समर्थ होगा राष्ट्र : मुख्यमंत्री

## शिक्षकों को टैबलेट वितरण, स्मार्ट क्लास के शुभारंभ, वंडर बॉक्स व दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरण समारोह में बोले सीएम





गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसी राष्ट्र को सशक्त बनना है तो उसे समर्थ बनना पड़ेगा। और, समर्थ बनने के लिए वहां की शिक्षा को संस्कारयुक्त बनाना पड़ेगा।

शिक्षा ही हर व्यक्ति के भीतर आत्म अनुशासन की भावना पैदा करने, राष्ट्र के मुद्दों से जुड़ाव व समपर्ण का भाव पैदा करने का सशक्त माध्यम है।

सीएम योगी बुधवार को गोरखपुर मंडल (देवरिया, गोरखपुर, कुशीनगर व महराजगंज जनपद) के 1086 परिषदीय विद्यालयों के स्मार्ट क्लास एवं 64ब्लॉक संसाधन केंद्रों में आईसीटी (इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन) लैब्स के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों के 14360 शिक्षकों को टैबलेट, 3780 को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों को वंडर बॉक्स तथा 1207 दिव्यांग बच्चों को 1980 सहायक उपकरणों के वितरण का भी शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा के अनुरूप ही व्यक्ति, समाज व राष्ट्र का चरित्र होगा। सशक्त राष्ट्र के निर्माण की बुनियाद शिक्षकों के परिश्रम व पुरुषार्थ पर टिकी है। शिक्षक ही तेजी से देश को नई बुलंदियों तक पहुंचा सकते हैं। गुरु वशिष्ठ, विश्वामित्र, संदीपनी, चाणक्य जैसे आदर्श गुरुजनो का उल्लेख करते हुए कहा मुख्यमंत्री ने कहा, श्रीराम, श्रीकृष्ण और चंद्रगुप्त को बनाने में इनका मार्गदर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। शिक्षकों को इन आदर्श गुरुओं से प्रेरणा लेनी चाहिए।

एक शिक्षक की सबसे बड़ी उपलब्धि तब होती है कि जब वह अपने बच्चों को समर्थ और योग्य बनाकर उनमें राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव पैदा करता है। इसके लिए सबको स्वयं मूल्यांकन भी करना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति अपने कार्यों का मूल्यांकन नहीं करता है तो इसका मतलब वह अपने साथ समाज व राष्ट्र के साथ भी धोखा कर रहा है।

### नित नए अलंकरण जोड़ रहा बेसिक शिक्षा विभाग

सीएम योगी ने विगत छह वर्षों में बेसिक शिक्षा विभाग में हुए आमूलचूल परिवर्तन का उल्लेख करते हुए कहा कि यह विभाग नित नए अलंकरण जोड़ रहा है। कायाकल्प, स्मार्ट क्लास जैसे कार्यक्रमों के बीच हर शिक्षक को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से आगे बढ़ने की जरूरत है। शिक्षक, विभाग से जुड़े सभी कार्यक्रमों के साथ समय के अनुरूप अपने को जोड़कर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को आगे बढ़ा पाएंगे तो इसके बेहतर परिणाम हम सबके सामने आएंगे।

### आने वाली पीढ़ी के मार्गदर्शन को तकनीकी रूप से सक्षम होना आवश्यक

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शिक्षकों को बदलते परिवेश में तकनीकी तकनीक दृष्टि से भी आगे बढ़ते रहना होगा। इसमें दिया जा रहा टैबलेट काफी सहायक हो सकता है। आने वाली पीढ़ी को नया मार्ग दिखाने के लिए भी तकनीकी रूप से सक्षम होना आवश्यक है। स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब की स्थापना और टैबलेट वितरण कर सरकार इसमें अपनी भूमिका का निर्वहन कर रही है। उन्होंने कहा कि आगे रहने के लिए हमेशा दो कदम आगे बढ़कर सोचना और उसके अनुरूप कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री ने इंसेफेलाइटिस और उसके नियंत्रण का उल्लेख करने के साथ स्वच्छता को लेकर बच्चों और उनके अभिभावकों को जागरूक करने की भी अपील की। सीएम योगी ने कहा कि अच्छी शिक्षा व्यवस्था वही है जिसमें निरंतर शोध हो। इसी को ध्यान में रखकर प्री प्राइमरी के रूप में आंगनबाड़ी केंद्रों को भी जोड़ा जा रहा है।

# शार्ट न्यूज

## झांसी जनपद का गजेटियर बने उच्च श्रेणी का

झांसी। उत्तर प्रदेश के झांसी जिला प्रशासन ने जनपद का गजेटियर उच्च श्रेणी का बनाने के लिए बुधवार को आयोजित बैठक में मंथन किया। जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित सभागार में जिला गजेटियर समिति की बैठक आहूत की गयी, जिसमें श्री कुमार ने कहा कि झांसी का गजेटियर वर्ष 1874 में बने होने के कारण शासन के उच्च निर्देशों के अनुपालन में गजेटियर को पुनः लिखा जाना है। गजेटियर एक क्षेत्र की भौतिक विशेषताओं का वर्णन करता है, इसके इतिहास से संबंधित है और इसमें रहने वाले लोगों के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक जीवन पर चर्चा करता है। यह इस प्रकार प्रशासक के लिए एक गाइड, आम जनता के लिए एक संदर्भ पुस्तक और विशेषज्ञ के लिए जानकारी का एक स्रोत के रूप में कार्य करता है। जिलाधिकारी ने जनपद का गजेटियर उच्च श्रेणी का तैयार करने हेतु अध्यायवार नोडल अधिकारी के साथ विषय विशेषज्ञ एवं जनपद के संबंध में जानकारी रखने वाले प्रबुद्धजनों, साहित्यकारों, विश्वविद्यालय एवं डिग्री कॉलेजों के प्रोफेसर को जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद का गजेटियर उच्च श्रेणी का तैयार हो सके इसके लिए इतिहास, कला और संस्कृति आदि जिसकी गजेटियर में अहम भूमिका होती है के लिए समिति का गठन किया जाए।

## फांसी के फंदे पर झूलता मिला विवाहिता का शव

**हाथरस।** हाथरस में सादाबाद क्षेत्र के गांव बिलारा में एक विवाहिता का शव फांसी के फंदे पर झूलता हुआ मिला। सूचना मिलने पर कोतवाली सादाबाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस विवाहिता ने 6 साल पहले प्रेम विवाह किया था। कोतवाली सादाबाद क्षेत्र के गांव बिलारा निवासी तुषार उर्फ तोताराम की शादी 6 साल पहले 25 वर्षीय पल्लवी निवासी चिरावली थाना कोतवाली सादाबाद के साथ हुई थी। लोगों की मानें तो दोनों ने अपने पारिवारीजनों के खिलाफ जाकर प्रेम विवाह किया था। कुछ दिन दोनों घर से बाहर भी रहे थे और बाद में दोनों गांव में ही आकर रहने लगे थे। इस दौरान पल्लवी ने एक बच्चे को भी जन्म दिया। आरोप है कि इस दौरान तुषार को शराब पीने की लत लग गई और वह अपनी पत्नी को प्रताड़ित भी करने लगा। अब पल्लवी का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। यह देखकर वहां भीड़ लग गई। कुछ लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दे दी। इसकी जानकारी मिलने पर सादाबाद कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस को उसका पति व ससुराल के अन्य लोग गायब मिले। उसके मायके के भी कुछ लोग वहां पहुंच गए।

## एटा में एमबीबीएस के छात्र से साइबर ठगी

एटा। एटा के रहने वाले एक मेडिकल के छात्र के साथ क्रिप्टो करेंसी में इन्वेस्टमेंट करके आसान टास्क से कई गुना इनकम करने के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है। इसमें ठगों ने पहले उससे फर्जी इंस्टाग्राम आईडी से चैटिंग शुरू की उसके बाद उसको विश्वास में लेकर क्रिप्टो करेंसी में इन्वेस्टमेंट करके सरल टास्क के द्वारा कई गुना रुपए बनाने का लालच देकर ठगी की। युवक के पिता द्वारा मेडिकल की फीस के लिए भेजे गए 341290 रुपए पार कर दिए, और उसके बाद जब छात्र को शक हुआ और उसने पूछना चाहा तो इंस्टाग्राम का अकाउंट जिससे ठगी की गी थी उसको बंद कर दिया। अब पीड़ित छात्र ओम चौहान ने एटा के एसएसपी राजेश कुमार सिंह से गुहार लगाई है। एसएसपी के आदेश से एटा जनपद की कोतवाली देहात मे आईपीसी की धारा 420 और आईटी एक्ट की धारा 66 डी के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। साइबर सेल द्वारा इस मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। एटा जनपद के कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत कासगंज रोड पर भार्गव नगर में मेडिकल का छात्र ओम चौहान रहता है।

## 112 के ऑफिस में तैनात सिपाही सस्पेंड

बरेली। यूपी 112 के बरेली ऑफिस में तैनात सिपाही पुष्पेंद्र सिंह रजत को एसएसपी ने निलंबित कर दिया है। एसएसपी ने चुले सुशील चंद्रभान ने सिपाही के खिलाफ विभागीय जांच के भी आदेश दिए हैं। सिपाही ने ऑफिस में डॉयल 112 की गाड़ी पर तैनात हेड कांस्टेबल अब्दुल कादिर को बुलाया। वीडियो सामने आने के बाद एसएसपी ने इसे लापरवाही माना और सिपाही को सस्पेंड कर दिया। डायल 112 का जिले का ऑफिस है। यहां से जिले में जितनी भी डायल 112 की गाडी हैं इन सभी पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगती है। एसएसपी का कहना है कि यूपी 112 की गाड़ियों पर तैनात किसी भी पुलिसकर्मी को ऑफिस बुलाने का आदेश नहीं है। एक वीडियो भी सामने आया है। आफिस के सिपाही पुष्पेंद्र ने हेड कांस्टेबल अब्दुल कादिर को बुलाया। जिसके बाद पुष्पेंद्र को निलंबित किया है। पूरे प्रकरण की जांच एसपी सिटी राहुल भाटी को दी है। वहीं एसएसपी ने डायल 112 के नोडल अधिकारी एसपी ट्रैफिक राम मोहन सिंह को निर्देश जारी किए हैं कि डायल 112 में ड्यूटी में कोई अदला बदली नहीं की जाएगी।

## आजमगढ़ में सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले में सड़क दुर्घटना में युवक की मौत का मामला सामने आया है। जिले के सिधारी थाना क्षेत्र के चंडेश्वर के रहने वाले राजू यादव (36) कोतवाली नगर के बलरामपुर चौकी के अन्तर्गत आहोपट्टी गांव में जन्मदिन समारोह में शामिल होने गए थे। जन्मदिन समारोह के बाद युवक राजू यादव बाइक से ही अजमतगढ़ के बनौव्वा अपनी ससुराल जा रहे थे। इसी बीच तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने केशवपुर जंगल के पास बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। आस-पास के लोग दुर्घटना की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे। तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। आस-पास के लोगों ने इस मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई। मृतक युवक के रिश्तेदार लालजीत यादव ने बताया कि घटना की जानकारी पुलिस ने परिजनों को दी। मृतक युवक के तीन बच्चे हैं। घर में कमाने वाला मृतक ही इकलौता था। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## सफाई कर्मचारियों में जमकर मारपीट

कानपुर। कानपुर के बगाही भट्टा में सफाई कर्मचारियों और क्षेत्रीय लोगों में जमकर मारपीट हो गई। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बुधवार सुबह मलीन बस्ती में सफाई कर्मचारी कंप्लेन पर पहुंचे थे। लेकिन सफाई करने से पहले सुपरवाइजर राजू ने स्थानीय लोगों से सीवर टैक्स की रसीद मांग ली। इसके बाद स्थानीय निवासी भड़क गए। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गई और उन्होंने एक-दूसरे को सरिया से पीटा। वहीं मारपीट के बाद कर्मचारी यूनियन नेताओं के साथ बगाही पुलिस चौकी शिकायत करने पहुंच गए। बुधवार सुबह बगाही भट्टा में सीवरभराव की कंप्लेन पर जलकल सफाई कर्मी सुपरवाइजर राजू के साथ पहुंचे। जहां सफाई की जानी थी, वह घोषित मलिन बस्ती है। सफाई करने से पहले सुपरवाइजर राजू ने क्षेत्रीय निवासी रवि सिंह और भानू सिंह से सीवर टैक्स जमा करने की रसीद मांगी। इस पर बात बढ़ी और सुपरवाइजर राजू से भानू सिंह भिड़ गए और सरिया से एक-दूसरे को मारा पीटा। सफाई कर्मी राजू ने पुलिस चौकी में मामले की शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

## सहकारी समिति में दो पक्षों में हुई झड़प

लखीमपुर-खीरी। लखीमपुर के निघासन सहकारी समिति पर फर्जी मतदान को लेकर दो गुटों में कहासुनी हो गई। कहासुनी इतनी बढ़ी की पूरे मामले में पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। इसी बीच घटना की कवरेज कर रहे पत्रकारों को भी कोतवाल निर्भय सिंह ने बाहर निकाल दिया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज क्रय विक्रय समित पर मतदान चल रहा था। इसेके बीच फर्जी मतदान को लेकर दो गुट आमने-सामने हो गए और एक-दूसरे पर फर्जी मतदान कराने की बात कहकर एक-दूसरे को अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने लगे। निघासन क्रय-विक्रय समिति के चुनाव के दौरान दो गुटों में झड़प के दौरान तहसीलदार की तबीयत बिगड़ गई तो उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। निघासन क्रय-विक्रय समिति के चुनाव के दौरान दो गुटों में आपसी झड़प हो गई। झड़प के दौरान चुनाव ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मियों के पसीने छूट गए।

# लिव-इन में रह रही प्रेमिका ने प्रेमी संग सुसाइड किया

## लड़की मुस्लिम, लड़का हिंदू, एक ही कमरे में लटके मिले

### 30 दिन पहले भागी थी 14 साल की लड़की

अमरोहा। अमरोहा में लिव-इन में रह रहे प्रेमी-प्रेमिका ने सुसाइड कर लिया। लड़की मुस्लिम थी, जबकि लड़का हिंदू था। यही नहीं, लड़की की उम्र सिर्फ 14 साल थी। दोनों 1 महीने से साथ रह रहे थे। दोनों का शव एक ही कमरे में फंदे पर लटका मिला। मंगलवार को पड़ोसियों ने दरवाजा खटखटाया, तो कोई रिस्पॉन्स नहीं आया। फिर खिड़की से झांक कर देखा तो दोनों फंदे पर लटके थे।

इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

फिलहाल पुलिस को कमरे से एक मोबाइल और लड़की का आधार कार्ड मिला है। मामला हसनपुर कोतवाली



क्षेत्र के गांव रुखालू का है।

### हरियाणा में नौकरी करता था युवक

रुखालू का मिंटू खड़गवंशी हरियाणा में मजदूरी करता था। इसी दौरान उसकी मुलाकात एक मुस्लिम लड़की से हुई। फिर दोनों में अफेयर हो गया। 2 साल तक दोनों में बातचीत होती रही। 30 दिन पहले मिंटू लड़की को लेकर अमरोहा आ गया था। यहां वह अपने पिता के साथ रहने लगा।

मिंटू के पिता खानचंद ने बताया कि वह मंगलवार सुबह खेत पर गए थे। शाम को जब लौटे तो घर पर पड़ोसियों की भीड़ लगी हुई थी। पूछताछ की तो पता चला कि बेटे ने सुसाइड कर लिया है। दोनों के बीच कोई भी विवाद नहीं था। पता नहीं कैसे यह घटना हो गई? मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।

### कमरे से मोबाइल और लड़की का आधार कार्ड मिला

इधर, घटना की सूचना मिलते ही कोतवाल विनय कुमार और सीओ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। सीओ अरुण कुमार ने बताया कि पुलिस को कमरे से एक मोबाइल मिला है।

उसकी सीडीआर निकलवाई जा रही है। लड़की का एक आधार कार्ड भी बरामद हुआ है। इसमें लड़की की उम्र 14 वर्ष है, जो नाबालिग है। शुरुआती जांच में आत्महत्या का मामला लग रहा है। जांच पड़ताल कराई जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## हादसे में वायु सेना के अधिकारी की पत्नी की मौत

मथुरा। मथुरा में यमुना एक्सप्रेस वे पर बुधवार को हुए हादसे में एक महिला की मौत हो गई जबकि दो युवतियां घायल हो गईं। दिल्ली निवासी परिवार आगरा घूमने के लिए जा रहा था। इसी दौरान सुरीर थाना क्षेत्र में हादसा हो गया। हादसे में मृतक महिला वायु सेना के अधिकारी की पत्नी हैं। दिल्ली निवासी देवी प्रसाद मिश्रा वायु सेना में जूनियर वारंट ऑफिसर के पद पर तैनात हैं। बुधवार को देवी प्रसाद पत्नी किसलाया और बेटी जिज्ञासा व अदम्य के साथ आगरा घूमने जा रहे थे। देवी प्रसाद आई10 कार से थे। यह लोग जैसे ही सुरीर क्षेत्र में पहुंचे तभी पीछे से आती एक हुंडई कार ने टक्कर मार दी। एयरफोर्स में जूनियर वारंट ऑफिसर देवी प्रसाद किलोमीटर संख्या 80 पर पहुंचे। यहां उन्होंने टॉयलेट आदि के लिए कार रोकी। कार रोकने के बाद जैसे ही 40 वर्षीय किसलाया गाड़ी से उतरीं तभी पीछे से आती एक कार ने टक्कर मार दी। वहीं उनके पीछे आती दोनों बेटियों 15 वर्षीय जिज्ञासा और 10 वर्षीय अदम्य चपेट में आने से मामूली रूप से घायल हो गई।

# 21 साल की लड़की की घर में घुसकर हत्या

### 3 बजे रात में बदमाशों ने दरवाजा खुलवाया...फिर मां-भाभी और भतीजे के सामने चाकू से रेता गला

सहारनपुर। सहारनपुर में बदमाशों ने घर में घुसकर 21 साल की सो रही लड़की की हत्या कर दी। बुधवार रात 3 बजे बदमाशों ने घर का दरवाजा खटखटाया। फिर जबरन घर में घुस गए।

इसके बाद मां-भाभी और भतीजे के लड़की का चाकू से गला रेत दिया। इतना ही नहीं, हत्या कर बदमाश उसके घरवालों को धमकी देते हुए फरार हो गए।

बदमाशों ने हत्या क्यों की? बदमाश कौन थे? हत्या में किसका का हाथ तो नहीं? ये अभी सामने नहीं आया है। फिलहाल, पुलिस परिवार और गांव वालों से पूछताछ कर रही है।

### मां ने दरवाजा खोला..धमकी देते हुए घर में घुसे

वारदात थाना चिलकाना के गांव चालाकपुर की है। मृतक लड़की का नाम महकारा है। वह अपनी मां पत्नी, भाई, भाई, भतीजे के साथ रहती थी। पिता की कुछ साल पहले मौत हो चुकी है। घरवालों के मुताबिक, बुधवार रात में सभी खाना-पीना खाकर सो रहे थे। रात में करीब 3 बजे बदमाशों ने दरवाजा खटखटाया। फिर महकारा का नाम लेकर आवाज लगाई। इसके बाद महकारा की मां ने दरवाजा खोला। इतने में बदमाश धमकाते हुए घर में घुस गए।

घरवालों के मुताबिक, कमरे में महकारा अपनी भाभी और भतीजे के साथ सो रही थी। घरवाले ने महकारा को बचाने की कोशिश की, तो बदमाशों ने उन्हें धकेल दिया। मगर, बदमाशों ने महकारा का गला मां, भाभी और भतीजे के सामने रेत दिया। फिर बदमाश चाकू से धमकाते हुए भाग गए। घरवाले तत्काल महकारा को लेकर सहारनपुर जिला अस्पताल पहुंचे। मगर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस बीच पड़ोसी ने पुलिस को सूचना दी। फिर पुलिस मौके पर पहुंची।

## सुल्तानपुर में बेटे ने की बाप की हत्या

**सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेश में सुलतानपुर जिले के दोस्तपुर थाना क्षेत्र में एक बेटे के शराब के नशे में बाप की हत्या कर देने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के दोस्तपुर थाना क्षेत्र के साहिलवा गांव में बीती देर रात मोहम्मद हबीब (70) पुत्र आलम अली की उसके अपने ही पुत्र मुख्तार शेख ने गला दबाकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि मुख्तार मुंबई में रहकर मजदूरी करता है। तीन दिन पूर्व ही वो वहां से घर पर आया था। बीती रात वह बाहर से शराब पीकर घर में आया और जमीन को लेकर पिता से उलझ गया। बाप-बेटे में बहस शुरू हुई। गालीगलौज के बाद नौबत हाथापाई तक आ गई। उसने पिता का गला दबा दिया और पिता की मौत के बाद वह मौके से भाग निकला। स्थानीय लोगों ने दोस्तपुर पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बताया जा रहा है कि मृतक मोहम्मद हबीब ने दो शादी की थीं पहली पत्नी से एक पुत्र है जबकि दूसरी पत्नी से एक पुत्र और तीन लड़कियां हैं।

# रायबरेली : कोचिंग संचालक की पत्नी ने लगायी फांसी

रायबरेली। उत्तर प्रदेश के रायबरेली के शहर इलाके में कोचिंग संचालक की पत्नी ने संदिग्ध हालात में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस सूत्रों से आज बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली के धमसीराय का पुरवा में कोचिंग संचालक की युवा पत्नी ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि आज सुबह पुलिस को सूचना मिली कि धमसी राय के पुरवा में रानी यादव (26) का शव उसके किराए के मकान के एक कमरे में लटका हुआ है। मृतका रानी यादव का पति मुकेश यादव वही पर एक कोचिंग चलाता है।

यह लोग पूरे नारन्दी के रहनेवाले थे। मुकेश यही शहर कोतवाली इलाके के धमसी राय के पुरवा में किराए के मकान में रह कर कोचिंग चलाता था। दोनो के एक पांच वर्ष की बेटी भी है। पुलिस के अनुसार पति का कहना है कि रात में वह सो रहा था तब किसी समय उसकी मृतका पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब शव को फांसी पर झूलते देखा गया तो हड़कंप मच गया।

शव कमरे की छत के पंखे से लटका हुआ था। मृतका ने मफलर से फांसी लगाई थी। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी।

पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि घटना की गहनता से जांच चल रही है हालांकि अभी तक कोई तहरीर नही आई है इसलिए अभी तक कोई मुकदमा दर्ज नही हुआ है।

पुलिस के अनुसार अभी तक प्रथम दृष्टया यही लगता की घर की कलह से यह आत्महत्या की घटना घटी है लेकिन सारी स्थित पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्पष्ट होगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद या तहरीर मिलने के बाद उसी के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मेरठ में ट्रांसफॉर्मर चोरी करने वाले गैंग का खुलासा

## लाखों रुपए के पार्ट्स के साथ 5 गिरफ्तार, पुलिस बोली- पूरे प्रदेश में सक्रिय है गैंग

**मेरठ।** मेरठ के जानी थाना पुलिस ने भोला गंगनहर पुल के पास से ट्रांसफॉर्मर चोरी करने वाले गैंग का खुलासा किया है। पुलिस ने इस गैंग के पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से लाखों रुपए के ट्रांसफॉर्मर के पार्ट्स और एक कार बरामद की है।

पुलिस का कहना है कि बदमाशों का एक बड़ा गैंग है जो पूरे प्रदेश में ट्रांसफॉर्मर की चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है।

जानी थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान ट्रांसफार्मर चोरी करने वाले गैंग के पांच



आरोपियों को पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार गैंग मेरठ सहित प्रदेश के अन्य जिलों में ट्रांसफॉर्मर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। पुलिस ने गैंग के सदस्यों से भारी संख्या में कटे हुए ट्रांसफॉर्मर के पार्ट्स बरामद किए। जिनकी कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है।

### पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा

थाना प्रभारी प्रजन्त त्यागी ने बताया कि चेकिंग के दौरान भोला पटरी के निकट दो व्यक्ति संदिग्ध रूप से दिखाई दिए। पुलिस ने घेराबंदी की और अपने पास बुलाने का इशारा किया तो वह पुलिस को देख भाग खड़े हुए। पुलिस ने घेराबंदी कर भाग रहे तीन बदमाशों को पकड़ लिया।

इस दौरान आरोपी बदमाशों ने बताया कि उनका एक बड़ा गैंग है और गैंग मेरठ सहित पूरे प्रदेश में ट्रांसफॉर्मर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा है।

# फसल बर्बाद होती देख किसानों ने किया रास्ता जाम

**मिर्जापुर।** मिर्जापुर की मड़िहान तहसील क्षेत्र में सिंचाई के लिए पानी की मांग को लेकर किसानों ने बुधवार को घोरावल तिराहे पर रास्ता जाम कर दिया। किसानों के चक्का जाम करने की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने लोगों को जबरन सड़क से हटाया। इससे आक्रोशित किसानों ने धरने पर बैठ गए हैं।

पहाड़ी क्षेत्र में सिंचाई के अभाव में करीब 60 गांव के किसानों की फसल बर्बाद हो रही है। मौके पर पहुंचे एसडीएम, तहसीलदार और पुलिस किसानों को मनाने में जुटी है। मड़िहान तहसील क्षेत्र में धनरौल बांध से सिंचाई की व्यवस्था की जाती है। पहाड़ी इलाके में नहर के द्वारा मिलने वाले जल से ही किसानों के फसलों की पैदावार होती है। यह फसल उनकी कमाई और जीने का सहारा है। किसानों का आरोप है कि नहरों में पानी देने की मांग कई बार करने के बावजूद अब तक पानी नहीं मिला, जबकि जिले का पानी प्रयागराज भेज दिया गया था। इस पर तत्कालीन जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को फटकार भी लगाई थी।

# पति की हत्या में पत्नी व प्रेमी को आजीवन कारावास

कौशांबी। कौशांबी में एडीजे सप्तम की कोर्ट ने युवक की हत्या के मामले में उसकी पत्नी को दोषी पाया है। कोर्ट ने पत्नी सहित उसके प्रेमी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत में दोषी करार दिए गए लोगों पर 1.20 लाख का जुर्माना लगाया है। हत्या का यह मामला 13 नवंबर 1999 में सामने आया था। इसमें थाना सैनी पुलिस ने मधियामई गांव के रहने वाले श्रीपाल पुत्र ननकू ने तहरीर देकर बेटे मेवा लाल की हत्या किए जाने का आरोप बहू रमादेवी पर लगाया था। ससुर ने बहू पर आरोप लगाते हुए कहा कि उसने उनके बेटे की हत्या अवैध संबंध के चलते अपने प्रेमी संग मिलकर कराई है। पुलिस ने मामले में विवेचना कर आरोपी बहू रमादेवी सहित प्रेमी मैकू लाल के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया।

# सरयू नदी में डूबने से बचाए गए 11 लोग

**अयोध्या।** अयोध्या में 4 अलग-अलग घटनाओं में सरयू में डूब रहे 11 लोगों को जल पुलिस ने सरयू नदी में डूबने से बचा लिया। पहली घटना दशहरा के दिन शाम को कच्चा घाट पर हुई जिसमें एक युवा मूर्ति विसर्जन के दौरान डूबने लगा। वजीरगंज गोंडा निवासी सूरज चौहान उम्र 22 साल को जल पुलिस ने अपनी तत्परता से बचा लिया। इसी दिन इसी तरह की एक अन्य घटना रात 11 बजे के बाद हुई। इस घटना में गोंडा जिले के चार युवक जिनकी आयु 25 से 35 के बीच थी। इनमें से एक युवक डूबने लगा तो उसे बचाने गए तीन अन्य भी डूबने लगे ।सभी को जल पुलिस ने बचा लिया। तीसरी घटना आज सुबह 10 बजे के आसपास हुई। अंशु गुप्ता पुत्र सुनील गुप्ता उम्र करीब 10 साल नहाते समय सरयू मे डूबने लगा तो उसे बचाने के लिए पिता सुनील गुप्ता नदी में कूद गया और दोनों डूबने लगे। जल पुलिस ने दोनों को बचा लिया। यह परिवार छत्तीसगढ़ का था। इस परिवार नाविकों और एसडीआरएफ ने बचाया। नाविकों में लालजी मांझी, कपिल मांझी, सतीश मांझी. धनिश मांझी, दिलीप मांझी और पुलिस मित्र नीरज तिवारी का सहयोग रहा। चौथी घटना सरयू के पुराने पुल के पास हुई जिसमें 30 से 40 आयु वर्ग के चार युवक सरयू स्नान कर रहे थे। इसमें सुरेश उम्र करीब 35 साल डूबने लगे तो उन्हें बचाने के लिए गए 3 अन्य साथी डूबने लगे। पहले से तत्पर जल पुलिस ने सभी को बचा लिया। यह सभी फतेहाबाद के बताए जा रहे हैं। पीड़ितों ने जल पुलिस के साहस और तत्परता की जमकर तारीफ की है। इन सभी घटनाओं में शामिल जल पुलिस की टीम में प्रभारी रुबे प्रताप मौर्य, कांस्टेबल नित्यानंद यादव, कॉन्स्टेबल मनोज पाल, कांसटेबल पंकज पाल का सराहनीय योगदान रहा।

## शार्ट न्यूज

### शाह बीबीएसएसएल लोगो का अनावरण, सहकारिता में बीजोत्पादन पर संगोष्ठी का उद्घाटन करेंगे

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह और सहकारिता विभागों के मंत्री अमित शाह भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड (बीबीएसएसएल) के तत्वावधान में सहकारिता के माध्यम से उन्नत और पारंपरिक बीजोत्पादन पर राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करेंगे और सहकारी क्षेत्र की इस बीज कंपनी के लोगो, वेबसाइट और ब्रोशर का अनावरण करेंगे। सहकारिता मंत्रालय की बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार श्री शाह बीबीएसएसएल सदस्यों को सदस्यता प्रमाणपत्र भी वितरित करेंगे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि संगोष्ठी में बीबीएसएसएल के उद्देश्य, पैक्स के माध्यम से बीज उत्पादन के महत्व और फसलों की उत्पादकता एवं पोषण में बीजों की भूमिका के साथ ही छोटे और सीमांत किसानों के उत्थान में सहकारी समितियों की भूमिका पर चर्चा की जाएगी। मंत्रालय ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 'सहकार से समृद्धि' के विजन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम के रूप में बीबीएसएसएल के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन और वितरण से देश में कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी। इससे कृषि और सहकारी क्षेत्र में रोजगार के और अधिक अवसर पैदा होंगे, आयातित बीजों पर निर्भरता कम होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिलने से मेक इन इंडिया को बढ़ावा मिलेगा और आत्मनिर्भर भारत का मार्ग प्रशस्त होगा।

### निजी और विदेशी बैंकों को आरबीआई का फरमान, दो पूर्णकालिक निदेशक रखना जरूरी

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक ने निजी और विदेशी बैंकों की पूर्ण सब्सिडियरी कंपनियों से कहा है कि वे यह सुनिश्चित करें कि उनके पास दो पूर्णकालिक निदेशक हों। इसमें एमडी एवं सीईओ भी शामिल हो सकता है। जिन बैंकों में अभी दो पूर्णकालिक निदेशक नहीं हैं, उनको चार महीने के भीतर ऐसा करने के लिए कहा गया है। आरबीआई ने बुधवार को जारी एक सर्कुलर में कहा कि बैंकिंग क्षेत्र की बढ़ती जटिलता और मौजूदा उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए एक प्रभावी वरिष्ठ प्रबंधन टीम स्थापित करना जरूरी है। ऐसी टीम की स्थापना से उत्तराधिकार योजना में भी सहूलियत मिल सकती है। आरबीआई के अनुसार पूर्णकालिक निदेशकों की संख्या बैंक के बोर्ड के परिचालन के आकार, व्यावसायिक जटिलता और अन्य पहलुओं जैसे कारकों को ध्यान में रखते हुए तय की जानी चाहिए। नियुक्ति के संबंध में जिन बैंकों में सक्षम प्रावधान नहीं हैं, वे पहले आरबीआई से मंजूरी ले सकते हैं।

### चीन के साथ व्यापार घाटे को पाटने के लिए नीति अयोग करेगा अध्ययन

नई दिल्ली। नीति आयोग ने चीन के साथ भारत के व्यापार घाटे को पाटने के लिए एक व्यापक कार्य योजना विकसित करने के लिए एक अध्ययन शुरू किया है। आयोग ने चीन के साथ व्यापार अंतर को कम करने और स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने के क्षेत्रों में दो अध्ययनों का नेतृत्व करने के लिए सलाहकारों से बोलियां आमंत्रित की हैं। यह कदम जून 2020 में गलवान संघर्ष के बाद से भारत और चीन के बीच तनाव की पृष्ठभूमि में भी आया है। आयोग ने अपनी वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक नोटिस में कहा, अध्ययन का उद्देश्य समय के साथ व्यापार घाटे को पाटने के लिए एक व्यापक कार्य योजना विकसित करना और उभरती भू-राजनीतिक स्थिति और आपूर्ति शृंखलाओं की सुरक्षा के लिए संभावित जोखिमों के साथ व्यापार रणनीतियों को संरेखित करना है। अध्ययन के विचारार्थ विषयों में हाल के वर्षों में भारत-चीन व्यापार (उत्पाद श्रेणी स्तर पर) के रुझानों का विश्लेषण करना शामिल है ताकि व्यापार निर्भरता के पैटर्न और इसके अंतर्निहित कारणों को समझा जा सके।

### दिवाली से पहले सरकार का किसानों को तोहफा, कैबिनेट ने दी खाद सब्सिडी को मंजूरी

नई दिल्ली। दिवाली से पहले सरकार ने किसानों को तोहफा देने का एलान किया है। बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में किसानों के लिए फायदेमंद फैसले को मंजूरी दे दी गई है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए खाद सब्सिडी की मंजूरी दे दी है। सरकार की तरह से न्यूट्रिएंट बेस्ड फर्टिलाइजर सब्सिडी को मंजूरी दी गई है। इस बार के रबी सीजन के लिए यह मंजूरी दी गई है। इससे सरकार के ऊपर 22000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च आएगा। मंत्रिमंडल ने फॉस्फेटयुक्त और पोटाशयुक्त (पीएंडके) उर्वरकों पर रबी मौसम, 2023-24 (01.10.2023 से 31.03.2024 तक) के लिए पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) दरों को मंजूरी दे दी है। आगामी रबी सीजन 2023-24 में एनबीएस पर 22,303 करोड़ रुपये के खर्च की उम्मीद है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने 1 अक्टूबर 2023 से 31 मार्च 2024 तक रबी सीजन के लिए सब्सिडी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नाइट्रोजन के लिए यह 47.2 रुपये प्रति किलोग्राम, फास्फोरस 20.82 रुपये प्रति किलोग्राम, पोटाश सब्सिडी 2.38 रुपये प्रति किलोग्राम होगी और सल्फर सब्सिडी 1.89 रुपये प्रति किलोग्राम होगी।

### इस साल पहली तिमाही में 6.4 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया राजकोषीय घाटा

पिछले साल केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा 20 प्रतिशत बढ़ा था तो इस वर्ष की पहली तिमाही में यह घाटी 6.4 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने बुधवार को जारी अपने वक्तव्य में यह बात कही है। रमेश के मुताबिक, आरबीआई बुलेटिन, बेहद चिंताजनक आर्थिक ट्रेंड को दिखाता है। मोदी सरकार ने भारत की अर्थव्यवस्था का जिस तरह से लगातार कुप्रबंधन किया है, वो इस बुलेटिन में स्पष्ट रूप से दिख रहा है। याद कीजिए, सितंबर 2023 के बुलेटिन में कई नकारात्मक इंडिकेटर्स सामने आए थे। उनमें घरेलू बचत का 47 साल के सबसे निचले स्तर पर पहुंचना, निजी क्षेत्र के लिए घरेलू ऋण में स्थिरता और श्रम-बल भागीदारी का एक ही तरह से बने रहना आदि शामिल थे। अब भी वे ट्रेंड्स या तो वैसे ही बने हुए हैं या और भी अधिक बिगड़ गए हैं। जयराम रमेश ने कहा क शुद्ध घरेलू बचत में कमी आने का एक प्रमुख कारण यह है कि घरेलू देनदारियों (लायबिलिटिज) में भारी बढ़ोतरी हुई है। वित्त मंत्रालय ने गुमराह करने के लिए दावा किया था कि यह बढ़ोतरी गृह और वाहन ऋण के कारण है। दूसरी तरफ आरबीआई के सितंबर माह के बुलेटिन ने स्पष्ट रूप से दिखाया था कि गोल्ड लोन में 23 प्रतिशत और पर्सनल लोन में 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

### भारत ने आयातित कोयला आधारित बिजली संयंत्रों को संचालित करने की अवधि जून 2024 तक बढ़ाई

नई दिल्ली। सरकार ने बिजली अधिनियम, 2003 के आपातकालीन खंड को बढ़ाते हुए आयातित कोयला आधारित बिजली संयंत्रों को इस महीने के अंत के बजाय 30 जून, 2024 तक अपनी पूरी क्षमता पर चलने की मंजूरी दे दी है। मांग में वृद्धि, घरेलू कोयले की अपर्याप्त आपूर्ति और जल विद्युत उत्पादन में कमी के कारण बिजली मंत्रालय की ओर से आयात कोयले से बिजली संयंत्रों को संचालित करने के लिए आठ महीने के विस्तार का निर्देश दिया गया है। अगले वर्ष (2024-25) के लिए, सरकार 256.53 गीगावॉट (256,530 मेगावाट) की पीक बिजली की मांग की उम्मीद कर रही है। यह इस साल की अधिकतम मांग के अनुरूप है, जो पहली बार एक सितंबर को रिकॉर्ड 239.978 गीगावॉट (239,978 मेगावाट) पर पहुंच गई। हालांकि, मांग में असामान्य वृद्धि के परिणामस्वरूप बिजली की कमी में भी वृद्धि हुई, यह उसी दिन 10.745 गीगावॉट (10,745 मेगावाट) दर्ज की गई। बिजली की मांग में वृद्धि, घरेलू कोयले की अपर्याप्त आपूर्ति और जल विद्युत की कम उपलब्धता को देखते हुए सरकार ने आयातित कोयला आधारित (आईसीबी) उत्पादन स्टेशनों से को 30 जून 2024 तक संचालन करने की अनुमति दी है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) के साथ परामर्श के बाद, सरकार ने आयातित कोयला आधारित जनरेटर के संचालन की अवधि को धारा 11 के तहत 30.06.2024 तक बढ़ाने का फैसला किया है।

# दिल्ली में 294 करोड़ के नशीले पदार्थ और 80.2 लाख विदेशी सिगरेट नष्ट

नयी दिल्ली। वित्त मंत्रालय के विशेष स्वच्छता अभियान 3.0 के हिस्से के रूप में आज यहां केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के दिल्ली सीमा शुल्क निवारक क्षेत्र ने 284 करोड़ रुपये मूल्य के 328 किलोग्राम मादक पदार्थ और 9.85 करोड़ रुपये मूल्य की विदेशी मूल की 80.2 लाख सिगरेट सुरक्षित तरीके से नष्ट कीं।

इस दौरान राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा, सीबीआईसी के अध्यक्ष और सीबीआईसी के सदस्य (अनुपालन प्रबंधन) भी उपस्थिति थे। इस अवसर पर श्री मल्होत्रा ने कहा कि सीमा शुल्क विभाग विशेष अभियान के इतर भी गैरकानूनी वस्तुओं को नष्ट करता है, हालांकि विशेष अभियान ने इस प्रक्रिया को बढ़ावा दिया है। दशहरे पर्व के अवसर पर अवैध वस्तुओं को नष्ट करने की तुलना रावण दहन से करते हुए श्री मल्होत्रा ने कहा कि आज का यह कार्य बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ियों को नशे के चंगुल से बचाने के लिए नशीले पदार्थों के खतरे के खिलाफ विभाग का संकल्प जारी है।



उन्होंने कहा कि आज नष्ट किए जा रहे मादक पदार्थों में 29 किलोग्राम हेरोइन, 6 किलोग्राम कोकीन, 7 किलोग्राम एम्फ़ैटेमिन और 286 किलोग्राम %खाट के नशीले पत्ते% (कैथा एडुलिस) शामिल हैं। विभाग ने 2005-06 और 2009-10 में अधिकांश हेरोइन जब्त की थी और 2022-23 में कुछ मात्रा जब्त की गई थी। शेष मादक पदार्थ 2022-23 में जब्त किए गए थे। आज नष्ट की जा रही विदेशी मूल की सिगरेट का बड़ा हिस्सा 2018 में जब्त किया गया था और कुछ मात्रा 2023 में जब्त की गई थी। विभाग ने इन सिगरेटों को इसलिए जब्त किया क्योंकि इन्हें सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (सीओटीपीए), 2003 का उल्लंघन करते हुए भारत में तस्करी करके लाया गया था। इन विदेशी मूल की सिगरेटों के पैकेज में अनिवार्य स्वास्थ्य और चित्रात्मक चेतावनी नहीं थी।

मेसर्स बायोटिक वेस्ट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली में खतरनाक और अन्य अपशिष्ट (एम एंड टीएम) नियम, 2016 के तहत दिशानिर्देशों के अनुसार एनडीपीएस पदार्थों और विदेशी मूल की सिगरेट को नष्ट किया गया है। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) द्वारा मादक पदार्थों, सिगरेट और जैव-चिकित्सा अपशिष्ट सहित अन्य जैव-अपघटन योग्य कचरे को नष्ट करने के लिए एक सुविधा विधिवत रूप से अधिकृत है।

सीबीआईसी ने अक्टूबर 2023 के तीसरे सप्ताह में लंबित मामलों के निपटान के लिए विशेष अभियान (एससीडीपीएम) 3.0 के तहत गतिविधियों को बढ़ाया है। इनमें 1,000 करोड़ रुपये मूल्य के 365 किलोग्राम नशीले पदार्थ और 13 करोड़ रुपये मूल्य की 1.35 करोड़ विदेशी मूल की सिगरेट नष्ट की गईं। विभाग ने 8,308 फाइलों को भी हटा दिया है और 9,304 किलोग्राम कबाड़ का निपटान किया है। इस प्रकार 46,565 वर्ग फुट कार्यालय स्थान खाली हो गया है। सीमा शुल्क निवारक क्षेत्र, दिल्ली द्वारा मादक पदार्थों और सिगरेट को नष्ट किया जाना स्वच्छता के संदेश को फैलाने की दिशा में एक प्रयास है।

# मुनाफावसूली का शिकार हुआ बाजार

मुंबई। इजराइल-हमास संघर्ष के बीच कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और कंपनियों के कमजोर तिमाही परिणाम से विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई मुनाफावसूली के दबाव में आज शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन हाहाकार मच गया।



बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 522.82 अंक अर्थात 0.81 प्रतिशत का गोता लगाकर चार महीने के निचले स्तर 64049.06 अंक पर आ गया। इससे पहले यह 28 जून को 63915.42 अंक पर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 159.60 अंक यानी 0.83 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 19122.15 अंक पर आ गया।

बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी बिकवाली का दबाव रहा। इस दौरान मिडकैप 0.52 प्रतिशत लुढ़ककर 30,920.09 अंक और स्मॉलकैप 0.77 प्रतिशत गिरकर 36,321.61 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3795 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2464 में गिरावट जबकि 1223 में तेजी का रुख रहा वहीं 108 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 40 कंपनियां लाल जबकि शेष 10 हरे निशान पर रही।

बीएसई में धातु समूह की 0.85 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर शेष 19 में बिकवाली हावी रही। इस दौरान कमोडिटीज 0.50, सीडी 0.43, ऊर्जा 0.24, एफएमसीजी 0.43, वित्तीय सेवाएं 0.83, हेल्थकेयर 0.67, इंडस्ट्रियल्स 1.30, आईटी 1.13, दूरसंचार 1.29, यूटिलिटीज 1.25, ऑटो 0.30, बैंकिंग 0.70, कैपिटल गुड्स 1.11, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.63, तेल एवं गैस 0.59, पावर 1.09, रियल्टी 0.80, टेक 1.39 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.18 प्रतिशत लुढ़क गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान जर्मनी का डैक्स 0.24 फिसल गया जबकि ब्रिटेन का एफटीएसई 0.03, जापान का निक्केई 0.67, हांगकांग का हैंगसेंग 0.55 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.40 प्रतिशत चढ़ गया।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 47 अंक की बढ़त के साथ 64,619.27 अंक पर खुला और लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 64,787.08 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। लेकिन, बिकवाली होने से यह दोपहर बाद 63,912.16 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। हालांकि इसके बाद उसने संभलने की कोशिश की लेकिन अंत में पिछले दिवस के 64,571.88 अंक के मुकाबले 0.81 प्रतिशत का गोता लगाकर 64,049.06 अंक रह गया।

निफ्टी पांच अंक बढ़कर 19,286.45 अंक पर सपाट खुला। सत्र के दौरान यह 19,347.30 अंक के उच्चतम जबकि 19,074.15 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,281.75 अंक की तुलना में 0.83 प्रतिशत टूटकर 19,122.15 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की गिरावट पर रही 24 कंपनियों में से इंफोसिस ने सबसे अधिक 2.76 प्रतिशत का नुकसान उठाया। साथ ही भारती एयरटेल 1.90, एनटीपीसी 1.82, टाटा मोटर्स 1.47, आईसीआईसीआई बैंक 1.47, एलटी 1.42, टेक महिंद्रा 1.16, एक्सिस बैंक 0.84, आईटीसी 0.75, एचडीएफसी बैंक 0.61, टीसीएस 0.56, विप्रो 0.26, रिलायंस 0.21, सन फार्मा 0.20, बजाज फिनसर्व 0.11 और पावरग्रिड के शेयर 0.05 प्रतिशत उतर गए।

वहीं, टाटा स्टील 1.13, एसबीआई 0.60, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.48, मारुति 0.44, नेस्ले इंडिया 0.15 और जेएसडब्ल्यू स्टील ने 0.05 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

# अमेजन बिजनेस पर व्यवसाय संबंधित उत्पादों पर ऑफर

**बेंगलुरु।** इस त्योहारी सीजन में अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2023के तहत ऑनलाइन मार्केटप्लेस अमेजन बिजनेस पर कारोबारियों को आकर्षक ऑफरों की पेशकश की गयी है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि बिजनेस कस्टमरों को आसुस, डेल, हॉनर, व्हर्लपूल, सीपी प्लस सहित टॉप ब्रांडों के लैपटॉप, डेस्कटॉप और मॉनिटर, एप्लाएंसेस, वैक्यूम क्लीनर्स, वॉशिंग मशीन, फ्रिज, ऑफिस चेयर्स, सिक्यूरिटी कैमरा, टूल्स, और इंस्ट्रूमेंट्स आदि सभी श्रेणियों के अद्वितीय उत्पादों पर पहले कभी न देखी गई डील्स और ऑफर्स का लुत्फ उठा सकते हैं। अमेजन बिजनेस पर बिजनेस कस्टमर्स जीएसटी बिल के साथ 28 प्रतिशत तक की अतिरिक्त बचत कर सकते हैं और 15,000 से ज्यादा जीएसटी-सक्षम उत्पादों पर थोक खरीद छूट के साथ 40 प्रतिशत तक की बचत कर सकते हैं। 10 लाख से अधिक विक्रेताओं द्वारा पेश किए गए 19 करोड़ से ज्यादा उत्पादों के जीएसटी सक्षम चयन के साथ, व्यावसायिक उद्यम अपनी खरीद पर बड़ी बचत कर सकते हैं।

अमेजन बिजनेस का लक्ष्य भारत में सभी प्रकार और आकार के व्यवसायों के लिए खरीदारी को आसान और कुशल बनाने के लिए प्रतिस्पर्धी और पारदर्शी मूल्य निर्धारण और व्यापक डिलीवरी कवरेज के साथ जीएसटी सक्षम चयन को एक मंच पर उपलब्ध कराना है।

उपभोक्ताओं के लिए किफायत में सुधार करने और उनकी खरीद आवश्यकताओं को आसान बनाने के लिए, अमेजन बिजनेस ने अपनी 6वीं वर्षगांठ पर पात्र बिजनेस कस्टमरों को वर्चुअल क्रेडिट प्रदान करने के लिए अमेजन पे लेटर के साथ अपने एकीकरण की घोषणा की है।

इस पहल का उद्देश्य व्यवसायों और अन्य कॉरपोरेट खरीदारों को एक आसान और परेशानी मुक्त भुगतान अनुभव के साथ अपने व्यवसायों के लिए दैनिक जरूरी वस्तुओं, इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर कॉरपोरेट गिफ्टिंग तक के उत्पादों की थोक और नियमित खरीद के लिए उनका बजट बढ़ाने में मदद करना है।

## उत्तराखंड की जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना पीएमकेएसवाई एआईबीपी में शामिल

नयी दिल्ली। सरकार ने प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना-त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (पीएमकेएसवाई-एआईबीपी) के तहत उत्तराखंड की जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना को शामिल करने की मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुयी आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में जल संसाधन,नदी विकास और गंगा संरक्षणविभाग के इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। समिति ने मार्च 2028 तक 2,584.10 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली परियोजना को पूरा करने के लिए उत्तराखंड को 1,557.18 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना में उत्तराखंड के नैनीताल जिले में राम गंगा नदी की सहायक नदी गोला नदी पर जमरानी गांव के पास एक बांध के निर्माण की परिकल्पना की गई है। यह बांध मौजूदा गोला बैराज को अपनी 40.5 किलोमीटर लंबी नहर प्रणाली और 244 किलोमीटर लंबी नहर प्रणाली के माध्यम से पानी देगा जो 1981 में पूरा हुआ था। इस परियोजना में उत्तराखंड के नैनीताल और उधम सिंह नगर जिलों और उत्तर प्रदेश के रामपुर और बरेली जिलों में 57,065 हेक्टेयर (उत्तराखंड में 9,458 हेक्टेयर और उत्तर प्रदेश में 47,607 हेक्टेयर) की अतिरिक्त सिंचाई की परिकल्पना की गई है। दो नई फीडर नहरों के निर्माण के अलावा, 207 किलोमीटर मौजूदा नहरों का नवीनीकरण किया जाना है और परियोजना के तहत 278 किलोमीटर पक्के फील्ड चैनल भी क्रियान्वित किए जाने हैं। इसके अलावा, इस परियोजना में 14 मेगावाट की जल विद्युत उत्पादन के साथ-साथ हल्द्वानी और आसपास के क्षेत्रों में 4 करोड 27 लाख क्यूबिक मीटर (एमसीएम) पीने के पानी के प्रावधान की भी परिकल्पना की गई है, जिससे 10.65 लाख से अधिक आबादी लाभान्वित होगी। परियोजना के सिंचाई लाभों का एक बड़ा हिस्सा पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश को भी होगा, और दोनों राज्यों के बीच लागत/लाभ साझाकरण 2017 में हस्ताक्षरित एक समझौता ज्ञापन के अनुसार किया जाना है। हालांकि, पीने का पानी और बिजली लाभ उपलब्ध होंगे पूरी तरह से उत्तराखंड को ही मिलेगा।

# बेमौसमी सब्जियों का उत्पादन कर किसानों ने अपनी आर्थिकी को किया सुदृढ़

चम्बा। हिमाचल प्रदेश के चंबा विकासखंड के ग्राम पंचायत भनोता के गाँव ठुकरला के संजीव कुमार बे मौसमी सब्जियों का उत्पादन कर अपनी आर्थिकी को सुदृढ़ करने के साथ-साथ लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत भी बने हैं।

संजीव कुमार माह अगस्त और सितंबर में तीन बीघा भूमि पर वे मौसमी सब्जी मटर, फ्रांसबीन, गोभी, मूली, बेंगन, ब्रोकली ,पालक की फसल तैयार कर बाजार में अच्छी कीमत पर सब्जियां बेच रहे हैं। इस कार्य में उनके साथ चार से पांच किसान और भी जुड़े हैं।

भनौता के किसान संजीव कुमार का कहना है कि किसान कृषि विभाग से बहुमूल्य जानकारी हासिल कर लाभ ले सकते हैं बेशर्त जी जान तोड़ मेहनत करें तो अपनी आर्थिकी को मजबूत कर सकते हैं ।

उन्होंने बताया कि बे मौसमी सब्जियों के उत्पादन के लिए मुझे कृषि विभाग चंबा द्वारा प्रेरित किया गया विभाग के सहयोग एवं परामर्श से सभी प्राकृतिक संसाधनों के प्रयोग से यहां बेमौसमी सब्जियों के उत्पादन में बेहतरीन कार्य हुआ हैऔर मुझे बेमौसमी सब्जियों के उन्नत किस्म के बीज भी कृषि विभाग द्वारा मुहैया करवाए गए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में युवा नौकरी की तलाश में संघर्ष कर रहे हैं उस से बेहतर यह रहे गा कि बेरोजगार युवा भी अपनी भूमि पर बे मौसमी सब्जियां उगा कर रोजगार का साधन अपना सकते है।

उन्होंने बताया कि चंबा कृषि विभाग द्वारा मुझे 50 प्रतिशत अनुदान राशि पर ट्रैक्टर मुहैया करवाया गया है उन्होंने यह भी कहा कि सिंचाई सुविधा न होने के कारण भू संरक्षण विभाग द्वारा पानी के टैंक के निर्माण के लिए 36 हजार की राशि उपलब्ध कराई गई,साथ में पावर ड्रिप उन्हें 80 प्रतिशत अनुदान राशि पर उपलब्ध हुआ जिससे वह आसानी से अपने खेतों की सिंचाई कर रहे हैं।

संजीव कुमार बताते हैं कि बे मौसमी सब्जियों के उत्पादन मटर, फ़्रांसबीन, गोभी, मूली , बेंगन, ब्रोकली ,पालक की फसल तैयार कर बिक्री कर रहे हैं। देश व प्रदेश के अन्य क्षेत्रों के मुकाबले बे मौसमी होने के कारण, व्यापारी किसानों से खेतों में ही अच्छे दामों में खरीद रहें हैं। इन बे मौसमी सब्जियों से लगभग चार से पांच लाख वार्षिक आय हो रही है इसके लिए उन्होंने कृषि विभाग तथा हिमाचल प्रदेश सरकार का धन्यवाद किया और कहा कि सरकार किसानों के लिए और भी सुविधा सुविधाऐं व योजनाएं तथा उन्नत तकनीक लेकर आएं जिससे किसान और अधिक समृद्धशाली हो सके।

उपनिदेशक कृषि विभाग ने डॉ कुलदीप धीमान ने कहा कि जिला चंबा की विविध जलवायु होने के कारण यहाँ वे मौसमी सब्जियों के उत्पादन की अधिक सम्भावनाएं मौजूद हैं।

उन्होंने किसानों की सिंचाई की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से शत प्रतिशत अनुदान पर दूर दराज नालों से पानी को सिंचाई कुहल के माध्यम से किसानों के खेतों तक पहुँचाया गया।

पानी को इकत्रित करने के लिए किसानों के खेतों में जल भण्डारण टैंक बनाए गये तथा किसानों के खेतों में 80 प्रतिशत अनुदान पर सूक्ष्म सिंचाई प्रणालियाँ स्थापित की गई हैं और पिछले कुछ वर्षों में लगभग 2000 हेक्टेयर क्षेत्र पर सूक्ष्म सिंचाई सुविधाएँ स्थापित की गई हैं प् उन्होंने कहा कि सूक्ष्म सिंचाई सुविधाएँ स्थापित करने के लिए पिछले दो वर्षों में निति आयोग से कृषि विभाग को लगभग 150 लाख की धनराशि भी प्राप्त हुई है। जिन्हें कृषि आधारित विभिन्न गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए व्यय किया जा रहा है।

भू-संरक्षण अधिकारी चंबा डॉ.संजीव कुमार मन्हास ने कहा कि फब्बारा सिंचाई प्रणाली स्थापित करने के बाद पानी की बचत होती है इसलिए कम पानी से अधिक क्षेत्रफल में सिंचाई की जा रही है प् दूसरा सिंचाई करने में समय की बचत होती है और सही मात्रा में फसल को पानी मिलाने से पैदावार में बढ़ोतरी हो रही है।

उन्होंने बताया कि जिला चंबा का भौगोलिक क्षेत्रफल लगभग 692 हज़ार हैक्टेयर है, जिसमे से केवल 41.80 हज़ार हैक्टेयर भूमि पर मक्की, धान व गेहूँ की स्ंआंत अनाज की फसलें की खेती की जा रही है ।लेकिन अब यहां के किसानों का भी नगदी बे मौसमी सब्जियों की और उनका रुझान बढ़ रहा है और लगभग 2200 हैक्टेयर क्षेत्रफल में सब्जी उत्पादन किया जा रहा है। इससे किसानों की आर्थिकी मजबूत हो रही है।

# श्रीअन्न रेसिपी विकास व उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम पर योगी सरकार का जोर

## मिलेट्स वर्ष में मोटे अनाजों को प्रोत्साहित कर रही योगी सरकार

लखनऊ। योगी सरकार का श्रीअन्न रेसिपी विकास व उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम पर विशेष जोर है। कृषि विभाग की तरफ से श्रीअन्न महोत्सव (27 से 29 अक्टूबर) का आयोजन किया जा रहा है। एक अनूठी पहल के तहत शनिवार को श्रीअन्न पकवान प्रतियोगिता कराकर कृषि विभाग आमजन को मिलेट्स उत्पादों के प्रति जागरूक भी करेगा। अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के अंतर्गत निरंतर मोटे अनाजों को प्रोत्साहित कर इसे जरिया बनाया गया है। महोत्सव में एक ओर होटल व रेस्तरां उद्योगों के जरिए मिलेट्स की संभावनाओं पर कार्य होगा तो वहीं मिलेट्स के रेडी टू ईट उत्पाद, लाइव काउंटर्स और बेकरी तीन श्रेणियों में भी इनकी तरफ से प्रतिभाग भी किया जाएगा। शनिवार को चटोरी गली में इस पर होटल-रेस्तरां के प्रतिनिधि भाग लेंगे। रविवार को सर्वश्रेष्ठ तीन प्रतिभागियों को तीनों श्रेणियों में पुरस्कृत भी किया जाएगा।

### तीन श्रेणियों में मिलेट्स उत्पाद की बिखरेगी खुशबू

कृषि विभाग की देखरेख में होने वाले श्रीअन्न महोत्सव में होटल-रेस्तरां के प्रतिनिधि इस उद्योग में मिलेट्स के उत्पादों की संभावनाओं पर विचार रखेंगे। श्रीअन्न पकवान प्रतियोगिता में आमजन के लिए बाजरा, कुट्टू, रामदाना, ज्वार, कोदो, सावां, ज्वार आदि मिलेट्स व्यंजन भी रहेंगे। कार्यक्रम को तीन श्रेणियों में बांटा गया है।

मिलेट्स के रेडी टू ईट उत्पाद, लाइव काउंटर्स और बेकरी तीन श्रेणियों में प्रदर्शन होगा। फिलहाल इसमें 25 स्टाल प्रतिभागियों का पंजीकरण किया गया है।

### मिलेट्स के प्रोत्साहन के लिए अनूठी पहल

मिलेट्स के प्रोत्साहन के लिए योगी सरकार की तरफ से इस तरह की अनूठी पहल की गई है। कृषि कुंभ 2.0 के पहले चटोरी गली में न सिर्फ यह आयोजन किया जाएगा, बल्कि श्रीअन्न पकवान प्रतियोगिता में सर्वेश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले होटल-रेस्तरां को पुरस्कृत भी किया जाएगा। इसका उद्देश्य श्रीअन्न रेसिपी विकास व उपभोक्ता जागरूकता से जुड़ा है। कृषि विभाग के साथ लखनऊ विकास प्राधिकरण की भी इसमें सहभागिता रहेगी।

## बैंक ऑफ बड़ौदा क्रेडिट कार्ड पर 500 से अधिक ऑफर

नयी दिल्ली। त्योहारी सीजन के मद्देनजर बीओबी फाइनेंशियल सॉल्यूशंस लिमिटेड अपनी थीम - रीइमेजिन फेस्टिविटीज- के तहत बैंक ऑफ बड़ौदा क्रेडिट कार्ड पर 500 से अधिक ऑफरों की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि सभी बीओबी क्रेडिट कार्ड वेरिएंट के लिए यह ऑफर है। यह ऑफर वर्तमान में लाइव है और ब्रांड के सभी संचार चैनलों पर प्रचारित किया जा रहे है। इस पहल का उद्देश्य सिर्फ बीओबी क्रेडिट कार्ड उपयोगकर्ताओं की खरीदारी को अधिक बजट-अनुकूल बनाना ही नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य समग्र त्योहारी सीजन के अनुभव को एक विशेष रूप में बढ़ाना भी है। यह योजना ईएमआई भुगतानों और विभिन्न प्रकार की खरीदारी श्रेणियों, जैसे कि इलेक्ट्रॉनिक्स, और रिचार्ज के लिए उपभोगताओं को प्रोत्साहित करने का भी प्रयास कर रही है।

# रिलायंस जियो लॉन्च करेगा एआई से लैस इन-होम सर्विस

नयी दिल्ली। रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड ने ग्राहकों को एआई आधारित स्मार्ट होम और स्मॉल बिजनेस सर्विस देने के लिए प्लम के साथ हाथ मिलाया है।

कंपनी ने आज सहां कहा कि प्लम के स्केलेबल क्लाउड प्लेटफॉर्म के जरिए यह साझेदारी, भारत में लगभग 20 करोड़ परिसरों में अत्याधुनिक सेवाएं प्रदान करेगी। रिलायंस जियो, प्लम के एआई से लैस और क्लाउड प्लेटफ़ॉर्म पर आधारित होमपास और वर्कपास उपभोक्ता सर्विस को लॉन्च करेगा। होमपास से घर स्मार्ट होम में तब्दील हो जाएंगे। पूरे घर के डिवाइस वाईफाई कनेक्टेड होंगे। एप्लिकेशन्स के प्रदर्शन में सुधार होगा, कनेक्टेड डिवाइसों को साइबर हमलों से सुरक्षा मिलेगी, बच्चों की कंटेंट तक पहुंच को अभिभावक बेहतर तरीके से नियंत्रित कर सकेंगे। वाईफाई मोशन सेंसिंग जैसी सुविधाएं भी मिलेंगी।

छोटे व्यवसायों के लिए प्लम का वर्कपास काफी कारगार है। वर्कपास दरअसल एक बिजनेस इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म है, जो छोटे व्यवसाय के लिए सरल सॉल्युशन्स और उनकी सुगमता के साथ एंटरप्राइज-ग्रेड प्रौद्योगिकी की क्षमताओं का संतुलन कायम करता है। इसमें आवश्यक कनेक्टिविटी, उत्पादकता और सुरक्षा टूल्स मिलते हैं।

ग्राहकों का अनुभव बेहतर बनाने के लिए जियो, प्लम के हेस्टैक सपोर्ट और ऑपरेशंस सूट का इस्तेमाल करेगी। जिससे जियो की ग्राहक सहायता और संचालन टीमों को प्रदर्शन सुधरेगा।

साथ नेटवर्क को मजबूत करने, ग्राहक संबंधित मुद्दों की पहचान करने, विश्लेषण करने और तेजी से काम निपटाने में मदद मिलेगी।

## शार्ट न्यूज

### गोबिंद सागर झील वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों के लिए नोटिफाई : सीएम सुक्खू

बिलासपुर। हिमाचल प्रदेश के गोबिंद सागर झील में पर्यटक हर प्रकार की गतिविधियों का लुत्फ उठाएंगे। इससे प्रदेश के पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। झील में जल्द ही क्रूज, मोटर बोट्स, हाई स्पीड बोट्स और शिकारा पानी पर तैरते नजर आएंगे। प्रदेश सरकार ने झील को विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के लिए नोटिफाई कर दिया है। बुधवार को बिलासपुर पहुंचे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इसकी घोषणा की। झील में करीब 60 किलोमीटर के क्षेत्र में यह गतिविधियां शुरू होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि झील में पर्यटक हर प्रकार की गतिविधियों का लुत्फ उठाएंगे। इससे प्रदेश के पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। किरतपुर-नेरचौक फोरलेन का काफी लंबा भाग गोबिंद सागर झील के किनारे से होकर गुजरता है। झील में अब पर्यटन गतिविधियां होने से फोरलेन से गुजरने वाले पर्यटक आकर्षित होंगे। इससे रोजगार के द्वार भी खुलेंगे और एक नई जगह पर्यटन स्थल के रूप में उभरेगी। इसके साथ ही झील के साथ लगते कई धार्मिक और पर्यटन स्थल भी विकसित होंगे।

### अहमदाबाद में डीआरएम चैंपियनशिप का आयोजन

अहमदाबाद। पश्चिम रेलवे में गुजरात के अहमदाबाद मंडल स्पोर्ट्स एसोसिएशन (एडीएसए) की ओर से यहां डीआरएम चैंपियनशिप का आयोजन बुधवार से नौ नवंबर तक किया जा रहा है। एसोसिएशन के अध्यक्ष और मंडल रेल प्रबंधक सुधीर कुमार शर्मा ने स कार्यक्रम की आज शुरुआत की। इस खेल प्रतियोगिता के बारे में एसोसिएशन के सचिव और वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर अभिषेक कुमार सिंह ने जानकारी दी कि अहमदाबाद मंडल में इस वर्ष 2023-24 में आयोजित डीआरएम चैंपियनशिप में कुल 10 इवेंट आयोजित किए गए हैं। इन इवेंट्स में क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, बैडमिंटन कैरम, शतरंज, एथलेटिक्स, स्विमिंग और टग ऑफ वार जैसे लोकप्रिय खेल शामिल हैं। इन प्रतियोगिताओं में कुल 16 टीमों द्वारा भाग लिया जा रहा है, जिसमें सभी विभागों की टीम, कारखाना, साबरमती स्टोर निर्माण विभाग, और गांधीधाम एरिया मैनेजर टीम शामिल हैं। डीआरएम चैंपियनशिप खेल के प्रति खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण कदम है शारीरिक फिटनेस के लिए खेल बहुत जरूरी है।

### जोहोर कप: पाकिस्तान के खिलाफ अभियान की शुरुआत करेगी भारतीय टीम

बेंगलुरु। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम 27 अक्टूबर से मलेशिया के जोहोर में होने वाले 11वें सुल्तान जोहोर कप 2023 में अपने अभियान की शुरुआत पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से करेगी। टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए गत विजेता भारतीय टीम बुधवार तड़के बेंगलुरु से कुआलालंपुर के लिये रवाना हो गयी। भारत ने पिछले साल चार नवंबर को आस्ट्रेलिया को हरा कर प्रतिष्ठित ट्राफी पर कब्जा किया था। भारत को पूल बी में मलेशिया, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है, जबकि पूल ए में जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और ग्रेट ब्रिटेन शामिल हैं। कप्तान उत्तम सिंह के नेतृत्व में भारतीयों का लक्ष्य पूल बी में शीर्ष दो में जगह बनाना होगा ताकि उनका सेमीफाइनल में पहुंचना सुनिश्चित हो सके। टीम अपने अभियान की शुरुआत 27 अक्टूबर को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से करेगी, जिसके बाद 28 अक्टूबर को मेजबान मलेशिया के खिलाफ मुकाबला होगा। एक दिन के आराम के बाद, भारत 30 अक्टूबर को अपने अंतिम पूल मैच में न्यूजीलैंड से भिड़ेगा। कप्तान उत्तम सिंह ने रवाना होने से पहले कहा हम 11वें सुल्तान जोहोर कप में मौजूदा चैंपियन के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए सम्मानित महसूस कर रहे हैं।

### अमोल मुजुमदार भारतीय महिला टीम के नये मुख्य कोच नियुक्त

मुंबई। दिग्गज रणजी खिलाड़ी अमोल मुजुमदार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। बीसीसीआई ने सुलक्षणा नाइक, अशोक मल्होत्रा और जतिन परांजपे की क्रिकेट सलाहकार समिति ने टीम इंडिया (वरिष्ठ महिला) के पद के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए आवेदकों का साक्षात्कार लिया और गहन विचार-विमर्श के बाद तीन सदस्यीय समिति ने अमोल मुजुमदार को यह पद संभालने की सिफारिश की। घरेलू दिग्गज मुजुमदार ने अपने 21 साल के प्रभावशाली करियर के दौरान 171 मैचों में 30 शतकों सहित 11,000 से अधिक प्रथम श्रेणी रन बनाए हैं। उन्होंने 100 से अधिक लिस्ट ए गेम्स और 14 टी20 मैचों में भी हिस्सा लिया। उन्होंने मुंबई के साथ कई रणजी ट्रॉफी खिताब जीते और बाद में असम और आंध्र प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने कहा, मैं भारतीय महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के रूप में अमोल मजूमदार की नियुक्ति का स्वागत करता हूं। मुझे विश्वास है कि उनके कार्यकाल में टीम आगे बढ़ती रहेगी और खेल के विभिन्न प्रारूपों में अच्छा प्रदर्शन करेगी। बीसीसीआई के मानद सचिव जय शाह ने कहा, मैं हमारी राष्ट्रीय टीम के लिए नए मुख्य कोच की पहचान करने के लिए गहन मूल्यांकन और चयन प्रक्रिया आयोजित करने के लिए सीएसी को धन्यवाद देता हूं और मैं अमोल मुजुमदार को उनकी नियुक्ति पर बधाई देता हूं।

### चीन-थाईलैंड रेलवे के निर्माण में तेजी लाई जाएगी

बैंकॉक। थाईलैंड के प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन ने कहा कि थाईलैंड चीन-प्रस्तावित बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के तहत एक द्विपक्षीय प्रमुख परियोजना, चीन-थाईलैंड रेलवे के निर्माण में तेजी लाने की योजना बना रहा है। श्रेथा ने अपनी आधिकारिक यात्रा से पहले शिन्हुआ के साथ एक साक्षात्कार में यह जानकारी दी। श्रेथा ने मंगलवार शाम को थाईलैंड के भविष्य 2024 के लाइव डिनर टॉक के दौरान कहा कि थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक से खोन केन, नोंग खाई तक एक रेल प्रणाली बनाएगा और बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के साथ संरेखित करते हुए इसे चीन तक विस्तारित करेगा। खोन केन और नोंग खाई की दो प्रांतीय राजधानी शहरों को थाईलैंड के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र तक ले जाने वाले परिवहन केंद्र के रूप में माना जाता है। श्रेथा ने अपनी आधिकारिक यात्रा से पहले कहा, बीआरआई सहयोग के संबंध में थाईलैंड के लिए रसद महत्वपूर्ण मुद्दों में से एक है और थाईलैंड अपने घरेलू रेलवे तथा क्षेत्र में एक प्रमुख बीआरआई परियोजना चीन-लाओस रेलवे के बीच संबंध बढ़ाएगा। इस महीने की शुरुआत में वह चीन गए, इस दौरान उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए तीसरे बेल्ट एंड रोड फोरम में भी भाग लिया। चीन-थाईलैंड रेलवे, ट्रांस-एशियाई रेलवे नेटवर्क का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थाईलैंड का पहला मानक-गेज हाई-स्पीड रेलवे होगा।

### वेस्ट बैंक में मरने वालों की संख्या 103 हुई

गाजा। इजरायल और हमास के बीच सात अक्टूबर को नवीनतम सशस्त्र संघर्ष शुरू होने के बाद से वेस्ट बैंक में मरने वालों की संख्या बढ़कर 103 हो गई है। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। पहले की रिपोर्टों में संकेत दिया गया था कि वेस्ट बैंक में मरने वालों की संख्या 95 थी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, सात अक्टूबर से वेस्ट बैंक में 103 मौतें हुईं, इनमें दो इजरायली कब्जे वाली जेलों में शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि फिलिस्तीनी समूह हमास द्वारा सात अक्टूबर को गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला करने और सीमा का उल्लंघन करने, पड़ोसी इजरायली समुदायों के लोगों की हत्या और अपहरण करने के बाद फिलिस्तीनियों तथा इजरायल के बीच तनाव बढ़ गया है। इजरायल ने जवाबी हमले शुरू किए और 20 लाख से अधिक लोगों की आबादी वाले गाजा पट्टी की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया। साथ ही पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति काट दी। बाद में अंतरराष्ट्रीय मानवीय सहायता वाले ट्रकों को मिस्र के रास्ते गाजा पट्टी में प्रवेश की अनुमति देने के लिए नाकाबंदी में ढील दी गई।

# भारत ने पांच स्वर्ण सहित 19 पदक जीते

हांगझोउ। चीन में चल रहे चौथे एशियाई पैरा खेलों में बुधवार को भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच स्वर्ण पदक सहित 19 पदक जीते है। इसके साथ ही इन खेलों में भारत के कुल पदकों की संख्या 14 स्वर्ण सहित 55 हो गई है।

आज यहां हुए मुकाबले में समुति अंतिल ने पैरा भाला फेंक असाधारण उपलब्धि हासिल करते हुए एफ 64 स्पर्धा में 73.29 मीटर भाला फेंक कर स्वर्ण पदक जीता।

इसी स्पर्धा में पुष्पेंद्र सिंह ने पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में 62.06 मीटर के भाला फेंक कर कांस्य पदक जीता।

एथलीट सुमित ने भाला फेंक ने 73.29 मीटर के उल्लेखनीय थ्रो के साथ नए विश्व, पैरा एशियाई और खेलों के रिकॉर्ड स्थापित करते हुए स्वर्ण पदक जीता।

एक अन्य मुकाबले में नारायण ने एशियाई पैरा गेम्स 2022 में पुरुषों की




200 मीटर टी35 स्पर्धा में प्रभावशाली 29.83 सेकंड का समय लेते हुए भारत के लिए कांस्य पदक जीता।

वहीं श्रेयांश त्रिवेदी ने टी-37 200 मीटर स्पर्धा में 25.26 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता।

जैनब खातून ने महिलाओं के 61 किग्रा भार वर्ग में 85 किग्रा का सर्वश्रेष्ठ भार उठाकर रजत पदक जीताइस बीच, हमवतन एथलीट राज कुमारी ने उसी भार वर्ग में 84 किग्रा का सर्वश्रेष्ठ भार उठाकर कांस्य पदक जीता।

वहीं हैनी ने पुरुषों के भाला फेंक-एफ37/38 फाइनल में रिकॉर्ड बनाते हुए यहां चल रहे चौथे एशियाई पैरा खेलों में भारत के लिए 11वां स्वर्ण पदक हासिल किया। आज यहां हुए मुकाबले में हैनी ने 55.97 मीटर भाला फेंककर एशियाई पैरा खेल में रिकॉर्ड बनाते हुए एक और स्वर्ण पदक जीता। इसी स्पर्धा में ईरान के होर्मोज सेइदिकाज़्पौंजी ने अपना सर्वश्रेष्ठ 48.47 मीटर का प्रदर्शन करते रजत पदक जीता। जबकि इस स्पर्धा में चीन की डोंगक्वान एन को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

इस बीच, तीरंदाजी में, हरविंदर सिंह और साहिल ने पुरुष युगल रिकर्व में कांस्य पदक जीता।

अंकुर धामा ने 4:27.70 के उल्लेखनीय समय के साथ पुरुषों की 1500 मीटर-टी11 फ़ाइनल में स्वर्ण पदक जीता

पैरा तीरंदाज शीतल देवी और सरिता ने महिला युगल कंपाउंड स्पर्धा में रजत हासिल किया।

पूजा ने महिलाओं की डिस्कस थ्रो-एफ54/55 स्पर्धा में 18.17 (पीबी) के थ्रो के साथ अविश्वसनीय ताकत और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता।

# किदांबी श्रीकांत और लक्ष्य सेन फ्रेंच ओपन के राउंड ऑफ में हारे

रेनेस। भारतीय पुरुष खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत और लक्ष्य सेन को बुधवार को फ्रेंच ओपन 2023 के राउंड ऑफ 32 में हार का सामना करना पड़ा।

फ्रांस के रेनेस में आज हुए मुकाबले में भारतीय खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत को फ्रांस के तोमा जूनियर पोपोव से 44 मिनट तक हुए मुकाबले में 21-17, 21-15 से हार मिली। वहीं, लक्ष्य सेन को भी स्थानीय खिलाड़ी अरनौद मर्केल से 55 मिनट तक चले मुकाबले में 21-15, 21-18 से हार का सामना करना पड़ा। विश्व बैडमिंटन रैंकिंग के 22वें नंबर के भारतीय खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने पहले गेम में सधी हुई शुरुआत की और लगातार अंक हासिल करते हुए गेम में बने रहे। लेकिन पहले गेम के आखिरी घड़ी में फ्रेंच खिलाड़ी ने श्रीकांत पर बढ़त बनाई, जिसके बाद भारतीय शटलर वापसी करने में असफल रहें।

श्रीकांत के लिए प्रतियोगिता में बने रहने के लिए मैच के दूसरे गेम में वापसी करना अहम था। लेकिन इस गेम में भी उन्हें निराशा हाथ लगी।

दूसरे गेम में विश्व बैंडमिंटन रैंकिंग के 25 नंबर के खिलाड़ी ने शुरुआती बढ़त हासिल की और श्रीकांत को बैकफुट पर धकेल दिया। इसके बाद फ्रांस के शटलर अपने अंक में लगातार इजाफा करते रहे और मैच को सीधे गेम से जीत कर प्रतियोगिता के राउंड ऑफ 16 में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली। दिन के बाद के मैच में भारतीय युवा शटलर लक्ष्य सेन की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उन्हें भी सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। फ्रांस के खिलाड़ी अरनौद मर्केल ने दोनों गेम में भारतीय शटलर पर दबाव बनाए रखा और मैच को सीधे गेम से अपने नाम कर लिया।

# आईसीसी बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच सकते है गिल

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बुधवार को जारी ताजा रैंकिंग के अनुसार भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल विश्वकप 2023 के आगामी मुकाबले में बेहरीन प्रदर्शन कर पहले स्थान पर पहुंच सकते है। वह फिलहाल ताजा रैंकिंग में दूसरे स्थान पर है। मौजूदा विश्वकप के पांच मैचों में 354 रन, तीन अर्धशतक और एक शतक बनाकर शानदार फार्म में चले रहे विराट कोहली को बुधवार को जारी ताजा वनडे रैंकिंग में नुकसान हुआ है। इसके अलावा बाबर आजम को भी अंकों का नुकसान भुगतना पड़ा है लेकिन वह रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। शुभमन गिल 823 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर बने हुए है। जबकि बाबर के 829 अंक है। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर शानदार शतक के बावजूद रैंकिंग में नीचे आ गए हैं। वहीं लगातार बल्ले से धूम मचाने वाले हेनरिक क्लासेन ने सात स्थान की जबरदस्त छलांग लगाते हुए 11वें से चौथे स्थान पर आ गए हैं। विराट और वॉर्नर दोनों के 747 अंक के साथ संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर हैं।




वहीं वर्ल्ड कप 2023 में तीन शतक लगा चुके क्विंटन डी कॉक छठे से तीसरे स्थान पर पहुंच गये हैं।

### डीएसए प्रीमियर लीग: सुदेवा एफसी और रॉयल रेंजर्स ने अपने मुकाबले जीते

नयी दिल्ली। डीएसए प्रीमियर लीग में बुधवार नेहरू स्टेडियम में खेले गए मुकाबलों में सुदेवा एफसी ने हंस यूनाइटेड को और रॉयल रेंजर्स ने फ्रंटियर को हराया। आज यहां खेले गये पहले रोमांचक मुकाबले में सुदेवा एफसी ने कीर्ति और वर्षा के गोलों से हंस यूनाइटेड को 2-0 से हरा दिया। वहीं दिन के दूसरे मैच में रॉयल रेंजर्स ने दीपिका वेंकटेश के दो गोलों की बदौलत फ्रंटियर को 4-0 से हरा दिया। खिताबी दौड़ से बाहर हो चुकी फ्रंटियर की हार का सिलसिला आज भी जारी रहा। हालांकि उसे रक्षापंक्ति ने बड़ी हार से बचा लिया। दीपिका के दो, कप्तान ज्योति और अनुष्का सैमुअल के एक एक गोल से रॉयल रेंजर्स ने जीत का सिलसिला बनाए रखा।

# दीपाली और प्रशांत ने तोड़ा राष्ट्रीय रिकॉर्ड, जीता सोना

एजेंसी

पणजी। महाराष्ट्र की दीपाली गुरसाले और सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (एसएससीबी) के प्रशांत कोली ने 37वें राष्ट्रीय खेलों में भारोत्तोलन प्रतियोगिता के शुरुआती दिन बुधवार को नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीते।

कैंपल स्पोर्ट्स विलेज में महिलाओं के 45 किग्रा वर्ग में गुरसाले ने 75 किग्रा की तीसरी लिफ्ट के साथ स्नैच में राष्ट्रीय स्तर पर सुधार किया और राष्ट्रीय खेलों के इस संस्करण में महाराष्ट्र के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतने के लिए कुल 165 किग्रा वजन उठाया। पश्चिम बंगाल की चंद्रिका तरफदार ने क्लीन एंड जर्क राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर रजत पदक हासिल किया, जबकि तेलंगाना की टी. प्रिया दर्शिनी ने कांस्य पदक जीता। सांगली जिले के रहने वाले गुरसाले ने कोमल कोहर के 74 किलोग्राम के स्नैच रिकॉर्ड और झिल्ली डालाबेहेरा के 164 किलोग्राम के कुल रिकॉर्ड को तोड़ दिया। चंद्रिका तरफदार ने झिल्ली के 94 किलोग्राम के क्लीन एंड जर्क रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया।

बाद में, कोली ने महाराष्ट्र के मुकुंद अहेर को स्नैच में एक किलोग्राम से हराकर पुरुषों के 55 किलोग्राम स्वर्ण पदक के लिए स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने कुल 253 किग्रा (स्नैच में 115 और सीएंडजे में 138) वजन उठाकर सर्विसेज तालिका में दूसरा स्वर्ण पदक जोड़ा। आंध्र प्रदेश के एस गुरु नायडू ने कांस्य पदक जीता।

महिलाओं के 49 किलोग्राम वर्ग में ज्ञानेश्वरी यादव ने कुल 177 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा की प्रीति ने कुल 174 किलोग्राम वजन उठाकर रजत पदक हासिल किया, जबकि 45 किलोग्राम में पूर्व एशियाई चैंपियन झिल्ली दलबेहेरा ने 167 किलोग्राम वजन उठाकर कांस्य पदक हासिल किया।

हरियाणा ने कैंपल मल्टीपर्पज इंडोर स्टेडियम में नेटबॉल के दोनों स्वर्ण पदक जीतकर पदक तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। हरियाणा के पुरुषों ने कड़े मुकाबले में केरल को 45-42 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि महिलाओं ने कर्नाटक को 58-52 से हराकर पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया।

पुरुषों के कांस्य पदक मैच में, जम्मू और कश्मीर और दिल्ली ने 73-73 का रोमांचक ड्रा खेला और संयुक्त विजेता घोषित किए गए। महिलाओं के कांस्य पदक मैच 64-64 की बराबरी पर समाप्त होने के बाद दिल्ली और तेलंगाना को भी संयुक्त विजेता घोषित किया गया।

# हिजबुल्लाह, हमास और इस्लामिक जिहाद की लेबनान में मीटिंग

## तीनों गुटों को साथ लाने में ईरान कामयाब, इजराइल के खिलाफ साझा रणनीति तैयार

इजराइल के खिलाफ लेबनान का आतंकी संगठन हिजबुल्लाह, फिलिस्तीन इस्लामिक जिहाद और हमास एकजुट हो गए हैं। तीनों संगठनों के लीडर्स ने बेरूत में मुलाकात की। इस दौरान गाजा और वेस्ट बैंक में हो रहे इजराइली हमलों को रोकने पर चर्चा हुई। यरुशलम पोस्ट के मुताबिक, इस बैठक को ईरान के मंसूबों की कामयाबी के तौर पर देखा जा रहा है।



ईरानी मीडिया अल-मयादीन के मुताबिक, इस बैठक से तीनों संगठनों के बीच बढ़ता को-ऑर्डिनेशन दिख रहा है।

दरअसल, ईरान कई सालों से चाहता था कि तीनों संगठन मिलकर इजराइल के खिलाफ मोर्चा खोल दें। अब ऐसा ही कुछ हो भी रहा है।

हमास ने 7 अक्टूबर को इजराइल पर हमला कर दिया। 8 अक्टूबर को लेबनान की तरफ से भी हिजबुल्लाह ने इजराइल पर रॉकेट दागे। फिलिस्तीन इस्लामिक जिहाद ने भी रॉकेट से हमले किए। इजराइल ने दावा किया कि इस्लामिक जिहाद का एक मिसफायर हुआ रॉकेट गाजा के अस्पताल पर गिरा जिससे करीब 500 लोग मारे गए।

### हमले से पहले भी हुई थी ईरान के साथ तीनों संगठनों की बैठक

हिजबुल्ला ने एक बयान में कहा- तीनों संगठनों के बीच समन्वय जारी रखने पर सहमति बनी है। हमने जीत हासिल करने पर भी चर्चा की है।

ईरान इस ग्रुप को एक्सेस ऑफ रेजिस्टेंस कहता है। हिजबुल्ला ने कहा- एक्सेस ऑफ रेजिस्टेंस इजराइल के क्रूर हमले रोकने की प्लानिंग कर रहा है। हम एक दूसरे से फॉलो-अप ले रहे हैं। जंग की पूरी स्थिति पर भी बारीकी से नजर बनाए हुए हैं।

यरुशलम पोस्ट के मुताबिक, इजराइल पर हमले से पहले ईरान और तीनों संगठनों के लीडर्स की बैठक हुई थी। अमेरिकी मीडिया वॉल स्ट्रीट जर्नल ने हमास और हिजबुल्लाह के सीनियर अधिकारियों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि ईरान के सुरक्षा अधिकारियों ने इजराइल पर हमले की प्लानिंग में हमास की मदद की थी। इसके बाद उन्होंने 2 अक्टूबर को बेरूत में एक बैठक में हमले के लिए हरी झंडी दे दी थी।

### इजराइल-हमास जंग में शामिल हिजबुल्लाह

हिजबुल्लाह के लीडर हसन नसरल्लाह ने बैठक के दौरान इजराइल की जवाबी कार्रवाई में मारे गए हिजबुल्लाह के लड़ाकों को शहीद बताया। उन्होंने कहा- हमास के हमले के एक दिन बाद यानी 8 अक्टूबर से हिजबुल्लाह इजराइल पर हमले कर रहा है। इसमें 40 लड़ाके शहीद हुए हैं। ईरानी मीडिया अल-मयादीन के मुताबिक, हिजबुल्लाह के इस बयान से ये साफ होता है कि वो इजराइल-हमास जंग में शामिल है।

### इन संगठनों को ईरान देता है फंडिंग

ईरान इन संगठनों के लड़ाकों को ट्रेनिंग के साथ-साथ पैसे भी मुहैया करता है। इनके बड़े नेता ईरान में रहते हैं। इन सभी के ईरानी सरकार से काफी करीबी संबंध हैं। अमेरिकी मीडिया वॉल स्ट्रीट जर्नल के मुताबिक, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के अधिकारी अगस्त 2023 से हमास के साथ मिलकर इजराइल पर 1973 के बाद जमीन, हवा और समुद्र के रास्ते अब तक के सबसे बड़े हमले की प्लानिंग कर रहे थे।

7 अक्टूबर को इजराइल पर हमास के हमले के बाद ईरान में लोगों ने जश्न भी मनाया था। लोग आतिशबाजी करते नजर आए थे। ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई के एडवाइजर ने कहा कि हम फिलिस्तीन के इजराइल पर किए अटैक का समर्थन करते हैं।

# चीन में देशभक्ति शिक्षा कानून पारित

## इसका मकसद- जिनपिंग की पार्टी के प्रति वफादारी पैदा करना, 1 जनवरी 2024 से लागू होगा

एजेंसी

चीन देशभक्ति शिक्षा को बढ़ावा दे रहा है। इसके लिए सरकार ने देशभक्ति शिक्षा कानून पारित किया है। इस कानून का उद्देश्य जीवन के सभी पहलुओं में चीनी युवाओं के बीच राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति और कम्युनिस्ट पार्टी के प्रति वफादारी पैदा करना है।

चीनी सरकारी मीडिया शिन्हुआ के मुताबिक, ये कानून स्कूल, कॉलेज में देशभक्ति से जुड़ी बातें पढ़ाने को लीगल गारंटी देता है। इसमें ये भी कहा गया कि कुछ लोग देशभक्ति भूल रहे हैं, उन्हें इसके प्रति जगरूक करने की जरूरत है। ये कानून 1 जनवरी 2024 से लागू होगा। सरकार का कहना है कि हिस्टॉरिकल नाइलीज्म (ऐतिहासिक शून्यवाद) जैसी चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए इस कानून की जरूरत थी। चीन में जब लोगों का भरोसा कम्युनिस्ट पार्टी से उठने लगे या पार्टी की काबिलियत पर शक होने लगे तो इसे हिस्टोरिकल नाइलीज्म कहा जाता है।

सरकार ने कहा कि कानून देशभक्ति को बढ़ावा देने के साथ तर्कसंगत, समावेशी और खुले विचारों वाला है। ये देश को दुनिया से जोड़ने और अन्य सभ्यताओं को अपनाने की आवश्यकता पर जोर देता है। कानून के मुताबिक देशभक्ति शिक्षा अन्य देशों के इतिहास और सांस्कृतिक परंपराओं का सम्मान करती है और मानव सभ्यता की सभी उपलब्धियों से प्रेरित है।

### विदेशों में भी अपनी सरकार का प्रचार कर रहा चीन

दिसंबर 2022 में चोसन मीडिया ग्रुप ने साउथ कोरिया में एक ऐसे रेस्टोरेंट का खुलासा किया था जहां जिनपिंग की आइडियोलॉजी का प्रचार किया जाता था।

ये चीनी रेस्टोरेंट 2017 से राजधानी सियोल में चल रहा था। चोसन के मुताबिक, रेस्टोरेंट की आड़ में चीन देश में शी जिनपिंग और उनकी सरकार का प्रचार करने का काम कर रहा था। रेस्टोरेंट के अंदर जिनपिंग की आइडियोलॉजी से जुड़ी कई किताबें भी मौजूद थीं।

### जलवायु विशेषज्ञ पृथ्वी पर रिकॉर्ड चरम सीमा दर्ज करने को लेकर चिंतित

सिडनी। जलवायु वैज्ञानिकों की एक वैश्विक टीम ने एक नई रिपोर्ट में चेतावनी दी है कि पृथ्वी पर जीवन खतरे में है। इस टीम ने कहा कि ग्रह के 35 महत्वपूर्ण संकेतों में से 20 की पहचान उनके रिकॉर्ड चरम पर की गई है। बायो साइंस जर्नल में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार इन आंकड़ों से पता चलता है कि कैसे चल रही मानवीय गतिविधियों के कारण पृथ्वी पर अभूतपूर्व दबाव पैदा हुआ है। रिपोर्ट के प्रमुख आंकड़ों में वार्षिक कोयले की खपत 2022 में 161.5 एक्साजूल के लगभग सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। महासागर की अम्लता, ग्लेशियर की मोटाई और ग्रीनलैंड का बर्फ द्रव्यमान 2022 और 2023 के बीच रिकॉर्ड निचले स्तर तक गिर गया।

### अमेरिकी में युवाओं को नुकसान पहुंचाने के लिए मेटा प्लेटफॉर्म पर दायर मुकदमा

सैन फ्रांसिस्को। अमेरिकी कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल रॉब बोंटा ने मंगलवार को मेटा प्लेटफॉर्म्स, इंक. और उसके सहयोगियों के खिलाफ एक संघीय मुकदमा दायर करने में 33 अटॉर्नी जनरलों के द्विदलीय गठबंधन का सह-नेतृत्व किया। मुकदमे में आरोप लगाया गया कि कंपनी ने नुकसानदायक सुविधाओं को डिजाइन और तैनात किया है। इंस्टाग्राम और फेसबुक पर नशे की लत से बच्चों और किशोरों को मानसिक और शारीरिक नुकसान हो रहा है। मुकदमा कैलिफोर्निया के उत्तरी जिले के लिए अमेरिकी जिला न्यायालय में दायर किया गया है। बोंटा ने एक बयान में कहा कि अटॉर्नी जनरल मेटा के कदाचार को संबोधित करने के लिए निषेधाज्ञा और मौद्रिक राहत की मांग कर रहे हैं। इस समन्वित प्रयास के हिस्से के रूप में, आठ अटॉर्नी जनरल ने मंगलवार को अपने संबंधित राज्य अदालतों में मेटा के खिलाफ मुकदमा दायर करने की घोषणा की। संघीय और राज्य की शिकायतें श्री बोंटा द्वारा 18 नवंबर, 2021 को घोषित राष्ट्रव्यापी जांच का परिणाम हैं। बोंटा ने कहा, हमारी द्विदलीय जांच एक गंभीर निष्कर्ष पर पहुंची है। मेटा हमारे बच्चों और किशोरों को नुकसान पहुंचा रहा है और कॉर्पोरेट मुनाफे को बढ़ावा देने के लिए लत पैदा कर रहा है। संयुक्त मुकदमे में मेटा पर संघीय और राज्य कानूनों का उल्लंघन करने का भी आरोप लगाया गया है।

### अगर इमरान की सुरक्षा की गारंटी नहीं ली जा सकती,तो चुनाव कैसे होंगे: ईसीपी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने आंतरिक सचिव को 13 नवंबर को व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए बुलाया और कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) नेता और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को अवमानना सुनवाई के लिए क्यों पेश नहीं किया जा सका। ईसीपी ने कहा अगर खान की सुरक्षा गारंटी नहीं ली जा सकती तो आगामी आम चुनाव कैसे सुरक्षित महौल में किये जाएंगे। ईसीपी ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। यह घटनाक्रम तब हुआ जब सिंध के सदस्य निसार अहमद दुर्रानी के अगुवाई में चार सदस्यीय ईसीपी पीठ नेखान और पीटीआई के दो पूर्व अधिकारियों, फवाद चौधरी और असद उमर के खिलाफ ईसीपी और मुख्य चुनाव आयुक्त की अवमानना के मामले पर सुनवाई की। चौधरी और उमर मौजूद थे, जबकि खान को अदियाला जेल से इस कार्यवाही के लिए नहीं लाया जा सका। पीटीआई के अधिवक्ता शोएब शाहीन ने इसे चुनाव आयोग का 'वास्तविक तौर अपमान' बताया। सहायक पुलिस महानिरीक्षक (संचालन) ने एक रिपोर्ट पेश की जिसमें रावलपिंडी के घनी आबादी वाले इलाके से श्री खान को ले जाने से जुड़े संभावित जोखिमों के मद्देनजर अपना सुझाव रखा। रिपोर्ट में कहा गया है कि पीटीआई अध्यक्ष ने खुद कहा था कि उनकी जान को खतरा है।

### गाजा के 30 प्रतिशत से अधिक अस्पताल बंद: संरा

संरा। इजरायल ओर से गाजा पट्टी पर हवाई हमले लगातार जारी है। इजरायली हवाई हमलों से गाजा में एक तिहाई अस्पताल और आधे से अधिक स्वास्थ्य देखभाल क्लिनिक ईंधन की उपलब्धता नहीं होने से बंद हो गए है। संयुक्त राष्ट्र (संरा) के अनुसार यह जानकारी सामने आयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गाजा में एक तिहाई से अधिक अस्पताल यानी 35 में से 12 और लगभग दो-तिहाई स्वास्थ्य देखभाल क्लीनिक (72 में से 46) हमलों से होने वाले नुकसान या ईंधन की कमी के कारण बंद हो गए हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को चेतावनी दी कि ईंधन की कमी के कारण अस्पताल के जनरेटर अगले 48 घंटों के भीतर काम करना बंद कर देंगे। उन्होंने बताया कि इज़रायल की ओर से पूरी तरह से की गयी नाकाबंदी के कारण और हवाई हमलों में हजारों घायलों को दी जाने वाली सुविधा पूरी तरह से नष्ट हो गयी है। इज़रायल के बमबारी अभियान ने गाजा पट्टी को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है और यह स्थान नागरिकों के रहने की स्थिति में नहीं है और नागरिक सुविधाएं पूरी तरह से चरमरा गई हैं। गाजा पट्टी में सात अक्टूबर को हमास की ओर से इजरायल में की गयी भारी बमबारी में 58 पुलिस अधिकारियों और 305 जवानों सहित कुल 1405 लोगों की मौत हो गयी है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

नई दिल्ली

गुरुवार 26 अक्टूबर 2023

Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### हजारा पुलिस ने शराब व शराब बनाने वाले उपकरण समेत एक आरोपी को पकड़ा

हजारा। भारत नेपाल सीमा पर आए दिन बढ़ रही . एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक,अपर पुलिस अधीक्षक पीलीभीत स्वं पुलिस क्षेत्राधिकारी पूरनपुर के निर्देशन पर हजारा थाना प्रभारी के कुशल नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत हजारा पुलिस ने एक आरोपी को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब . व शराब बनाने के उपकरण समेत गिरफ्तार कर लिया है तथा 500 लीटर लहन भी नष्ट किया हैं। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम राजविंदर उर्फ बॉबी पुत्र स्वर्गीय अमरिक सिंह निवासी ग्राम टिल्हा नंबर 4 थाना हजारा तहसील पूरनपुर जिला पीलीभीत का निवासी बताया है । हजार थाना प्रभारी निरीक्षक परमेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पकड़े गए आरोपी को आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया हैं। पकड़ने वाली टीम में मुख्य रूप से उप निरीक्षक राकेश कुमार कांस्टेबल सचिन कुमार और आशू कुमार मौजूद रहे।

### यातायात पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुस्ताक के निर्देशन में बुधवार को यातायात पुलिस ने शहर के वर्णी चौराहे स्टेशन रोड पर क्षेत्राधिकारी इमरान अहमद के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। व हेलमेट जागरूकता अभियान चलाया गया। शहर के आम नागरिकों, राहगीरों, व्यापारियों को यातायात नियमों के पालन के लिए समझाइश दी। यातायात पुलिस ने आम नागरिकों को वाहन से संबंधित सभी कागजात के महत्व को बताते हुए ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, बीमा, फिटनेस, प्रदूषण कार्ड अपडेट रखने की सलाह दी। क्षेत्राधिकारी इमरान अहमद ने बताया कि अक्सर देखा जाता है। कि वाहन के जरूरी कागजात के अभाव में किसी भी प्रकार की सड़क दुर्घटना होने पर बीमा कंपनी मुआवजा देने से साफ इनकार कर देती हैं, जिससे पीड़ित व्यक्ति/परिवार को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जागरूकता अभियान के तहत यातायात पुलिस द्वारा शहर के मुख्य चौराहों पर बाजार में घूम–घूमकर दुपहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने, तीन सवारी नहीं चलने, चारपहिया वाहन चालकों को सीटबेल्ट पहनने,ओवर स्पीड में वाहन नहीं चलाने, शराब पीकर नशे की हालत में वाहन न चलाने, ओवर लोड माल/सवारी नहीं भरने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने व नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने न देने की अपील की गई।

### तेज रफ्तार के कहर ने ली चालक की जान रोडवेज की बस ने पीछे से खड़े ट्रक में मारी ठोकर बस के उडे परखच्चे

सीतापुर। जिले के हरगांव थाना क्षेत्र के अन्तर्गत लखीमपुर सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीते दिवस की रात में तेज रफ्तार अनियंत्रित रोडवेज की बस ने ग्राम सेमरीभान के पास सड़क के किनारे खड़े भूसी भरे ट्रक में जोर दार ठोकर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस के परखच्चे उड गए।जिससे कि बस चालक की इलाज के दौरान मौत हो गयी तथा कई सवारियां घायल हो गयी।सूचना पाकर पहुँची हरगांव पुलिस चालक सहित सवारियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरगांव लेकर पहुंची हां पर जहां पर चिकित्साकों ने बस चालक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बस चालक के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सीतापुर भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरगांव थाना क्षेत्रके अन्तर्गत सीतापुर लखीमपुर राजमार्ग पर ग्राम सेमरीभान के पास सड़क के किनारे भूसी भर खड़े ट्रक में सोमवार की रात में पीलीभीत डिपो की बस जो लखीमपुर खीरी से लखनऊ जा रही थी।उक्त तेज रफ्तार अनियन्त्रित बस नं यू पी 27टी 9710 ने खड़े ट्रक में जोरदार ठोकर मार दी।जिससे चालक सहित कई सवारियां घायल हो गयी।सवारियों की चीख पुकार सुनकर गांव के लोग दौड़ कर घटनास्थल पर पहुंच कर हरगांव पुलिस को सूचना दी।

### लोक सेवा चयन आयोग की आहर्ता परीक्षा को लेकर सम्पन्न हुई बैठक




सीतापुर। जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित होने वाली प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा–2023 की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि परीक्षा शांतिपूर्ण एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न हो, यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कड़े निर्देश दिये कि सभी संबंधित अधिकारी एवं केन्द्र व्यवस्थापक आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों का भलीभांति पालन सुनिश्चित करते हुये परीक्षा सम्पन्न करायें। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट व स्टेटिक मजिस्ट्रेट केन्द्रों पर जाकर व्यवस्था देख लें, यदि कोई मूलभूत सुविधाओं की कमी है उसे समय से पूर्ण करायें। उन्होंने यह निर्देश भी दिये कि परीक्षा के दिन सभी स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षक, ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी व अन्य कर्मिक समय से परीक्षा केन्द्र पर पहुंचे। सभी परीक्षा केन्द्रों पर नियमानुसार सी0 सी0टी0वी0 कैमरे संचालित रहें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि स्ट्रांग रूम के बाहर लॉगबुक रखी जाये तथा स्ट्रांग रूम में जाने वाले सभी अधिकृत व्यक्ति अपना विवरण इस लॉगबुक में अंकित कर ही स्ट्रांग रूम में प्रवेश एवं निकास करें। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रत्येक सेन्टरों में सभी तैनात कर्मचारियों एवं अधिकारियों का परिचय पत्र अवश्य जारी किया जाये एवं परीक्षा के दौरान सभी अपने परिचय पत्र के साथ उपस्थित हों।

### शारदीय पूर्णिमा मेला एवं श्री विष्णु महायज्ञ व राम कथा का आयोजन

सीतापुर। जिले के विकास क्षेत्र एलिया के कस्बा इमलिया सुल्तानपुर में विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी सनातन धर्म कमेटी के द्वारा दिनांक 27अक्टूबर दिन शुक्रवार से दिनांक 31अक्टूबर दिन मंगलवार तक पंच दिवसीय विशाल व भव्य मेले का आयोजन करवाया जाएगा। मेला धार्मिक कमेटी के मुख्य कार्यकारी संरक्षक सत्यपाल सिंह व कार्यवाहक अध्यक्ष योगेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ पप्पू सिंह सोमवंशी ने बताया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 27अक्टूबर दिन शुक्रवार से मेला शरद पूर्णिमा का विशाल आयोजन करवाया जा रहा है। जिसमें कस्बे के अन्दर स्थित बाबा तुरंती नाथ मंदिर के प्रांगण से अनेक देवी देवताओं की मनमोहक झांकियों को सजाकर जुलूस के रूप में देवी माता मंदिर से होते हुए पूरे कस्बे सहित सीतापुर- कस्ता गोला के मुख्य मार्ग से मेला मैदान तक जुलूस निकाला जाएगा। वहीं मेले में सुदूर अंचलों से आए हुए बेहतरीन व कुशल कलाकारों के द्वारा दिन में रामलीला का मंचन होगा, लगातार पंच रात्रि तक नाटक मंचन कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। इसी क्रम में1नवंबर दिन बुधवार से 10 नवंबर दिन शुक्रवार तक इसी पावन भूमि के निकट स्थित यज्ञशाला पर विश्व शांति,मानव कल्याण, पर्यावरण संरक्षण, व मनुष्य के सुख मय जीवन के लिए श्री विष्णु महायज्ञ व संगीतमयी श्री राम कथा का भी आयोजन किया जाएगा।

# प्रतिष्ठित ब्रांड देवू का भारतीय बाजार में प्रवेश

## देवू और केल्वोन इलेक्ट्रॉनिक्स ने भारत में इनोवेटिव उत्पाद पेश करने के लिए ब्रांड लाइसेंसिंग के माध्यम से किया करार




नई दिल्ली। प्रतिष्ठित साउथ कोरियन समूह पॉस्को देवू अपने ग्लोबल ब्रांड देवू, के साथ संभावनाओं से भरे भारतीय बाजार में प्रवेश के लिए रणनीतिक रूप से तैयार है। कंपनी का भारत में प्रवेश का उद्देश्य भारत की तेज आर्थिक वृद्धि और उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग का फायदा उठाना है, और इसे दुनिया के सबसे अधिक संभावनाओं से भरे उपभोक्ता बाजारों में से एक बनाना है।

गुणवत्ता और इनोवेशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए पहचाने जाने वाला देवू ऑटोमोटिव और इलेक्ट्रॉनिक्स, इन दोनों ही क्षेत्रों में 50 वर्षों की वैश्विक विरासत के साथ एक प्रतिष्ठित और प्रसिद्ध ब्रांड है। 110 देशों में पहले से ही अच्छी तरह से स्थापित देवू रणनीतिक ब्रांड लाइसेंसिंग सहभागिता के माध्यम से भारत में अपनी वैश्विक पहुंच का विस्तार किया है।

देवू ने गुड़गांव स्थित केल्वोन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड एप्लायंसेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक रणनीतिक करार किया है। केल्वोन का नेतृत्व श्री एच.एस. भाटिया करते हैं जो कि भारतीय कंज्यूमर मार्केट का एक जाना माना नाम है और वे इससे पहले एलजी और एयरटेल में महत्वपूर्ण पदों पर काम कर चुके हैं। उनको भारत में देवू के लिए एक्सक्लूसिव ब्रांड लाइसेंसधारी के रूप में चुना गया है। यह गठबंधन एच.एस. भाटिया के व्यापक इंडस्ट्री नॉलेज पर केन्द्रित है और इसका उद्देश्य भारतीय बाजार में देवू के ग्लोबल ब्रांड इनोवेटिव टेक्नोलॉजी आधारित इनोवेटिव उत्पादों को पेश करना है। यह सहयोग स्थानीय स्तर पर मैन्युफैक्चरिंग प्रयासों का समर्थन करते हुए भारत में एक प्रमुख नाम बनने के प्रति देवू के प्रयास को रेखांकित करता है।

देवू इंडिया ऑपरेशंस निदेशक श्री चान रयू ने इस बात पर जोर दिया कि पॉस्को समूह का हिस्सा देवू विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त ट्रेडमार्क और यूएसए, यूरोप, चीन, मिडिल ईस्ट, यूएई आदि जैसे कई इंटरनेशनल बाजारों में इसकी अच्छी उपस्थिति है। भारतीय बाजार का तेज ग्रोथ इस डायनेमिक लैंडस्कैप में प्रवेश करने का प्रमुख कारण है।

चान रयू ने कहा कि ''अपने प्रारंभिक चरण में, हम बिजली और एनर्जी उत्पादों की एक रेंज पेश कर रहे हैं, जिसमें फोर–व्हीलर्स और टू–व्हीलर्स, दोनों प्रकार के वाहनों के लिए बैटरी, साथ ही इन्वर्टर और सौर बैटरी शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त, हम विभिन्न प्रकार के एचयूपीएस इनवर्टर और यूपीएस सिस्टम भी पेश करेंगे। इन्हें ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह के उपयोग के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें इंटीग्रेटेड लिथियम बैटरी के साथ दीवार पर स्थापित करने का विकल्प भी शामिल हैं। इसके अलावा, हम इलेक्ट्रिकल डिवाइसिज के लिए अधिकतम सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 0.5 केवीए से 5 केवीए तक की उच्च क्षमता वाले वोल्टेज स्टेबलाइजर्स लॉन्च करने के लिए तैयार हैं।

रयू ने आगे बताया कि यह नई सहभागिता भारत में पॉस्को देवू के लिए एक नए चैप्टर की शुरुआत का प्रतीक है। उन्होंने भारत के एक ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में उभरने पर और इसकी व्यवसायिक क्षमताओं पर जोर दिया। इसके साथ ही अपने भारतीय सहयोगी के निर्माण, विपणन और बिक्री में पर्याप्त अनुभव एवं क्षमताएं पर भी प्रकाश डाला।

एच.एस. भाटिया, मैनेजिंग डायरेक्टर, केल्वोन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड एप्लायंसेज प्राइवेट लिमिटेड ने कहा कि ''वे भारत में देवू के ब्रांड लाइसेंसी होने पर काफी उत्साहित हैं। हम अपने ब्रांड पोर्टफोलियो में एक प्रतिष्ठित कोरियाई ब्रांड देवू का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। देवू इनोवेशन का एक समृद्ध इतिहास रखता है और इसके पास दुनिया भर के लाखों ग्राहकों का विश्वास भी है।

हम ब्रांड और हमारे मूल्यवान ग्राहकों दोनों के लिए नए अवसरों को अनलॉक करने के लिए अपनी इनोवेशन क्षमताओं और व्यापक वितरण नेटवर्क का उपयोग करने को लेकर उत्साहित हैं। यह लॉन्गटर्म पार्टनरशिप आने वाले सालों में हमारी कंपनी की निरंतर वृद्धि के लिए मजबूत आधार बनाएगी।''

एच. एस. भाटिया ने कहा कि ''आज, पूरी दुनिया अपना ध्यान भारत और इसके बढ़ते बाजार पर केंद्रित कर रही है, क्योंकि हमारा देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। ऊर्जा और विद्युत एवं कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, उभरते क्षेत्र जैसे, ई–बाइक, भारत के आर्थिक विकास में मील के पत्थर के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। देवू उत्पाद भारत में बनाए जाएंगे क्योंकि हम इस साझेदारी के लिए स्थानीय मैन्युफैक्चरिंग प्रोवाइडर्स के साथ जुड़ेंगे।''

ऑटोमोटिव और ऊर्जा–संबंधित क्षेत्रों पर रणनीतिक जोर देने के साथ, देवू का लक्ष्य अत्याधुनिक उत्पाद और समाधान प्रदान करना है जो भारत की स्थिरता और तकनीकी तरक्की की बढ़ती मांग के अनुरूप हों। भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा खुदरा बाजार है और 2023 एफडीआई कॉन्फिडेंस इंडेक्स में 16वें स्थान पर है। भारत में रिटेल इंडस्ट्री का देश के सकल घरेलू उत्पाद में 10 प्रतिशत से अधिक योगदान है और यह लगभग आठ प्रतिशत आबादी को रोजगार देता है। भारतीय बाजार में विभिन्न श्रेणियों में विदेशी ब्रांडों की एक विस्तृत रेंज सक्रिय है।

### पास्को देवू : परिचय

पोस्को देवू कॉर्पोरेशन दुनिया भर के 160 से अधिक देशों में 'देवू' ट्रेडमार्क का मालिक है। 1974 में देवू की स्थापना के बाद से, उन्होंने दुनिया भर में 3,500 से अधिक पेटेंट रजिस्टर्ड किए हैं और न केवल एक प्रसिद्ध ब्रांड के साथ बल्कि उच्च गुणवत्ता और नए नए उत्पादों के साथ ग्राहकों को सक्रिय रूप से सेवा दे रहे हैं।

'देवू' ट्रेडमार्क न केवल गुणवत्ता की गारंटी का प्रतीक है, बल्कि यह उन उपभोक्ताओं के लिए एक आकर्षक ब्रांड भी है, जो आश्वासन और मान्यता प्रदान करने वाले ब्रांडों को पसंद करते हैं। पोस्को देवू का लक्ष्य एक 'ग्लोबल इंटीग्रेटेड कॉर्पोरेशन' के रूप में विकसित होना है और एक व्यापक बिजनेस सॉल्यूशन प्रदाता के रूप में वैश्विक बाजार का नेतृत्व करना है।

# बागपत : आठ ब्रह्मचारियों ने ली दिगंबर जैन मुनि की दीक्षा

बागपत। उत्तर प्रदेश के बागपत में जैन नगरी के रूप में विख्यात बड़ौत नगर में बुधवार को आठ युवा ब्रह्मचारियों ने दिगंबर जैन मुनि की दीक्षा ली।

इस ऐतिहासिक व आध्यात्मिक क्षण की एक झलक पाने को देश के कोने कोने से हजारों की संख्या में श्रद्धालु समारोह में शामिल होने आये। बुधवार का दिन बड़ौत नगर के लिए ऐतिहासिक व अविस्मरणीय रहेगा। दिगंबर जैन मुनि व राजकीय अतिथि से सम्मानित दिगंबर जैन संत आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में आठ बाल ब्रह्मचारियों ने नगर के दिगंबर जैन कॉलेज के सी फील्ड में बनाएं गए एक विशाल पांडाल में मुनि दीक्षा ली।

मीडिया प्रभारी वरदान जैन के अनुसार, दीक्षा महोत्सव से पूर्व सुबह सभी आठ दीक्षार्थियों का मुनि संघ के सहयोग से केश लोच हुआ। उसके बाद उन्हें अमृत स्नान कराया गया। दोपहर में ठीक 12 बजकर 27 मिनट पर हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ के मध्य आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज द्वारा दिव्य मंत्रो की ध्वनि के बीच दीक्षार्थियों को दीक्षा पाठ पढ़ाया गया। दीक्षार्थियों ने गुरु आज्ञा पाकर अपने सभी वस्त्र उतार दिगंबर रूप धारण किया।

श्री जैन ने बताया कि दीक्षा ग्रहण करने के बाद सिद्धम निवासी रूर, विपुल निवासी भिंड, हिमांशु निवासी भिंड, हार्दिक निवासी इंदौर, राजेश निवासी ललितपुर, विपुल निवासी छतरपुर, तन्मय निवासी जबलपुर और अंकुर निवासी छतरपुर सभी आठों युवा दिगम्बर मुनि बन गए।

समारोह में मंगलाचरण मुनि यशोधर सागर जी महाराज और मुनि श्री निर्ग्रंथ सागर जी महाराज ने किया। आचार्य श्री विराग सागर जी के चित्र का अनावरण का सौभाग्य जम्बू प्रसाद जैन और सजल जैन को प्राप्त हुआ।

### कौशांबी : हत्या मामले में प्रेमी युगल का आजीवन कारावास की सजा और जुर्माना

कौशांबी । उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले की एक अदालत ने प्रेम प्रसंग के चलते 24 वर्ष पूर्व एक व्यक्ति की हत्या के मामले में आज प्रेमी युगल को आजीवन कारावास की सजा के साथ अर्थ दंड की सजा सुनाई । अभियोजन पक्ष के अनुसार सैनी थाना क्षेत्र के मडिया में गांव की रामादेवी पत्नी मेवा लाल का गांव के ही मैकूलाल पाल से प्रेम संबंध था जिसमें मेवालाल रोड़ा बना हुआ था । मेवालाल को रास्ते से हटाने के लिए उसकी पत्नी रामादेवी अपने प्रेमी मैकू लाल पाल के साथ योजना बनायी। दोनों मिलकर मेवा लाल की हत्या करने के बाद शव बोरे में भरकर गांव के बाहर तालाब के किनारे फेंक दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस बोरा खुलवाया जिसमें भरा गया शव बाहर निकल गया जिसकी शिनाख्त मेवा लाल के रूप में हुई। 13 नवंबर 1999 को मृतक के पिता श्रीनाथ द्वारा सैनी थाने में मृतक की पत्नी रामादेवी और उसके प्रेमी मैकू लाल के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई गई । विवेचना उपरांत पुलिस द्वारा दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया गया जिसकी सुनवाई अपर जिला जज 7 की अदालत में शुरू हुई उभय पक्ष के तर्कों को सुनने एवं पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों को जांचने के उपरांत अदालत ने अभियुक्त रामादेवी और मैकू लाल को हत्या का दोषी पाया जिस पर आज जज शरीन जैदी ने दोनों आरोपियों को आजीवन कारावास सजा के साथ 65000 अर्थ दंड की सजा सुनाई है।

### स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत नये मतदाताओं को जागरुक करें : जिला निर्वाचन अधिकारी



ललितपुर। एकीकृत आलेख्य निर्वाचक नामावलियों का प्रकाशन 27 अक्टूबर को बूथलेविल एजेन्टों की नियुक्ति कर सूची उपलब्ध करायें राजनैतिक दल वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से मतदाता सूची में नाम सम्मिलित/विलोपन/संशोधन हेतु आवेदन करें राजनैतिक दलों के साथ इवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं अर्हता दिनांक 01.01.2024 के आधार पर निर्वाचक नामावलियों के विशेष पुनरीक्षण–2024 के सम्बंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत सोशल मीडिया पेज, वैन व अन्य माध्यमों से वृहद प्रचार–प्रसार कराया जाए, साथ ही राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि अपने कार्यकर्ताओं, एजेन्टों व उनके बच्चों को भी वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड करायें तथा उन्हें जागरुक करें। सभी राजनैतिक दल अपने बूथलेविल एजेन्टों की नियुक्ति कर सूची उपलब्ध करा दें।

# बीसलपुर में डेंगू बुखार का नहीं थम रहा है प्रकोप

बीसलपुर। क्षेत्र में डेंगू बुखार का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है। आधा दर्जन से अधिक लोग डेंगू बुखार की चपेट में आ गए हैं।

बीसलपुर क्षेत्र में पिछले एक महा से डेंगू बुखार ने अपने पांव पसार लिए हैं। नगर में सबसे अधिक डेंगू बुखार का प्रकोप बना हुआ है। मोहल्ला हबीबुल्ला खां जनूवी निवासी एसआरएम इंटर कॉलेज के लिपिक अकरम यार खान की पत्नी म्युनिसिपल बोर्ड जूनियर हाई स्कूल की प्रधानाध्यापका अफसीन की डेंगू बुखार से मृत्यु हो जाने के बाद इस मोहल्ले में भी डेंगू बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है मोहल्ले के बबलू ,यासीन अनवरी बेगम तेज बुखार की चपेट में आ गई हैं। डेंगू बुखार की चपेट में आए मोहल्ला ग्यासपुर निवासी निजाम, मीरपुर निवासी सफिया पुत्री



मोवीन, पटेल नगर कॉलोनी निवासी अवधेश कुमार, ग्राम गोवलपतीपुरा निवासी अनीता पत्नी कृष्ण पाल, संतोष रस्तोगी की पुत्री रिया सहित आधा दर्जन लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपना उपचार कर रहे है। चिकित्सालय में बुखार से आने वाले मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी तेज बुखार से बड़ी संख्या में लोग पीड़ित चल रहे हैं ग्राम खनंका में आधा दर्जन से अधिक ग्रामीण तेज बुखार से पीड़ित चल रहे हैं। प्राइवेट चिकित्सालयो में भी बड़ी संख्या में बुखार से पीड़ित मरीज अपना उपचार करा रहे हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आलोक कुमार ने चिकित्सालय में आने वाले बुखार से पीड़ित मरीजों के उपचार में किसी भी तरह की लापरवाही न बरतें व प्रभावित क्षेत्र में लगातार टीमों को भेज कर स्वास्थ्य परीक्षण करने के निर्देश अधीक्षक डॉक्टर लेखराज को दिए हैं दिए हैं। बुखार से मरने वाले लोगों की घरों पर टीमों को भेज कर परिजनों स्वास्थ्य परीक्षण कराने की हिदायत दी। पैथोलॉजी लैब में असिस्टेंट राम मिलन मौर्य, द्वारा संभावित डेंगू बुखार प्रभावित मरीजों की किट से जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि दिन में 100 से अधिक मरीज बुखार की जांच कराने लैब पर आ रहे हैं। किसान नेता देव स्वरूप पटेल ने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक को पत्र भेजकर बीसलपुर क्षेत्र में फैल रहे डेंगू बुखार की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाए जाने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में कीटनाशक दवा का सही तरीके से छिड़काव नहीं हो रहा है और न ही मरीजों को सरकारी सुविधाओं का उचित लाभ मिल पा रहा है। सरकारी चिकित्सालय में अव्यवस्थाओं के बीच मरीजों को उपचार करना पड़ रहा है।

# शराब के सेल्समैन की गोली मारकर हत्या करने वाले दो गिरफ्तार

गाजीपुर । गहमर थाना क्षेत्र के भतौरा में बीते 19 तारीख की देर रात अज्ञात बदमाशों ने शराब के सेल्समैन को गोली मारकर हत्या कर दी थी। दरअसल भतौरा गांव में शराब के ठेके पर सेल्समैन को अज्ञात बदमाशों ने गोली मार दी थी। जिससे सेल्समैन गम्भीर रूप से घायल हो गया। वहीं भतौरा गांव में गोली चलने की घटना की जानकारी होते ही मौके पर गहमर थाने की पुलिस पहुंचीं जहां से पुलिस ने गम्भीर रूप से घायल सेल्समैन को जिला अस्पताल लेकर आये। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज कर गंभीर रूप से घायल सेल्समैन को बेहतर इलाज के लिए वाराणसी ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। जहां पर इलाज के दौरान सेल्समैन की मौत हो गई।

इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल हो गया था वहीं घटना के



बाद घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने अपराधियों का जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने का आदेश भी दिया था अपराधियों ने सेल्समैन को गोली मार कर घायल कर कैस के साथ ही मोबाइल को भी लूटकर फरार हो गए थे इस संबंध में पुलिस संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी तभी आज स्वाट सर्विलांस टीम और प्रभारी निरीक्षक गहमर की संयुक्त टीम को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि टीवी रोड स्थित मगर खाई मोड़ से के पास दो व्यक्ति खड़े हैं सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को दबोच लिया पकड़े गए अभियुक्त की पहचान शैलेंद्र सिंह यादव पुत्र सुरेंद्र सिंह यादव निवासी ग्राम सोनपा थाना राजपुर बिहार और सुनील सिंह यादव पुत्र रमेश सिंह यादव निवासी पलिया राजपुर बिहार के रूप में हुआ है।

पकड़े गए अपराधियों के पास से एक तमंचा दो जिंदा कारतूस और लूट की घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई पूछताछ में पकड़े गए अभियुक्तो ने बताया कि हम दोनों और हमारे तीसरे दोस्त सत्येंद्र सिंह सत्या ने इसी मोटरसाइकिल से देसी शराब की दुकान भतौरा पहुंचे थे जहां पर शराब लेने के बहाने सेल्समैन से दरवाजा खुलवाया और सेल्समेन से कहा कि जितना रुपया हो हमें दे दो जिस पर वह विरोध करने लगा तो हम लोगों के द्वारा तमंचे से सेल्समैन को गोली मार दिया और कैश बॉक्स से 72680 रुपए लेकर सेल्समैन के मोबाइल को भी लेकर फरार हो गए थे। इस संबंध में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए गाजीपुर के पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि सेल्समैन की गोली मारकर हत्या करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है बिहार से उनके घटनाक्रम की जानकारी प्राप्त की जाएगी घटना में प्रयुक्त हथियार और मोटरसाइकिल भी बरामद हुई है संबंधित धाराओं में कार्यवाही की जा रही है।

### यातायात पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान




ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुस्ताक के निर्देशन में बुधवार को यातायात पुलिस ने शहर के वर्णी चौराहे स्टेशन रोड पर क्षेत्राधिकारी इमरान अहमद के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। व हेलमेट जागरूकता अभियान चलाया गया। शहर के आम नागरिकों, राहगीरों, व्यापारियों को यातायात नियमों के पालन के लिए समझाइश दी। यातायात पुलिस ने आम नागरिकों को वाहन से संबंधित सभी कागजात के महत्व को बताते हुए ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, बीमा, फिटनेस, प्रदूषण कार्ड अपडेट रखने की सलाह दी। क्षेत्राधिकारी इमरान अहमद ने बताया कि अक्सर देखा जाता है। कि वाहन के जरूरी कागजात के अभाव में किसी भी प्रकार की सड़क दुर्घटना होने पर बीमा कंपनी मुआवजा देने से साफ इनकार कर देती हैं, जिससे पीड़ित व्यक्ति/परिवार को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जागरूकता अभियान के तहत यातायात पुलिस द्वारा शहर के मुख्य चौराहों पर बाजार में घूम–घूमकर दुपहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने, तीन सवारी नहीं चलने, चारपहिया वाहन चालकों को सीटबेल्ट पहनने,ओवर स्पीड में वाहन नहीं चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने व नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने न देने की अपील की गई।

### सोशल मीडिया पर हर्ष फायरिंग का वीडियो हुआ वायरल, आरोपी गिरफ्तार

ललितपुर । पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो जिसमें युवक द्वारा हर्ष फायरिंग की गयी जिसको तत्काल गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से एक अदद रिवाल्वर व 01 जिन्दा कारतूस 32 बोर व 03 खोखा कारतूस 32 बोर बरामद हुए । जिसके आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली में मु0अ0सं0 844/23 धारा 336 भादवि व 30 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# जनपद स्तरीय गोष्ठी में कृषि तकनीकी के बताए गुर

ललितपुर*। कृषि सूचना तंत्र के सुदृढीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम वर्ष 2023 के अन्तर्गत पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेन्ट ऑफ खरीफ क्राप्स विषय पर तकनीकी जानकारी प्रदान करने हेतु जनपद स्तरीय गोष्ठी का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र खिरिया मिश्र ललितपुर में किया गया। कार्यक्रम में के प्रारम्भ में तरूण जामकर वि0व0विशे0 द्वारा गोष्ठी में उपस्थित समस्त अधिकारीगणों एवं



किसान भाइयों का स्वागत किया गया तदोपरान्त श्री जामकर द्वारा कृषकों को कटाई उपरान्त मूल्य सवर्धन हेतु अनाज की ग्रेडिंग करना आवश्यक है जिससे बाजार में उपज का उचित मुख्य मिल सके, साथ ही यह भी अवगत कराया कि यदि बाजार में विक्रय करने या उचित मूल्य में कोई समस्या आती है तो कृषक अपना उत्पाद कृषक उत्पादक सगठनों को भी विक्रय कर सकते हैं। कृषक अपना स्वयं का एफ0पी0ओ0 गठित कर अपने उपज की ग्रेडिंग एवं पैकजिग कर उचित मूल्य पर विक्रय कर अपनी अमदनी में वृद्धि रि सकते हैं। डॉ मुकेश चन्द्र अध्यक्ष/वरि0 वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा कृषकों को मक्का की अलग–अलग प्रजाति जैसे पॉपकार्न, स्वीट कार्न, बेबीकार्न को बोकर उसकी उपज को बाजार को विक्रय करने पर उपज का उचित मूल्य मिलेगा।